आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* ऋषि पंचमी”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 243 | उज्जैन, मंगलवार 15 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद शुक्ल 5 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## दिशा सालियान की मौत पर सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की

### सुशांता सिंह राजपूत की मैनेजर थीं दिशा, पहली 2 जांच में सुसाइड बताया गया

एजेंसी ▸▸ मुंबई

एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले में सीबीआई ने सोमवार को एफआईआर दर्ज की है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2 सितंबर को दिशा के पिता की याचिका पर सीबीआई जांच के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने मुंबई पुलिस की जांच पर सवाल उठाते हुए कहा था कि छह साल तक एफआईआर दर्ज नहीं करना और मामले को सिर्फ हादसे के रूप में देखना कई सवाल खड़े करता है। दिशा की मौत 8 जून 2020 को मुंबई के मलाड में एक इमारत की 14वीं मंजिल से गिरने से हुई थी। घटना के छह दिन बाद, 14 जून 2020 को सुशांत सिंह भी मुंबई के बांद्रा स्थित अपने अपार्टमेंट में मृत मिले थे। दिशा केस की शुरूआती जांच करीब तीन महीने में बंद कर दी गई थी। अक्टूबर 2020 में पुलिस ने मौत को सुसाइड बताया था। वहीं दिसंबर 2023 में केस दोबारा खोला गया और एसआईटी बनाई गई। इसमें भी आत्महत्या की बात कही गई थी।



### पिता का आरोप- केस को दबाने की कोशिश की गई

दिशा के पिता सतीश सालियान का आरोप है कि दिशा के साथ गैंगरेप और हत्या हुई और मामले को दबाने की कोशिश की गई। उन्होंने आदित्य ठाकरे समेत अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर की मांग की थी। उन्होंने कहा- मैं 6 साल से इसका इंतजार कर रहा था। खुश होने की कोई वजह नहीं है। मैंने अपनी बेटी को खोया है। आज मुझे राहत महसूस हो रही है। मैंने हाथ जोड़कर जज के प्रति आभार जताया।

**वकील ने कहा था- आदित्य ठाकरे सूरज पंचोली पर एफआईआर होगी-** सतीश सालियान के वकील निलेश ओझा ने कहा था कि जिन लोगों के खिलाफ जांच में सबूत मिलेगा, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। अगर किसी व्यक्ति के खिलाफ सबूत नहीं मिलता है तो उसे आरोपी नहीं बनाया जाएगा। ओझा के मुताबिक, एफआईटार में आदित्य ठाकरे, सूरज पंचोली, डीनो मोरिया, आदित्य ठाकरे के बॉडीगार्ड, रिया चक्रवर्ती, परमबीर सिंह, उद्धव ठाकरे, सचिन वाजे और पिछली एसआईटी के उन सदस्यों के नाम भी आरोपी के तौर पर दिए गए हैं, जिन पर मामले को दबाने का आरोप है।

श्वेत क्रांति के जनक ने ईमानदारी से दूध बढ़ाया, आज शैंपू-यूरिया से बढ़ रहा उत्पादन

## प्रदेश में मवेशी, पशु घटे-दूध बढ़ा कैसे ?

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

वर्ष 1970 में डॉ. वर्गीस कुरियन ने श्वेत क्रांति शुरू की तो मंत्र था - एक किसान, एक गाय, एक सहकारी समिति। उन्होंने मिल्क पाउडर से देश की कमी पूरी करना सिखाया, नकली दूध बनाना नहीं। आज मध्यप्रदेश में उसी क्रांति के नाम पर काला कारोबार जारी है।

सरकारी आंकड़ा कहता है 2014-15 में 10.8 मिलियन मेट्रिक टन से 2023-24 में 21.32 मिलियन मेट्रिक टन बढोतरी बताई जा रही है जो, 97.4% है। 5 साल में 33.27 लाख मेट्रिक टन बढ़ोतरी का दावा किया जा रहा है। प्रति व्यक्ति उपलब्धता 387 ग्राम से बढ़कर 673 ग्राम प्रतिदिन बताई जा रही है। मुख्यमंत्री खुद कह रहे हैं राष्ट्रीय हिस्सेदारी 9% से 20% करनी है, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से करार हो गया।




**कुरियन के अमूल मॉडल से 10.8 से 21.32 मिलियन टन तक पहुंचा**

### कुरियन के समय पशु बढ़े, दूध बढ़ा, अब पशु घटे, दूध बढ़ा

कुरियन ने कहा था दूध किसान का भरोसा है। आज उसी में यूरिया घोला जा रहा है। ये श्वेत क्रांति नहीं, केमिकल क्रांति है। सामने आ रहे आंकडों के अनुसार सवाल उठ रहा है आखिर दूध बढ़ा कैसे? इसका जवाब जो सामने आ रहा है उसमें एफएसएसएआई की पुरानी सर्वे में 68.4% सैंपल मानकों पर फेल मिले थे, जिसमें डिटर्जेंट 8.4% सैंपल में मिला था। 2024-25 में ही 33,405 सैंपल टेस्ट में 12,780 सैंपल फेल मिले और 12,057 केस दर्ज हुए लोक सभा में सरकार ने खुद इसे माना है। गुजरात के साबरकांठा में इसी साल रैकेट पकड़ा गया है जो 300 लीटर असली दूध से 1700-1800 लीटर नकली दूध बनाया जा रहा था, जिसमें मिल्क पाउडर, कास्टिक सोडा, रिफाइंड पामोलीन ऑयल, सोयाबीन ऑयल, डिटर्जेंट पाउडर और यूरिया खाद मिलाई जा रही थी। यही फॉर्मूला प्रदेश में भी इस्तेमाल होने की स्थिति से इंकार किया जाना मुश्किल है। नकली दुध बनाने में शैंपू झाग के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है और यूरिया एनएनएफ बढ़ाने के लिए। जांच के दौरान लैब में दूध के अंदर वेजिटेबल ऑयल, डिटर्जेंट, हाइड्रोजन पेरोक्साइड, फॉर्मेलिन, यूरिया, स्टार्च, बोरिक एसिड, अमोनियम सल्फेट जैसे तत्व सामने आए है।

### दूध देगा कौन?

20वीं पशुगणना 2019 में प्रदेश में मवेशी 19.6 मिलियन से घटकर 18.7 मिलियन पर आ गए। इसमें 4.42% गिरावट दर्ज की गई है। देसी गाय देशभर में 6% घटी है। 2019 के बाद गिनती ही नहीं की गई है। हाल यह हैं कि इंदौर-उज्जैन-देवास में 70% छोटे कलेक्शन सेंटर बंद हो चुके हैं। भूसा-खली 100% महंगी हो गई है और इसमें बढोतरी का दौर जारी है। गिर गाय की कीमत 1.5 लाख के पार जा रही है ऐसे में किसान इन्हें बेच रहा है।

### संदर्भ एवं आधार- फस्सी एवं पीआईबी से जारी आंकडे

**दूध 12 रुपए प्रति फैट एवं 70रू. प्रति लीटर करने की मांग-** दूध उत्पादक किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ, जिला उज्जैन के बैनर तले बड़ी संख्या में किसानों ने रैली निकाली। कोठी रोड से रैली के रूप में किसान नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने दूध का भाव बढ़ाकर रुपए 70 प्रति लीटर तथा रुपए 12 प्रति फैट किए जाने की मांग की।

**सब कुछ महंगा लेकिन दूध के दाम नहीं बढ़े-** किसानों ने बताया कि वर्तमान में पशुपालन की लागत लगातार बढ़ रही है। पशु आहार, खली, भूसा, हरा चारा, दवाई, पशु चिकित्सा, मजदूरी, बिजली, पानी और डीजल सहित अन्य खर्च बढ़ने के बावजूद किसानों को दूध का उचित एवं लाभकारी भाव नहीं मिल रहा है। इसके चलते कई किसान कर्ज के बोझ में आ गए हैं और कुछ किसानों को अपनी जमीन तक बेचने की स्थिति का सामना करना पड़ा है। शासन की ओर से पूर्व में दूध के रेट बढ़ाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इसी के चलते किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर जल्द समस्या का निराकरण करने की मांग की है। ज्ञापन में मांग की गई कि दूध उत्पादक किसानों को रुपए 70 प्रति लीटर का लाभकारी भाव तथा रुपए 12 प्रति फैट निर्धारित किया जाए। दूध का भाव तय करते समय पशुपालन में आने वाली वास्तविक लागत को आधार बनाया जाए। साथ ही किसानों से खरीदे जाने वाले दूध के भाव और दुग्ध संघ द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पादों के विक्रय मूल्य में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

**किसान संघ की चेतावनी-** भारतीय किसान संघ ने चेतावनी दी कि ज्ञापन प्राप्त होने के सात दिवस के भीतर दूध का भाव रुपए 70 प्रति लीटर और रुपए 12 प्रति फैट करने संबंधी ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन द्वारा लोकतांत्रिक एवं कानूनसम्मत तरीके से चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। आंदोलन की स्थिति उत्पन्न होने पर इसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

सेवा संकल्प अभियान

## पीएम मोदी के प्रति आभार का प्रकटीकरण : डॉ. यादव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर को आने वाले जन्मदिवस पर उज्जैन स्थित महाकाल महालोक सहित संपूर्ण प्रदेश में 58 लाख आशीर्वाद के दीपक प्रज्वलित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक मोदी ने गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्ग को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है। प्रदेशवासियों द्वारा किया जा रहा यह दीप प्रज्वलन प्रधानमंत्री मोदी के सेवा और जिम्मेदारी के 25 वर्षों के प्रति आभार का प्रकटीकरण है। वस्तुतः हम ऐसे व्यक्तित्व की 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा यात्रा का स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने जीवन को सेवा का माध्यम माना।

## राष्ट्रपति द्वारा स्नेहा सोलंकी सम्मानित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

टाटा बिल्डिंग इंडिया कंपनी द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता में नेशनल विनर बनकर श्री गुजराती रामी माली समाज उज्जैन की बेटी स्नेहा सोलंकी पिता योगेश सोलंकी लक्कड़गंज मालीपुरा राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित की गई।

## देश विदेश

### देश में 9.78 फीसदी से बढ़कर 9.92% हुई थोक महंगाई दर

**नई दिल्ली।** देशवासियों को अगस्त के महीने में महंगाई का झटका लगा। इस दौरान ईंधन से लेकर खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ गए। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में थोक महंगाई दर 9.78 फीसदी से बढ़कर 9.92 प्रतिशत हो गई। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई अगस्त 2026 के लिए 9.92 प्रतिशत रही, जो जुलाई में 9.78 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया कि अगस्त 2026 में सभी वस्तुओं का थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) 110.8 रहा, जबकि जुलाई में यह 110.0 था। आंकड़ों से पता चलता है कि प्राथमिक वस्तुओं, ईंधन एवं ऊर्जा तथा विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी का समग्र महंगाई पर असर पड़ा।

### ऑपरेशन सिंदूर में 314 किमी दूर पाकिस्तानी विमान गिराया था

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना के एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के अंदर 314 किमी की दूरी पर उड़ रहे एक विमान को मार गिराया था। रक्षा मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने एयरस्पेस खुला रखा और सिविल फ्लाइट्स भी चलती रहीं। इससे नागरिक विमानों के निशाना बनने का खतरा था। लेकिन एयरफोर्स ने पाकिस्तानी सैन्य विमानों को पहचानकर मार गिराया। रिपोर्ट में गिराए गए विमान को स्पेशल मिशन एयरक्राफ्ट कहा गया है। हालांकि, वायुसेना के अफसर पहले बता चुके हैं कि यह पाकिस्तान का अवोक्स विमान था, जो हवा में खतरे और टारगेट की एकसाथ पहचान करता है।

### ममता बनर्जी के 20 बागी सांसदों में से 17 भाजपा में जाएंगे

**कोलकाता।** ममता बनर्जी से अलग हुए टीएमसी के 20 बागी सांसदों में से 17 सांसद अक्टूबर में दुर्गा पूजा से पहले या बाद भाजपा में शामिल होंगे। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने कूच बिहार सांसद जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया के हवाले से यह खबर दी। रविवार को कोलकाता में पत्रकारों से बातचीत में बसुनिया ने दावा किया कि हम 17 सांसद एक साथ बीजेपी में जा रहे हैं। चूंकि 20 सदस्यों में से दो-तिहाई से ज्यादा सांसद साथ जाएंगे, इसलिए दल-बदल कानून हम पर लागू नहीं होगा। बंगाल में टीएमसी की हार के बाद 14 जून को बागी सांसदों ने ममता का साथ छोड़ दिया था। इन सांसदों ने त्रिपुरा की स्थानीय पार्टी एनसीपीआई में विलय किया और एनडीए को समर्थन देने का ऐलान किया।

### सोहेल खान के घर हुई गणपति पूजा



अर्पिता-अलवीरा, मां सलमा समेत पूरा खान परिवार पहुंचा

**मुंबई।** मुंबई में गणेशोत्सव की धूम के बीच अभिनेता सोहेल खान के घर भी गणपति पूजा का आयोजन किया गया। इस खास मौके पर खान परिवार के कई सदस्य एक साथ नजर आए। अर्पिता खान शर्मा, अलवीरा खान अग्निहोत्री और मां सलमा खान सोहेल के घर गणपति बप्पा के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचीं। परिवार ने पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ बप्पा का स्वागत किया। इस दौरान घर पर धार्मिक माहौल देखने को मिला। अर्पिता और अलवीरा पारंपरिक अंदाज में नजर आईं, वहीं सलमा खान भी परिवार के साथ गणपति पूजा में शामिल हुईं। सलमान भी शाम की आरती में शामिल हो सकते हैं। खान परिवार हर साल गणेशोत्सव को खास अंदाज में मनाता है। ऐसे में सोहेल खान के घर हुई इस पूजा में परिवार की एकजुटता और बप्पा के प्रति आस्था साफ नजर आई। सलमान खान की बहन अर्पिता खान शर्मा हर साल गणपति बप्पा की स्थापना करती हैं। बीते साल सलमान खान समेत पूरा खान परिवार उनके घर गणेश आरती में शामिल हुआ था। सलमान खान का परिवार हर साल गणेशोत्सव में चर्चा में रहता है। सोहेल खान, अर्पिता खान के घर गणपति स्थापना होती है और विसर्जन में पूरा परिवार साथ नजर आता है।

### नैनो न्यूज

- **मुंबई** : आरडी में हर महीने 2000 का निवेश बनाएगा लखपति, पोस्ट ऑफिस इस पर 6.7% ब्याज दे रहा।
- **मुरादाबाद** : फैक्ट्री में भीषण आग लगने से 2 किमी दूर से दिखाई दिया धुएं का गुबार, आसपास का इलाका खाली कराया।
- **गोवा** : पत्रकार तरुण तेजपाल का कोर्ट में सरेंडर, जेल गए, सुप्रीम कोर्ट ने याचिका ठुकराई थी, 2013 रेप केस में 10 साल की सजा मिली।
- **नई दिल्ली** : सेना की रिपोर्ट- एलएसी पर चीन ने सैनिक घटाए, 2025 में 12 पाकिस्तानी आतंकी मारे गए, एलओसी पर सीजफायर उल्लंघन 2 से बढ़कर 163 हुए।
- **पंजाब** : स्कूल बस की पीआरटीसी बस से भिड़ंत, 10 से 15 बच्चे घायल, ड्राइवर की टांगें टूटीं।
- **नई दिल्ली** : शाह ने कहा, हिंदी का दूसरी भाषाओं से कॉम्पिटिशन नहीं, विविधता देश की ताकत, युवा दुनियाभर की भाषाएं सीखें, लेकिन अपनी मातृभाषा न छोड़ें
- **नई दिल्ली** : एनटीए डीजी ने कहा- नीट जल्द कंप्यूटर बेस्ड परीक्षा होगी, एआई से नकल रोकने पर भी काम जारी।

## उमर खालिद पर बनी डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग टली

### बेंगलुरु में नेशनल लॉ स्कूल में कल दिखाई जानी थी, एबीवीपी ने विरोध किया था

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु



बेंगलुरु की नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी ने उमर खालिद पर बनी डॉक्यूमेंट्री प्रिजनर नंबर 626710 इज प्रेजेंट की स्क्रीनिंग टाल दी है। यह डॉक्यूमेंट्री ललित वाचानी ने बनाई है। स्क्रीनिंग 14 सितंबर को यूनिवर्सिटी में होनी थी। ठछरक्व की एंड सोसाइटी कमेटी ने स्क्रीनिंग टालने के पीछे 'लॉजिस्टिक और सुरक्षा संबंधी कारणों' का हवाला दिया। दरअसल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शनिवार को एनएलएसआईयू मैनेजमेंट से स्क्रीनिंग रद्द करने की मांग की थी। दिल्ली दंगे का आरोपी उमर खालिद जेएनयू का पूर्व छात्र है। वह सितंबर 2020 से तिहाड़ जेल में बंद है। दिल्ली में फरवरी, 2020 में हिंसा भड़की थी। इसमें 53 लोगों की मौत हुई थी।

## लंदन में पहली बार गंगा आरती

### थेम्स नदी के किनारे वाराणसी घाटों जैसी झलक



एजेंसी ▸▸ लंदन

लंदन में रविवार को पहली बार थेम्स नदी के किनारे गंगा आरती का आयोजन हुआ। इस आरती में हजारों लोग शामिल हुए थे। भजन और मंत्रों के जाप के साथ हुई आरती ने थेम्स के किनारे वाराणसी के घाटों जैसी झलक दिखाई। चिन्मय मिशन यूके ने टोटली थेम्स फेस्टिवल के साथ मिलकर यह आयोजन किया। यह चिन्मय मिशन के 75 साल पूरे होने के मौके पर हो रहे कार्यक्रमों का हिस्सा था। आरती के जरिए नदी, प्रकृति और जीवन के लिए आभार जताया गया। फीडबैक को देखते हुए थेम्स नदी के किनारे गंगा आरती हर साल आयोजित की जा सकती है। कार्यक्रम में भजन, मंत्रोच्चार और संगीत प्रस्तुतियां हुईं। बड़ी संख्या में लोगों ने आरती में हिस्सा लिया और दिए जलाकर नदी के लिए सम्मान जताया।

## बलूचिस्तान में गैस विस्फोट से 4 मजदूरों की मौत

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक बार फिर कोयला खदान में हादसा हुआ है। हरनाई जिले में गैस विस्फोट के कारण चार खनिकों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल बताए जा रहे हैं।

घटना ने खदानों में सुरक्षा इंतजामों को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, रविवार को हरनाई जिले की एक कोयला खदान के अंदर गैस जमा हो गई थी। इसी दौरान हुए विस्फोट में कई मजदूर इसकी चपेट में आ गए। हादसे की सूचना मिलते ही पाकिस्तान सेना की बचाव टीम मौके पर पहुंची और राहत अभियान शुरू किया। मिली जानकारी के मुताबिक बचावकर्मियों ने खदान के भीतर से चार श्रमिकों के शव बरामद किए।

आतंकियों की नई रेड बुक में अजहर को एक बार फिर भगोड़ा घोषित किया

## पाकिस्तान ने मसूद पर इनाम बढ़ाकर 70 लाख किया

### भारतीय संसद, पठानकोट-पुलवामा हमले में आरोपी, एफएटीए की बैठक से पहले एक्शन

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने भारतीय संसद पर हमले के आरोपी जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर पर इनाम बढ़ाकर 70 लाख पाकिस्तानी रुपए कर दिया है।

पाकिस्तान की फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने आतंकियों की नई रेड बुक में अजहर को एक बार फिर भगोड़ा घोषित किया है। यह कार्रवाई अक्टूबर में होने वाली फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की बैठक से पहले की गई।

एफआईए ने अजहर को 2021 में भी भगोड़ा घोषित किया था और 50 लाख इनाम रखा था। मसूद अजहर भारत में संसद के अलावा 2016 पठानकोट एयरबेस हमले और 2019 पुलवामा अटैक में भी आरोपी है।

### मसूद को कंधार विमान हाईजैक के बाद रिहा किया था



24 दिसंबर 1999 को इंडियन एयरलाइंस का काठमांडू से दिल्ली आ रहे विमान का अपहरण कर लिया गया। विमान को पहले अमृतसर, लाहौर, दुबई और कंधार पहुंचाया गया। मसूद अजहर उस समय भारत की जेल में बंद था। वह हरकत-उल-अंसार से जुड़ा आतंकवादी था और 1994 में जम्मू-कश्मीर में गिरफ्तार किया गया था। कंधार पहुंचने के बाद हाईजैकर्स ने उसकी रिहाई की मांग की। भारत ने 31 दिसंबर 1999 को आतंकी मसूद अजहर, अहमद उमर सईद शेख और मुश्ताक अहमद जरगर को रिहा किया। इनके बदले विमान में बंधक यात्रियों और क्रू को मुक्त कराया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के रिकॉर्ड में बताया गया कि मसूद अजहर ने 1999 में भारतीय जेल से रिहा होने के बाद जैश-ए-मोहम्मद की स्थापना की। भारत के खिलाफ सक्रिय प्रमुख आतंकवादी संगठन बन गया।

पाकिस्तान पहले एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में रह चुका है। इस दौरान उस पर आतंकी फंडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ कार्रवाई करने का अंतरराष्ट्रीय दबाव था। अक्टूबर 2022 में एफएटीएफ ने पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट से बाहर कर दिया था। अब अक्टूबर में एफएटीएफ की बैठक होने वाली है। ऐसे में मसूद अजहर जैसे आतंकी के खिलाफ कार्रवाई की घोषणा पाकिस्तान के लिए अहम मानी जा रही है।



दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
METROPOLITAN


## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### पीएनजी की धीमी पड़ी चाल

प्राकृतिक गैस से घरेलू चुल्हे जलाने के लिए सालों पहले शहर में इसका स्टेशन शुरू किया गया और उसकी पाइप लाइन डालने के काम को भी अंजाम दिया गया। इसके लिए शहरवासियों ने गड्ढों का संकट भी सहा और लाइन डलने के दौरान कई तरह की समस्याओं से भी जुझे हैं। पीएनजी घरों के लिए सस्ती, सुरक्षित भी है और हवा से हल्की होने के कारण तुरंत उड़ जाती है। संबंधित कंपनी ने प्रारंभिक दौर में जिस गति से काम किया कालांतर में वह धीमी होती गई और शहर के अन्यानेक हिस्सों में इसके कनेक्शनों को लेकर आमजन बाट जोह रहा है। पेट्रोलियम गैस और उसकी टंकी के लिए बीते दिनों में आमजन ने संकट भोगा है। उसके बाद के हालातों में प्राकृतिक गैस के कनेक्शनों को लेकर जो गति शहर में आना चाहिए थी वह अब भी नहीं देखी जा रही है। खास तो यह है कि जिन क्षेत्रों में चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है वहां भी इसकी गतिविधि नाम मात्र को ही देखी जा रही है। खास तो यह है कि जिन क्षेत्रों में इसके कनेक्शनों के लिए उपभोक्ताओं ने सालों पहले आवेदन किए थे उनके यहां सालों बाद तक कनेक्शन नहीं दिए गए हैं। उपभोक्ताओं ने सालों पहले आवेदनों के साथ पैसा भी जमा किया था लेकिन अब तक उन्हें कनेक्शन नहीं मिलना प्रशासनिक नजरअंदाजी के रूप में भी देखा जा रहा है। प्राकृतिक गैस के कनेक्शनों को लेकर एवं कंपनी के विस्तार के साथ शहरी क्षेत्र में पाइप लाइन को जिस गति से बिछाया जाना चाहिए था उसे भी अंजाम नहीं दिया जा रहा है। इस पर भी निगरानी की स्थिति कमजोर ही देखी जा रही है। कंपनी के धीमी गति के काम के कारण अधिकांश उपभोक्ता पेट्रोलियम गैस पर निर्भर हैं जबकि वे प्राकृतिक गैस के स्त्रोत से जुड़ना चाहते हैं। खुसूर-फुसूर है कि आखिर क्या कारण रहा है कि प्राकृतिक गैस की लाइनों की संरचना शहर में धीमी हो गई और रहवासी क्षेत्रों में मांग के बावजूद इसके विस्तार और कनेक्शन देने की गति कमजोर पड़ गई है इसे लेकर प्रशासनिक स्तर पर समीक्षा की जरूरत आन पड़ी है। इसके प्रबंधन को लेकर भी जिस सजगता एवं तत्परता होनी चाहिए वह सामने नहीं है।

## नैनो न्यूज

- **चिमनगंज मंडी में** सार्वजनिक समितियों को बांटी मिट्टी की मूर्तियां, प्रभारी मंत्री और राज्यसभा सांसद ने दिलाई पर्यावरण संरक्षण की शपथ
- **जूना अखाड़ा नीलगंगा** में विराजे भगवान गणेश, संतों और भक्तों ने किया विधि-विधान से पूजन, प्रतिदिन होंगे सांस्कृतिक आयोजन
- **सम्राट विक्रमादित्य यूनिवर्सिटी** में इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी के युवराज का भव्य आगमन, विभागाध्यक्ष कमलेश दशोरा सहित शिक्षक और विद्यार्थी हुए शामिल
- **हिन्दी को राजभाषा** से राष्ट्रभाषा बनाने पर होगा विमर्श, प्रेमचंद सृजन पीठ और विक्रम विश्वविद्यालय की हिन्दी अध्ययनशाला का संयुक्त आयोजन, नामचीन साहित्यकार होंगे शामिल
- **पर्यूषण पर्व में** बाहर से आए विद्यार्थियों और नौकरीपेशाओं को मिलेगा शुद्ध भोजन, फ्रीगंज दिगंबर जैन समाज की पहल, आचार्य विद्यासागर अतिथि भवन में 10 दिन तक रहेगी निःशुल्क व्यवस्था
- **शहीदों की स्मृति में** 551 पौधे लगाने का संकल्प, दो मंदिर परिसरों में हुआ पौधारोपण, महामंडलेश्वर विजयानंद जी के सान्निध्य में रोपे पौधे
- **सद्गुरु कबीर साहिब** की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प, अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ का सम्मेलन संपन्न, दिल्ली में भव्य भवन के लिए सरकार से भूमि आवंटन की मांग
- **कालिदास अकादमी में** युवा संस्कृति और सिंहस्थ विषय पर आज होगा संवाद, अर्थ विधि द्वारा आयोजित परिचर्चा में प्रशासनिक अधिकारी और प्रबुद्धजन साझा करेंगे विचार
- **पर्यावरण संरक्षण** के संकल्प के साथ शहर के 300 सार्वजनिक पंडालों में विराजेंगे मिट्टी के गणेश, लोकमान्य तिलक महा आयोजन समिति आज चिमनगंज मंडी प्रांगण से करेगी मूर्तियों का वितरण
- **नवरत्न महिला मंडल** के आयोजन में बच्चों ने दिखाया धर्म-संस्कारों का सुंदर संगम
- **उज्जैन में** खुला मध्य प्रदेश का पहला जेरियाट्रिक अस्पताल, बुजुर्गों को एक ही छत के नीचे मिलेंगी सभी चिकित्सा सुविधाएं, 31 अक्टूबर तक मिलेगी विशेष छूट
- गूंजे तीर्थंकरों के प्रसंग, कल कल्पसूत्र का वाचन, अलौकिक चातुर्मास के तहत अरविंद नगर में जारी है धार्मिक आयोजन

## ट्रेंडिंग




# गणेश उत्सव: गाजे-बाजे के साथ पंडालों में विराजे विघ्नहर्ता

## गणेश चतुर्थी को लेकर शहर में दिखाई दिया उत्साह, नाचते-झूमते हुए बप्पा को लेकर गए और विराजमान किया



ब्राह्मण गली



मालीपुरा



कलाल सेरी



आर्य समाज मार्ग

## पूरे दिन गणपति बाबा मोरया मंगल मूर्ति मोरया के जयकारे गूंजे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सोमवार को गणेश चतुर्थी को लेकर शहर में काफी उत्साह दिखाई दिया। घर-घर में विघ्नहर्ता विराजमान हो गए हैं। इसके साथ ही गली मोहल्लों में भी भगवान गणेश की प्रतिमा विराजमान की गई । शहर में जगह-जगह गणपति बप्पा मोरया मंगल मूर्ति मोरया के जयकारे शुरू हो गए। लोग बैंड बाजे व गाजे बाजे के साथ नाचते झूमते हुए बाबा को लेकर गए।

शहर में घर घर सहित मुख्य चौराहों से लेकर गली मोहल्लों में पांडाल सजाए गए और उनमें बप्पा विराजमान हुए। श्रद्धालु बप्पा को ढोल नगाड़ों और डीजे पर भजनों के साथ नाचते घूमते हुए रंग गुलाल उड़ाते हुए लेकर गए। सभी स्थानों पर मुहूर्त के अनुसार ही बप्पा को विराजमान किया जा रहा था। बाजार मे गणेश जी की प्रतिमा छोटे से आकार से लेकर बड़े आकार की भी उपलब्ध थी। साथ ही अलग-अलग रूपों में प्रतिमा बनाई गईं हैं। भगवान गणेश की आराधना का 12 दिवसीय उत्सव सोमवार से शुरू हो रहा है। धार्मिक नगरी में घर-घर बप्पा की स्थापना के साथ शहर के सार्वजनिक स्थानों पर भी पांडालों में प्रतिमाएं विराजित की गई। भगवान गणेश की आराधना में किसी प्रकार का कोई खलल ना पड़े इसको लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है।

### पंडालों में 15 फीट की प्रतिमाएं

अनेक बड़े पंडालों में 10 से 15 फीट की प्रतिमाएं विराजित की जा रहीं हैं। खासकर महाराष्ट्रीयन स्टाइल में बनाई गई प्रतिमाएं, लालबाग के राजा, राजस्थानी पगड़ी वाली प्रतिमाओं सहित अन्य की मांग रही। गणेश प्रतिमा लेकर गाजे-बाजे के साथ गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे लगाते हुए युवा पंडालों तक पहुंचे। शाम तक पंडालों में विधिवत प्रतिमाएं विराजित की गई और अब चतुर्दशी तक शहर में उत्सव का माहौल रहेगा।

### कलालसेरी के युवराज शिव तांडव मुद्रा में

कलालसेरी क्षेत्र में कलालसेरी युवा मित्र मंडल द्वारा गणेश जी की विशाल व आकर्षक प्रतिमा विराजित की गई है यहां विराजित गणेश प्रतिमा लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। 1 लाख 80, हजार रुपए कीमत की विशाल व आकर्षक दिखने वाली गणेश जी की यह प्रतिमा लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां विराजित गणेश जी नंदी के ऊपर एक पैर पर खड़े हैं। आयोजकों ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से वह क्षेत्र में गणेश जी की स्थापना करते आ रहे हैं तथा इस बार भी गणेश जी की प्रतिमा देवास से मंगवाकर विराजित की गई है तथा प्रतिमा की खास विशेषता यह है कि यह गणेश प्रतिमा शिव स्वरूप में है और गणेश जी तांडव मुद्रा में नजर आ रहे है प्रतिदिन सुबह शाम आरती के पश्चात प्रसाद वितरित होगा, वहीं आने वाले दिनों में अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, साथ ही रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

### भाटगली के समीप ब्राह्मण गली में भी विराजे गणेश

भाटगली के पास ब्राह्मण गली में भी श्री कृष्ण नवयुवक मंडल द्वारा विशाल व आकर्षक दिखने वाली गणेश जी की प्रतिमा विराजित की गई है 70 हजार रुपए कीमत की यह गणेश जी की आकर्षक व सुंदर प्रतिमा महाराष्ट्र के भुसावल से मंगवाकर विराजित की गई है आयोजको ने आगे बताया कि 24 सितंबर को महाआरती के पश्चात क्षेत्र में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### आर्य समाज मार्ग पर विराजे गणेश जी मल्हार स्वरूप में

आर्य समाज मार्ग पर नंदकेश्वर नवयुवक मंडल द्वारा विशाल व आकर्षक दिखने वाली गणेश जी की प्रतिमा विराजित की गई है यहां विराजित गणेश जी मल्हार स्वरूप में है तथा आयोजकों ने बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से क्षेत्र में गणेश उत्सव मनाते आ रहे हैं आगे बताया कि आने वाले दिनों में गणेश जी के पंडाल पर महा आरती के पश्चात 56 भोग व प्रसादी का वितरण भी किया जाएगा।

### गणेश मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया

बाबा महाकाल की पावन धरा पर शिवपुत्र गणेशजी के जन्मोत्सव पर गौरीपुत्र के मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। सभी बप्पा के स्वागत के लिए पलक पांवड़े बिछाकर तैयारियों मे जुटे थे। गणेश चतुर्थी के पूर्व ही सभी गणपति मंदिरों की रंगाई, पुताई और विद्युत सज्जा की गई। कुछ मंदिरों मे आकर्षक द्वार व बंदनवार बांधी गई। फ्रीगंज मे आटो स्टेण्ड स्थित गणेश मंदिर को बहुत ही आकर्षक रूप मे सजाया गया। मंदिर के आसपास पौधे व गमले रखकर प्राकृतिक दृश्यांकन किया गया। गणेशजी का नयनाभिराम श्रृंगार सभी के आकर्षण का केन्द्र रहा। श्रद्धालु सुबह से ही बप्पा के दर्शन करते नजर आए। इस अवसर पर मोदक का नेवैद्य अर्पित कर वितरित किया गया।

# आज सप्तऋषि मंदिर में होगी विशेष पूजा-अर्चना

## शिप्रा स्नान के बाद सप्तऋषि भगवान की आराधना करेंगी महिलाएं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

धार्मिक नगरी उज्जैन के प्राचीन रामघाट पर स्थित सप्तऋषि महाराज का मंदिर श्रद्धा और आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है। ऋषि पंचमी के अवसर पर यहां विशेष धार्मिक महत्व देखने को मिलता है। मान्यता है कि इस दिन महिलाएं शिप्रा नदी में स्नान कर सप्तऋषि भगवान की पूजा-अर्चना करती हैं और परिवार की सुख-समृद्धि तथा अपने जीवन में सुख-शांति की कामना करती हैं।

ऋषि पंचमी के दिन प्रातःकाल से ही रामघाट सहित शिप्रा के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो जाती है। महिलाएं धार्मिक विधि-विधान के साथ शिप्रा में स्नान करती हैं। इसके बाद सप्तऋषि महाराज के मंदिर पहुंचकर भगवान




का पूजन, अभिषेक और आरती की जाती है। पूजा में पुष्प, अक्षत, रोली, धूप-दीप और नैवेद्य अर्पित कर सप्तऋषियों का स्मरण किया जाता है।

### सप्तऋषियों की आराधना की परंपरा

हिंदू धर्म में सप्तऋषियों का विशेष स्थान माना गया है। ऋषि पंचमी पर्व को सप्तऋषियों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और पूजा का पर्व माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन विधि-विधान से व्रत और पूजन करने से जाने-अनजाने में हुए दोषों से मुक्ति तथा पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी आस्था के चलते महिलाएं ऋषि पंचमी पर शिप्रा स्नान के बाद सप्तऋषि भगवान की आराधना करती हैं।

### रामघाट से जुड़ी प्राचीन धार्मिक परंपरा



रामघाट उज्जैन की धार्मिक पहचान का प्रमुख केंद्र है। यहां स्थित प्राचीन मंदिरों और देवस्थलों से अनेक धार्मिक परंपराएं जुड़ी हुई हैं। सप्तऋषि महाराज का मंदिर भी इन्हीं प्राचीन धार्मिक स्थलों में शामिल है। ऋषि पंचमी पर यहां होने वाला पूजन श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है। पर्व के दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण बनता है और महिलाएं समूह में पहुंचकर पूजा-अर्चना करती हैं। श्रीमती रमा गोस्वामी ने बताया कि ऋषि पंचमी के अवसर पर शिप्रा स्नान और सप्तऋषि पूजन की यह परंपरा उज्जैन की प्राचीन धार्मिक संस्कृति और आस्था को आज भी जीवंत बनाए हुए है।

## अखंड सौभाग्य की कामना से सौभाग्येश्वर महादेव की आराधना

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

महाकाल की नगरी उज्जैन में हरितालिका तीज का पर्व आस्था, श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। अखंड सौभाग्य, सुख-समृद्धि और मनचाहे वर की कामना से महिलाएं इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना की। सुहागिन महिलाएं पति की दीघार्यु और अखंड सौभाग्य की कामना से निर्जल व्रत रखती हैं, वहीं कुंवारी कन्याएं उत्तम एवं मनोवांछित वर की प्राप्ति के लिए हरितालिका व्रत करती हैं। दिनभर भजन-कीर्तन और शिव-पार्वती पूजन का क्रम चलता है।

पौराणिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। उनकी इसी तपस्या के फलस्वरूप उन्हें भगवान शिव वर के रूप में प्राप्त हुए। इसी मान्यता के चलते हरितालिका तीज का व्रत महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। पटनीबाजार स्थित प्राचीन सौभाग्येश्वर महादेव मंदिर हरितालिका तीज पर विशेष आस्था का केंद्र बन जाता है। पर्व के अवसर पर यहां महिलाओं की लंबी कतारें लगती हैं। मंदिर को विशेष रूप से सजाया तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पहुंच मार्ग पर बिजली और रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है मंदिर की पुजारी अंजना प्रवीण पण्डया ने दैनिक अवंतिका को बताया कि मंदिर की प्राचीनता का अनुमान इसके बलुआ पत्थर से निर्मित होने से लगाया जा सकता है। यहां स्थित शिवलिंग स्वयंभू माना जाता है। यह मंदिर प्राचीन महाकाल वन क्षेत्र में स्थित रहा है तथा प्रसिद्ध 84 महादेव मंदिरों में 61वें क्रम पर माना जाता है।

## बड़नगर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की अश्वरोही प्रतिमा का अनावरण

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर**

पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस सेवादल व शहर कांग्रेस सेवादल एवं समस्त कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा माँ कालिका की पावन धरा बड़नगर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की अश्वरोही प्रतिमा का अनावरण और शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और दूर-दराज से पधारे अतिथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में पधारे सभी प्रमुख अतिथियों का गांधी चौक पर स्थानीय जनों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर, साफा बांधकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। मुख्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने प्रतिमा स्थापना के पीछे के संघर्ष और प्रयासों को साझा किया। उन्होंने बताया कि बस स्टैंड पर महाराणा प्रताप जी की मूर्ति लगवाने के लिए करणी सेना के युवा साथी



उनके पास आए थे। इस मांग को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने विधानसभा सत्र निरस्त किया और नगर पालिका में मूर्ति स्थापना स्थल के लिए आधिकारिक ठहराव प्रस्ताव पारित करवाया। अपने कार्यकाल के दौरान राजपूत करणी सेना परिवार को 2 लाख रुपये की राशि प्रदान की, ताकि नगर की जनता महान योद्धा महाराणा प्रताप के जीवन दर्शन से प्रेरणा ले सके। पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के इन जनहित एवं प्रेरणादायक कार्यों से प्रभावित होकर कार्यक्रम में उपस्थित शिव (राजस्थान) के लोकप्रिय विधायक रविंद्र सिंह भाटी और करणी सेना के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर ने मंच से उनका विशेष सम्मान किया।

# बिना बिकी रह गई बड़ी संख्या में गणेश प्रतिमाएं

## अधिक दुकानें लगने से छोटे दुकानदारों को आर्थिक नुकसान, देर रात तक ग्राहकों की राह देखते रहे विक्रेता

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

गणेशोत्सव को लेकर शहर में इस वर्ष विघ्नहर्ता भगवान गणेश की विभिन्न आकार-प्रकार और आकर्षक स्वरूपों वाली प्रतिमाओं की बड़ी संख्या में दुकानें लगाई गईं। हालांकि अपेक्षा के अनुरूप बिक्री नहीं होने से कई दुकानदारों को निराशा हाथ लगी और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। सिंधी कॉलोनी चौराहा क्षेत्र में लगी कुछ दुकानों पर देर रात तक बड़ी संख्या में गणेश प्रतिमाएं बिना बिके रखी नजर आईं। ऐसी ही स्थिति फ्रीगंज बाजार में भी देखने को मिली।



शहर के पॉश माने जाने वाले क्षेत्रों में भी कई दुकानदार देर रात तक ग्राहकों का इंतजार करते रहे, लेकिन उन्हें अपेक्षित ग्राहक नहीं मिल सके। गणेश प्रतिमाओं की स्थापना का मुख्य समय प्रातः से दोपहर तक माना जाता है। हालांकि कामकाजी लोग शाम के समय भी प्रतिमा खरीदकर घरों में स्थापना करते हैं, लेकिन शाम ढलने के बाद बिक्री की संभावना काफी कम हो जाती है। ऐसे में जिन दुकानदारों की प्रतिमाएं देर शाम तक नहीं बिकीं, उनके सामने उन्हें वापस ले जाने की समस्या खड़ी हो गई।

### नाजुक होने से सालभर रखना भी मुश्किल

गणेश प्रतिमाओं को लंबे समय तक सुरक्षित रखना भी दुकानदारों के लिए बड़ी चुनौती है। अधिकांश प्रतिमाएं मिट्टी अथवा पीओपी से बनी होने के कारण नाजुक होती हैं और इनके खंडित होने का खतरा बना रहता है। ऐसे में बची हुई प्रतिमाओं को पूरे वर्ष सुरक्षित रखना आसान नहीं होता। नाम न छापने की शर्त पर कुछ दुकानदारों ने बताया कि गणेश प्रतिमाओं की मांग तो हर वर्ष रहती है, लेकिन इस बार शहर में अपेक्षाकृत अधिक संख्या में दुकानें लगने से बिक्री कई दुकानदारों में बंट गई। खासकर छोटे दुकानदारों को इसका सीधा असर झेलना पड़ा। बड़ी संख्या में प्रतिमाएं बिना बिके रह जाने से उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है, जिससे दुकानदार मायूस हैं।

राजस्थान सरकार द्वारा लिए गए निर्णय का जैन समाज ने किया स्वागत

# जैन पर्वों पर राजस्थान में मांस बिक्री और बूचड़खाने बंद, मध्यप्रदेश में भी आदेश की मांग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



जैन समाज के प्रमुख अहिंसा एवं जीवदया पर्वों को लेकर राजस्थान सरकार द्वारा लिए गए निर्णय का जैन समाज ने स्वागत किया है। राजस्थान सरकार ने 15 सितंबर 2026 को पर्युषण पर्व एवं संवत्सरी, 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी तथा 27 सितंबर को क्षमावाणी पर्व के अवसर पर प्रदेश के बूचड़खानों तथा मांस-मछली की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है।

राजस्थान सरकार के इस निर्णय का राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ के राष्ट्रीय प्रचारक राजेश जैन दद्दू, मयंक जैन एवं राकेश गोहिल ने स्वागत करते हुए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। राजेश जैन दद्दू ने कहा कि जैन धर्म का मूल सिद्धांत अहिंसा परमो धर्मः है। पर्युषण, संवत्सरी और क्षमावाणी आत्मशुद्धि, क्षमा एवं जीवदया के पर्व हैं। इन पवित्र अवसरों पर जीव हिंसा पर रोक लगाना जैन समाज की धार्मिक भावनाओं के सम्मान के साथ ही भारतीय संस्कृति की जियो और जीने दो की भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार का यह निर्णय सभी धर्मों की भावनाओं के सम्मान का संदेश देता है और करोड़ों शाकाहारी एवं जैन समाजजनों के लिए संतोष का विषय है।

### मध्यप्रदेश में भी प्रतिबंध की मांग

दद्दू ने मध्यप्रदेश सरकार से भी राजस्थान की तर्ज पर आदेश जारी करने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आग्रह किया कि प्रदेश में 15 सितंबर पर्युषण-संवत्सरी, 25 सितंबर अनंत चतुर्दशी और 27 सितंबर क्षमावाणी के अवसर पर बूचड़खाने तथा मांस-मछली की दुकानों को बंद रखने के आदेश जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि इंदौर, भोपाल, जबलपुर, सागर, अशोकनगर, उज्जैन सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों में जैन समाज द्वारा इन पर्वों को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। दद्दू ने इन अवसरों पर मांस-मछली के साथ शराब की बिक्री पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। समाजसेवी डॉ. जैनेन्द्र जैन ने कहा कि यह केवल जैन समाज की मांग नहीं, बल्कि अहिंसा में विश्वास रखने वाले सभी लोगों की भावना है। ऐसे निर्णय से प्रदेश में अहिंसा, शाकाहार और करुणा का संदेश मजबूत होगा। राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ की ओर से इस संबंध में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव एवं नगरीय प्रशासन विभाग को पत्र भेजकर मांग की गई है।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार 15 सितंबर, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### उज्जैन प्राधिकरण कार्यालय में गणेश जी की स्थापना

**उज्जैन।** सोमवार को विकास प्राधिकरण कार्यालय परिसर में गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर अध्यक्ष रवि सोलंकी द्वारा भगवान श्री गणेश की प्रतिमा विधि-विधान एवं श्रद्धापूर्वक विराजमान कराई गई।इस अवसर पर उन्होंने प्राधिकरण के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा शहरवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। गणेश प्रतिमा स्थापना के अवसर पर प्राधिकरण के अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य उपस्थितजनों ने श्रद्धापूर्वक भगवान श्री गणेश जी की आरती एवं पूजा-अर्चना की।

### भाजपा महिला मोर्चा जिला पदाधिकारियों की घोषणा हुई

**धार।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे राजवाड़े व इंदौर संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत जिला प्रभारी सुभाष कोठारी के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती के अनुमोदन उपरांत महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा ठाकुर ने मोर्चा जिला पदाधिकारी की घोषणा की गई।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि महिला मोर्चा जिला टीम में पांच उपाध्यक्ष दो जिला महामंत्री पांच जिला मंत्री सहित 30 महिला मोर्चा जिला पदाधिकारियों को बनाया गया है। जिसमें जिला महामंत्री श्रीमती अर्चना जोशी पीथमपुर व श्रीमती सीमा रावल बदनावर को बनाया गया तथा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती अल्पना जोशी अनुसूईया वैष्णव सीमा जैन कुसुम जैन साधना भारती व जिला मंत्री पप्पी मकवाना सुमित्रा पटेल ममता पाटीदार ममता गवली संध्या शर्मा इसी प्रकार कोषाध्यक्ष ललित चौहान सह कोषाध्यक्ष अनीता बानिया व वर्ष भारती कार्यालय मंत्री मंजू महत सह कार्यालय मंत्री बनाया गया है।

### हरितालिका तीज व गणेश चतुर्थी पर बाजार रहे गुलजार

**उज्जैन।** पर्वों की रौनक व चहल-पहल बाजार मे नजर आई। महिलाएं व पुरूष हरितालिका तीज व गणेश चतुर्थी की खरीदारी करते नजर आए। महिलाएं पूजन सामग्री व पत्ते, आंधा झारी, पुष्प मालाएं व धतूरे के फल, बेलफल आदि खरीदते हुए देखी गईं तो गणेशजी के लिए लोग कमल के फूल, हार- माला,पान पत्ते, नारियल, आम के पत्ते ,केले आदि खरीदते दिखे। इस वर्ष गणेश मूर्तियों की ढेर सारी दुकाने शहर मे नजर आईं। इस वर्ष हर कालोनी व चौराहे पर मूर्तियों की दुकाने लगने से मुख्य बाजार जैसे फ्रीगंज, फव्वाराचौक , निकास चौराहा की दुकानों पर अधिक भीड नहीं रही। दुकानदारों मे परस्प स्पर्धा होने से मूर्ति खरीदने वाले लोगों को लाभ हुआ। बाजार मे मूर्तियों की मांग कम और आपूर्ति अधिक होने का पूरा फायदा उपभोक्ताओं को मिला। गणेश की मूर्तियों के बाजार मे जमकर सौदेबाजी हुई। बहुत सी दुकानों पर खरीददार मोल भाव करते नजर आए।

### रेडीमेड वर्दी के विरोध में कोटवार, 20 को आंदोलन की चेतावनी



**उज्जैन।** शासन द्वारा कोटवारों को उपलब्ध कराई गई रेडीमेड वर्दी को लेकर विरोध शुरू हो गया है। महीदपुर तहसील के कोटवारों ने वर्दी की गुणवत्ता और माप पर सवाल उठाते हुए इसे लेने से साफ इंकार कर दिया। आजाद कोटवार संघ के बैनर तले कोटवारों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर पूर्व की व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। कोटवारों का कहना है कि पूर्व में शासन द्वारा प्रतिवर्ष वर्दी की राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा कराई जाती थी। इससे वे अपनी माप के अनुसार अच्छी गुणवत्ता के कपड़े की वर्दी सिलवाते थे। इससे ड्यूटी के दौरान वर्दी व्यवस्थित और सम्मानजनक दिखाई देती थी। इस वर्ष राशि देने के बजाय रेडीमेड वर्दी उपलब्ध कराई गई है, जिसकी गुणवत्ता बेहद खराब है और माप भी सही नहीं है। संघ के अनुसार किसी को वर्दी छोटी पड़ रही है तो किसी को बड़ी। ऐसे में ड्यूटी के दौरान उन्हें असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। कोटवारों ने मांग की है कि रेडीमेड वर्दी की व्यवस्था समाप्त कर पूर्व की तरह वर्दी की राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जाए, ताकि वे अपनी माप और पसंद के अनुसार वर्दी तैयार करवा सकें। तहसील अध्यक्ष गोविंद सिंह तंवर ने बताया कि इस संबंध में तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया है। अधिकारियों की ओर से उनकी मांग शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया है, लेकिन कोटवारों का कहना है कि यदि मांग पर शीघ्र निर्णय नहीं हुआ तो 20 सितंबर को उज्जैन में प्रदेश स्तर का बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## नैनो न्यूज

- **देवास : बारिश से फसलों को राहत-** देवास जिले में बारिश का दौर सक्रिय होने से किसानों को राहत मिली। सोयाबीन सहित खरीफ फसलों के लिए पानी उपयोगी माना जा रहा है।
- **आगर : सीएम दौरे को लेकर हलचल-** आगर-मालवा में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज रहीं। स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों और योजनाओं को लेकर गतिविधियां बढ़ीं।
- **शाजापुर : तेज बारिश से बदला मौसम-** शाजापुर जिले में रविवार को तेज बारिश दर्ज हुई। मौसम विभाग ने सोमवार को भी जिले में बारिश की संभावना जताई है।
- **सुसनेर : बारिश से किसानों में खुशी-** सुसनेर क्षेत्र में बारिश होने से खेतों में नमी बढ़ी है। खरीफ फसलों को फायदा मिलने की उम्मीद से किसानों में राहत दिखाई दी।
- **रतलाम : बारिश का दौर जारी-** रतलाम जिले में मानसूनी गतिविधियां तेज हुईं। सोमवार को भारी बारिश की संभावना के चलते प्रशासन और आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह है।
- **मंदसौर : हाईवे पर मुआवजे की मांग-** मंदसौर क्षेत्र में महू-नीमच हाईवे पर हादसे के बाद परिजनों ने सड़क पर शव रखकर चक्काजाम किया और मुआवजे की मांग उठाई।

तीन साल से मताधिकार के लिए संघर्ष का दावा, कलेक्टर से शिकायत पर मानसिक स्थिति पर सवाल उठाने का आरोप

# वोट से रोका तो चौकीदार ने पीएमओ में लगाया फोन

### कहा- प्रधानमंत्री जी से बात करवाओ मेरी....

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच/भोपाल**

मध्यप्रदेश के नीमच जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां चौकीदारी और सुरक्षा ड्यूटी करने वाले हिम्मत सिंह राठौर का दावा है कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान उन्हें ड्यूटी के कारण वोट डालने से रोक दिया गया। इतना ही नहीं, उन्होंने ड्यूटी के दौरान भूखा रखने और मेहनताना नहीं देने के भी गंभीर आरोप लगाए हैं। अपने अधिकारों के लिए पिछले करीब तीन वर्षों से संघर्ष करने का दावा कर रहे हिम्मत सिंह ने अब सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत से जुड़ी कॉल रिकॉर्डिंग भी सामने आने का दावा किया जा रहा है, जिसमें वे प्रधानमंत्री से बात कराने की मांग करते सुनाई देते हैं।

हिम्मत सिंह का आरोप है कि विधानसभा चुनाव के दौरान उन्हें सुरक्षा/चौकीदारी की ड्यूटी पर लगाया गया था। ड्यूटी के चलते वे अपने मताधिकार का इस्तेमाल नहीं कर सके। उन्हें मतदान का अवसर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जानी चाहिए थी। हिम्मत सिंह ने आरोप लगाया कि ड्यूटी के दौरान उन्हें पर्याप्त भोजन तक नहीं दिया गया और मेहनताना भी नहीं मिला। उनका सवाल है कि यदि एक चौकीदार चुनावी व्यवस्था में अपनी ड्यूटी निभा सकता है, तो क्या उसे लोकतंत्र में वोट डालने का अधिकार नहीं मिलना चाहिए?

### कलेक्टर से शिकायत के बाद मानसिक स्थिति पर सवाल



हिम्मत सिंह के अनुसार, उन्होंने अपनी शिकायत को लेकर स्थानीय स्तर पर अधिकारियों से भी गुहार लगाई। उनका आरोप है कि कलेक्टर से शिकायत करने के बाद उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने की बात कही गई। इस कथित रवैये से नाराज होकर उन्होंने मामले को उच्च स्तर तक पहुंचाने का फैसला किया।

### पीएमओ में दर्ज कराई शिकायत

हिम्मत सिंह द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत का पंजीयन क्रमांक PMOPG/D/2026/0035482 तथा तारीख 20 फरवरी 2026 बताई गई है। शिकायत में उन्होंने चुनाव ड्यूटी, मतदान से वंचित किए जाने, भोजन और भुगतान से संबंधित अपनी शिकायतें दर्ज कराई हैं। बताया गया है कि ढटड स्तर से शिकायत को आगे कार्रवाई के लिए मध्यप्रदेश भेजा गया है। फिलहाल मामला मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, भोपाल के स्तर पर विचाराधीन बताया जा रहा है।


### अब जांच से सामने आएगा सच

मामले में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है। चुनाव ड्यूटी के दौरान हिम्मत सिंह को मतदान का अवसर मिला था या नहीं, ड्यूटी के बदले भुगतान और भोजन की क्या व्यवस्था थी तथा उनकी शिकायत पर स्थानीय प्रशासन ने क्या कार्रवाई की-इन सभी बिंदुओं की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

फिलहाल एक चौकीदार द्वारा अपने मताधिकार के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय तक शिकायत पहुंचाने का यह मामला चर्चा में है। अब निगाहें प्रशासनिक जांच और उसके निष्कर्ष पर टिकी हैं।

# उज्जैन में स्वाइन फ्लू का कहरः 75 वर्षीय महिला ने दम तोड़ा, अब तक दो की मौत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



जिले में स्वाइन फ्लू के मामले लगातार सामने आते जा रहे हैं। इसी कड़ी में अलखनंदा नगर निवासी 75 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग ने मृतका के परिवार और आसपास के 14 घरों में रहने वाले 57 लोगों का सर्वे कराया लेकिन किसी में भी स्वाइन फ्लू या सर्दी-खांसी, बुखार जैसे लक्षण नहीं मिले। जिले में पिछले एक माह में 14 मरीज पॉजिटिव मिले हैं, जिनमें दो की मौत हो चुकी है।

सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल ने बताया कि स्वाइन फ्लू से उज्जैन शहर में यह दूसरी मौत है। अलखनंदा नगर निवासी 75 वर्षीय महिला को तबीयत खराब होने पर 1 सितंबर को इंदौर रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत में सुधार नहीं होने पर स्वाइन फ्लू की जांच कराई गई। महिला का सैंपल आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां जांच में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई। इसके बाद महिला को अवंति अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कर उपचार दिया गया और पुष्टि होने के बाद उन्हें आइसोलेशन वार्ड में रखा गया। 11 सितंबर की रात करीब पौने 12 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

सीएमएचओ के अनुसार महिला से 1 से 11 सितंबर के बीच अस्पताल में मिलने परिवार के सदस्य पहुंचे थे। घर पर भी परिवार के चार सदस्य उनके संपर्क में रहे थे। संक्रमण की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने परिवार के सदस्यों के साथ आसपास के 14 घरों में रहने वाले 57 लोगों का सर्वे किया। सर्वे के दौरान किसी भी व्यक्ति में सर्दी, खांसी या बुखार जैसे लक्षण नहीं मिले। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और लक्षण दिखाई देने पर जांच कराने की सलाह दी है।

### ऋषिनगर की महिला की भी हो चुकी है मौत

इससे पहले 19 अगस्त को उज्जैन के ऋषिनगर निवासी एक महिला की भी स्वाइन फ्लू से मौत हुई थी। उन्हें पहले उज्जैन के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से हालत गंभीर होने पर इंदौर रैफर किया गया था। इंदौर के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पिछले एक माह में जिले में स्वाइन फ्लू के कुल 14 मरीज पॉजिटिव मिले हैं। इनमें से दो मरीजों की मौत हो चुकी है, जबकि 12 मरीज स्वस्थ होकर ठीक हो चुके हैं। सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल के अनुसार वर्तमान में जिले में स्वाइन फ्लू का कोई सक्रिय पॉजिटिव मरीज नहीं है।

## उज्जैन में हिन्दी के साहित्यकारों को किया गया सम्मान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

ईश्वर दो झोली लेकर चलता है। एक झोली में दुख और एक में सुख होता है। प्रत्येक मनुष्य को ईश्वर उपहार देता है। उपहार में दुख? सुख मिलते हैं। साहित्यकार ईश्वर को रिटर्न गिफ्ट देते हैं।पंडित सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने पुत्री सरोज के असामयिक निधन पर सरोज स्मृति जैसी कालजयी रचना की।

यह ईश्वर को रिटर्न गिफ्ट है।जगजीत सिंह के पुत्र की असमय मृत्यु के बाद चित्रा सिंह ने गाना बंद कर दिया। जब जगजीत सिंह से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मैं गाना बंद नहीं करुंगा बल्कि अब मेरी आवाज में और भी ज्यादा मर्म होगा, और उनकी गायिकी ज्यादा असरदार साबित हुई। यह ईश्वर को रिटर्न गिफ्ट है। इसी प्रकार पंकजा सोनवलकर ने अपने रचना संसार और हिंदी से मराठी अनुवाद कर ईश्वर को रिटर्न गिफ्ट दिया है। यह उद्गार दिनकर प्रतीक सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं

## चौड़ीकरण के बाद भी सड़क का हाल बेहाल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहर में सड़क चौड़ीकरण और विकास कार्यों को लेकर लगातार चचाएं चल रही हैं। खासकर खड़े हनुमान मंदिर की प्रतिमा के विस्थापन को लेकर लंबे समय से विवाद बना हुआ है। एक ओर प्रतिमा को हटाने को लेकर धार्मिक भावनाओं और विकास के बीच संतुलन की बात हो रही है, वहीं दूसरी ओर चौड़ीकरण के बाद मौके पर सामने आया नजारा कई सवाल खड़े कर रहा है।

चौड़ीकरण के बाद सड़क के दोनों ओर पर्याप्त जगह दिखाई दे रही है, लेकिन जगह का उपयोग यातायात सुगम बनाने के बजाय पार्किंग और अतिक्रमण के लिए होने लगा है। कई दुकानदारों ने भी चौड़ी हुई जगह पर सामान रखकर अथवा अन्य तरीके से अपना कब्जा जमा लिया है। यातायात व्यवस्था बेहतर करने और आम लोगों को सुविधा देने का उद्देश्य बताया गया था, वहां अब पार्किंग और अस्थायी अतिक्रमण के कारण चौड़ीकरण का वास्तविक लाभ नजर नहीं आ रहा। खड़े हनुमान की प्रतिमा को लेकर इतना बड़ा विवाद इसलिए हो रहा है कि सड़क और विकास के नाम पर धार्मिक आस्था से जुड़े विषयों पर भी गंभीरता से विचार किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क चौड़ी करने के साथ यदि पार्किंग और अतिक्रमण की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो कुछ समय बाद स्थिति फिर पहले जैसी हो सकती है।

दिसंबर तक पूरी लाइन होगी शिफ्ट

# बड़ा गणपति फ्लाईओवर की आधी बाधा हटी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

लंबे समय से बाधाओं में उलझे बड़ा गणपति फ्लाईओवर के निर्माण की राह अगले वर्ष तक ही साफ हो पाएगी। चौराहे पर आ रही सीवरेज और पानी की लाइन को हटाने का काम जारी है। फ्लाईओवर में सबसे बड़ी अड़चन बन रही 500 मीटर लंबी सीवरेज लाइन शिफ्टिंग के लिए अब तक 250 मीटर की नई लाइन डाली जा चुकी है। शेष 250 मीटर लंबी लाइन डालने का काम दिसंबर तक पूरा होगा।

ऐसे में नए साल से फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) द्वारा बड़ा गणपति चौराहा पर बनाए जा रहे फ्लाईओवर का निर्माण एक साल से अधिक की देरी के बावजूद शुरू नहीं हो पाया है।

चौराहे पर आ रही लाइन को हटाने में देरी के कारण सिंहस्थ से पहले फ्लाईओवर का निर्माण पूरा करना चुनौती होगा। सीवरेज लाइन हटने के बाद चौराहे पर ही 100 से 150 मीटर लंबी पानी की लाइन भी हटाई जाएगी। दोनों लाइनें हटने के बाद ही फ्लाईओवर के फाउंडेशन का काम शुरू किया जा सकेगा।

बड़ा गणपति चौराहा पर 600 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा फ्लाईओवर बनाया जाना है। यह अंतिम चौराहे की तरफ से शुरू होकर जिंसी की ओर उतरेगा। इसकी लागत करीब 24 करोड़ रुपये है। हालांकि चौराहे पर आ रही ड्रेनेज और पानी की लाइन को हटाने में ही करीब 10 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च हो रहे हैं। आइडीए यह राशि नगर निगम को हस्तांतरित कर चुका है।

### पिलर की डिजाइन में कर रहे बदलाव

फ्लाईओवर की राह में सिर्फ यूटिलिटी लाइनें ही नहीं, बल्कि मेट्रो का राइट आफ वे भी नई चुनौती बन गया है। राइट आफ वे की चौड़ाई बढ़ने के कारण फ्लाईओवर के पिलर की डिजाइन नए सिरे से तैयार की जा रही है। रिवाइज डिजाइन इसी महीने पूरा होने की उम्मीद है। डिजाइन में बदलाव के कारण करीब 1.36 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा, जिसकी स्वीकृति आइडीए बोर्ड बैठक में दी जा चुकी है।

**करीब एक लाख वाहनों की राह होगी आसान-** आइडीए के सर्वे में बड़ा गणपति चौराहे पर पीक आवर्स में सबसे ज्यादा ट्रैफिक दबाव सामने आया है। एयरपोर्ट रोड से आने वाले वाहनों का भी यहां भारी दबाव रहता है। फ्लाईओवर बनने के बाद एक लाख से अधिक वाहनों को रोजाना राहत मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से अटकी परियोजना में अब पहले जमीन के नीचे की बाधाएं हटाई जा रही हैं, उसके बाद ही ऊपर फ्लाईओवर खड़ा करने का काम शुरू होगा।

## गुरु शिष्य विरासत परंपरा को समर्पित अनहद में कर्णप्रिय मधुवर्षा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

आध्यात्मिक, साहित्यिक, एवं सांस्कृतिक नगरी उज्जयिनी में 13 सितम्बर रविवार की शाम कुछ खिली ,खिली हुई प्रतीत हो रही थी। कालिदास अकादमी के अभिरंग सभागृह में अनहद में शीतल कार्यक्रम भादव की फूहारों के साथ गीत संगीत से कर्णप्रिय रसवर्षा कर रहा था।

उज्जैन के वरिष्ठ संगीतज्ञ स्व. शीतल कुमार माथुर के संगीत से सजी इस महफिल को उनके शिष्यों के साथ डॉ. पल्लवी और कुमार किशन ने सजाया था। इस अवसर पर पदमश्री डॉ पुरु दाधीच, वरिष्ठ नृत्यांगना रंजना ठाकुर एवं पं उमाशंकर भट्ट ने उज्जयिनी के नवोदित कलाकारों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में शीतल कुमार माथुर के शिष्यों ने उनके द्वारा रचित धुनों पर अपनी प्रस्तुतियों से उन्हें खिराजे अकीदत पेश की। पद्मश्री पुरु दाधीच ने कहा कि आज मुझे आप सबके बीच आकर प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है ।मेरे परम मित्र उज्जैनवासी शीतल कुमार माथुर से मेरा आधी सदी से ज्यादा पुराना संबंध रहा है। उनसे जुड़ी कहानियों को अगर सुनाने लगूं तो पूरी रात बीत जाएगी और कहानी खत्म नहीं होगी। उनका पूरा जीवन संगीत को समर्पित था। किसी भी गीत पर वह शीघ्रता से आकर्षक संगीत रचना बना लिया करते थे। मुझे स्मरण है की धार में कालिदास समारोह में उन्होंने कालिदास रचित कुमारसंभवम को अकेले गाया था और मैं ने एकल नृत्य किया था।

राहुल गांधी के इंदौर कार्यक्रम के बाद बदलेगी संगठन की तस्वीर

# मैदान में दिखेगा काम- 2028 की तैयारी में कांग्रेस का ऑपरेशन रीसेट

### मध्य प्रदेश कांग्रेस अब संगठन को भारी-भरकम रखने के बजाय चुनावी जरूरत के हिसाब से छोटा और सक्रिय बनाने की तैयारी में

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

2028 के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी प्रदेश संगठन का ऐसा रीसेट करने जा रही है, जिसमें पद से ज्यादा मैदानी सक्रियता को महत्व दिया जाएगा। 19 सितंबर को इंदौर में राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम के बाद संगठन में बदलाव की प्रक्रिया तेज होने की संभावना है।

मौजूदा प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी में 253 पदाधिकारी हैं। नई टीम में यह संख्या घटाकर करीब 125 किए जाने की तैयारी है। यानी पार्टी करीब आधे पदों के साथ नई टीम मैदान में उतारेगी। इसके पीछे संभालने वाले नेताओं के बजाय सक्रिय कार्यकताओं और चुनावी जमीन पर काम करने वाले चेहरों को जगह सबसे बड़ा संदेश यही है कि संगठन में केवल पद दी जाए। कांग्रेस के भीतर तैयार हो रही नई टीम का फोकस मिशन-2028 पर रहेगा। ऐसे नेताओं को संगठन से बाहर किया जा सकता है, जिनकी संगठनात्मक गतिविधियों में भागीदारी सीमित रही है और जो मैदानी स्तर पर सक्रिय नजर नहीं आए।


### कांग्रेस एक साथ दो काम करना चाहती

पार्टी ऐसे नेताओं को भी संगठनात्मक जिम्मेदारियों से मुक्त करने की तैयारी में है, जिन्हें आगामी विधानसभा चुनाव लडना है। इस बदलाव से कांग्रेस एक साथ दो काम करना चाहती है। पहला, संगठन को चुस्त बनाना और दूसरा, चुनाव से पहल जिम्मेदारियों का स्पष्ट बंटवारा करना। चुनाव लडने की तैयारी कर रहे नेताओं को संगठनात्मक पद से हटाकर पूरी तरह अपने विधानसभा क्षेत्र पर फोकस करने का मौका दिया जा सकता है।

### जिला अध्यक्षों पर भी गिरेगी गाज

सिर्फ प्रदेश कार्यकारिणी ही नहीं, जिलों में भी बदलाव की तैयारी है। कुछ जिला अध्यक्षों का प्रदर्शन पार्टी की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं माना गया है। ऐसे जिलों में नए चेहरों को मौका दिया जा सकता है। एक और वजह विधायकों के पास संगठनात्मक जिम्मेदारी होना है। उदाहरण के लिए सिद्धार्थ कुशवाहा, ओमकार सिंह मरकाम और जयवर्धन सिंह जैसे कुछ विधायक जिला अध्यक्ष पद के साथ अन्य संगठनात्मक जिम्मेदारियां भी संभाल रहे हैं। पार्टी का आकलन है कि विधायक के पास अपने क्षेत्र की राजनीति के साथ संगठन के काम की अतिरिक्त जिम्मेदारी होने से दोनों मोर्चों पर पर्याप्त समय देना मुश्किल होता है। इसलिए इनके स्थान पर नए जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की संभावना है।

### 19 सितंबर के बाद खुलेगा बदलाव का रास्ता



राहुल गांधी का इंदौर कार्यक्रम कांग्रेस के लिए केवल युवाओं से संवाद का कार्यक्रम नहीं माना जा रहा। पार्टी इसे प्रदेशभर में युवाओं को जोडने और 2028 के लिए राजनीतिक माहौल बनाने के अवसर के रूप में देख रही है। इसी कार्यक्रम के बाद प्रदेश संगठन में प्रस्तावित बदलावों पर अमल शुरू होने की बात कही जा रही है। इसका मतलब यह भी है कि कांग्रेस पहले कार्यक्रम के जरिए राजनीतिक संदेश और संगठनात्मक ऊर्जा को परखना चाहती है और उसके बाद नई टीम को मैदान में उतार सकती है।

### 19 विभाग और 34 प्रकोष्ठ भी होंगे नए सिरे से तैयार

प्रदेश कांग्रेस के पुनर्गठन का असर केवल कार्यकारिणी और जिला अध्यक्षों तक सीमित नहीं रहेगा। पार्टी के 19 विभाग और 34 प्रकोष्ठों की प्रदेश इकाइयों को भी नए सिरे से गठित किया जाएगा। इन इकाइयों को पहले ही भंग किया जा चुका है। पार्टी की कोशिश इन संगठनों में नए चेहरों को मौका देने की है। इसका सीधा असर उन नेताओं पर पड़ेगा, जो लंबे समय से संगठन में पद संभालते आ रहे हैं, लेकिन उनकी सक्रियता सीमित रही है। संगठन छोटा करने का फैसला अपने आप में चुनावी सफलता की गारंटी नहीं है। असली चुनौती यह होगी कि 125 पदाधिकारियों की नई टीम कितनी प्रभावी तरीके से बूथ और विधानसभा स्तर तक पहुंचती है। कांग्रेस अगर निष्क्रिय पदाधिकारियों की जगह सक्रिय चेहरों को लाती है, तो संगठन का आकार भले छोटा होगा, लेकिन उसकी चुनावी क्षमता बढ़ सकती है। यही वजह है कि इस बार बदलाव को सामान्य संगठनात्मक फेरबदल के बजाय 2028 के लिए कांग्रेस की चुनावी तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है। पार्टी के सामने अब सवाल यह नहीं है कि संगठन में कितने पदाधिकारी हों, बल्कि यह है कि नई टीम में कौन होगा और वह मैदान में कितना दिखाई देगा।

## न्यूज कालम



### घर-घर पधारे भगवान गजानन, गणेश उत्सव की हुई शुरूआत

**टांडा (धार)।** गोरिपुत्र गणेश की स्थापना घर-घर की गई। इस वर्ष गणेश चतुर्थी सोमवार के दिन आई है। चतुर्थी से दस दिन तक नगर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में आनंद का अनंत उल्लास छाएगा। नगर के सदर बाजार,बोरी रोड़,पंचायत ग्राउंड,मेन रोड, सड़क पट्टी, नरसिंह मंदिर ,आम्बेडकर कॉलोनी आदि स्थानों पर विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। शाम के शुभ मुहूर्त में सार्वजनिक पंडालो में भगवान गणेश की विशाल व मनमोहक मूर्तियों को विराजित किया गया। साथ ही धर्म रक्षा समिति द्वारा लगभग टाण्डा खण्ड के 71 गाँवो में 100 से अधिक स्थानों पर गणेश जी की स्थापना की गई। ग्रामीण क्षेत्र से आए भक्तों ने सशुल्क समिति से गणेश प्रतिमाए ली। अब 10 दिनों तक ग्रामीण अंचल के लोग बप्पा की मोहल्ले तथा फलियो में स्थापना कर उत्साह के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर, बप्पा की भक्ति करेंगे। इस अवसर पर धर्म रक्षा समिति के द्वारा एक चल समारोह भी निकाला गया जिसमे विभिन्न गांवों से आए लोगो ने भगवा झंडा लेकर भाग लिया। समिति के द्वारा गणेशोत्सव के दौरान नगर में भी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। वही नगर में सुबहे से ही बड़ी-बड़ी मूर्तियों को चल समारोह के रूप मैं गाजे बाजे के साथ लाने का क्रम शुरू हो गया था जो शाम तक चलता रहा।

### बालक आश्रम में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, बीईओ ने किया निरीक्षण



**टांडा (धार)।** टांडा स्थित बालक आश्रम में सोमवार को निवासरत सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान टांडा मेडिकल ऑफिसर डॉ. यत्न जैन ने बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी जांच की तथा आवश्यक परामर्श दिया। बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न समस्याओं की जानकारी लेते हुए उन्हें स्वच्छता, खान-पान और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह भी दी गई। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवी सिंह बघेल ने भी बालक आश्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा साफ-सफाई, भोजन, रहन-सहन और अध्ययन संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। बीईओ ने आश्रम में बच्चों को बेहतर एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इस अवसर पर आश्रम अधीक्षक सुनीता तेरसिंह सोलंकी सहित छात्रावास का स्टाफ उपस्थित रहा।

### गणेश उत्सव में शांति की परीक्षा, पुलिस ने पहले ही तय कर दिए नियम

**सनावद।** आगामी गणेश चतुर्थी एवं अन्य त्योहारों को लेकर सनावद पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित कर त्योहारों को उत्साह के साथ लेकिन अनुशासन में मनाने की अपील की गई। थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव ने गणेश पंडाल समितियों के सदस्यों से चर्चा करते हुए कहा कि आयोजन के दौरान निर्धारित नियमों का पालन जरूरी है। पंडालों में तेज आवाज में डीजे नहीं बजाने, आपत्तिजनक गाने नहीं चलाने तथा प्रशासन द्वारा तय गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि गणेश पंडालों में रात के समय समिति का कम से कम एक जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद रहे, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था से तुरंत निपटा जा सके। जुलूस और कार्यक्रमों के दौरान भीड़ एवं यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष सावधानी बरतने की बात कही गई। पुलिस ने त्योहारों के दौरान निगरानी के लिए मोबाइल टीम सक्रिय रखने की बात कही। गणेश पंडालों की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी और किसी भी तरह की संदिग्ध या विवादित स्थिति सामने आने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का साफ संदेश–त्योहार मनाएं पूरे उत्साह से, लेकिन कानून और शांति की सीमा में।

### गणेश उत्सव समिति ने शुरू किए इनामी कूपन, इलेक्ट्रिक बाइक फ्रिज व 6 बड़े इनाम

**नेपानगर।** श्री गणेश उत्सव समिति, सात नंबर गेट (रामलीला मैदान) नेपानगर द्वारा इस बार आकर्षक इनामों के साथ इनामी कूपन सिस्टम शुरू किया गया है। समिति द्वारा 150 रुपये मूल्य का सहयोग राशि कूपन जारी किया गया है। कूपन पर लकी ड्रॉ के माध्यम से 6 बड़े आकर्षक इनाम दिए जाएंगे।

**इनामों में शामिल हैं** –1. इलेक्ट्रिक बाइक 2. रेफ्रिजरेटर 3. वॉशिंग मशीन 4. साइकिल 5. माइक्रोवेव 6. इंडक्शन समिति सदस्यों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कूपन प्रतियोगिता में शामिल होने की अपील की है। समिति अध्यक्ष ने बताया कि कूपन के लिए समिति सदस्य निखिल श्रीवास्तव हिमांशु बंजारे - एवं चेतन ठोसरे - से संपर्क किया जा सकता है।

### 19 सितम्बर को भजन संध्या का आयोजन

**इन्दौर।** वार्ड 35 में दुर्गेश मित्र मंडल द्वारा बजरंग नगर शिव मंदिर के पास 19 सितम्बर को भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सनातनी सिंगर शशांक तिवारी व एम.जी. हर्षजी सिंगर द्वारा सुन्दर भजनों की प्रस्तुति दी जावेगी। दुर्गेश मित्र मंडल ने गणेश उत्सव के इस पावन पर्व पर सभी धर्मालुजनों से भजन संध्या में उपस्थित होने का आग्रह किया।

### दिगंबर जैन धर्म के पर्यूषण 16 सितम्बर से

**बड़वानी।** दिगंबर जैन धर्म का पर्व राज पर्यूषण १६ सितंबर बुधवार को प्रारंभ होकर 25 सितम्बर तक चलेंगे ,ये त्यौहार जैन अनुयायियों का सबसे बड़ा तप,त्याग, और दान का त्यौहार होता है ,इन दिनों में श्रावक अपनी शक्ति अनुसार उपवास , तेला,बेला, एक ,दो,पांच,10 ,16 या पूरे भादो मास के 32 उपवास एकाशन, रसी का त्याग रखते है जिसमें सवेरे सामयिक, पूजन,अभिषेक,स्वाध्याय, दोपहर को प्रतिक्रमण,शाम को फिर स्वाध्याय,सामयिक आरती प्रवचन आदि होते है, ये पर्व उत्तम क्षमा से प्रारंभ होकर, उत्तम मार्दव, आरजव, शौच,सत्य,संयम,तप,त्याग, आकिंचन्य,ब्रह्मचर्य और वापस उत्तम क्षमा पर समाप्त होता है इन 10 धर्मों पर 10 दिनों में इनका पूजन होगा और प्रवचन होगा साथ ही इन 10 धर्मों का पालन किया जाएगा।

## विधायक कंचन मुकेश तनवे ने किया 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक टीन सेट का लोकार्पण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा



खंडवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बावड़ियां काजी में विधायक निधि से 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक टीन सेट का लोकार्पण रविवार को खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल एवं विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक कंचन मुकेश तनवे ने की। ग्राम बावड़ियां काजी पहुंचने पर ग्रामवासियों ने पुष्पवर्षा कर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल एवं विधायक कंचन मुकेश तनवे का आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों ने ग्राम स्थित मनोकामेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन-पूजन किया और सामुदायिक टीन सेट का फीता काटकर लोकार्पण किया। मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन के साथ हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने सामुदायिक टीन सेट के निर्माण के लिए विधायक कंचन मुकेश तनवे को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सामुदायिक भवन के विस्तार के लिए २ लाख रुपए देने की घोषणा की। वहीं खंडवा जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामपाल सोलंकी ने भी भवन विस्तार के लिए २ लाख रुपए देने की घोषणा की।

विधायक कंचन मुकेश तनवे ने कहा कि जिन स्थानों पर सामुदायिक भवन नहीं हैं, वहां आवश्यकतानुसार सामुदायिक भवन निर्माण कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अंतिम संस्कार के दौरान बेहतर सुविधाएं मिलें, इसके लिए उनका प्रयास है कि विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत में सुव्यवस्थित मुक्तिधाम हो। इसी दिशा में विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत को मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण एवं घाट निर्माण के लिए 10-10 लाख रुपए की राशि दी गई है।

विधायक ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी। उन्होंने कहा कि यदि कोई पात्र व्यक्ति किसी योजना के लाभ से वंचित है तो मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 'आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से सरकार गांव तक पहुंच रही है। ग्रामीण अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखें, ताकि उनका समाधान कराया जा सके। कार्यक्रम के समापन के बाद ग्रामवासियों ने विधायक कंचन मुकेश तनवे का फलों से तुलादान कर आत्मीय सम्मान किया। इसके पश्चात विधायक ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



### कस्तूरबा छात्रावास की छात्राओं ने अधीक्षिका पर गंभीर आरोप लगाये

**मनावर।** कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास बही की कई छात्राएं शुक्रवार को रोते हुए थाने पहुंचीं छात्राओं ने अधीक्षिका अनीता भिड़े पर गाली-गलौज, डांटने और मानसिक रूप से परेशान करने के आरोप लगाते हुए पुलिस को लिखित शिकायत दी । प्रारंभिक सुचना दर्ज करने की मांग की। छात्राओं ने अधीक्षिका के पति सरदार भिड़े पर भी गंभीर आरोप लगाए । उनका कहना है कि वे छात्रावास परिसर में रहते हैं और कथित तौर पर बाथरूम के दरवाजे खटखटाते थे । छात्राओं को घर ले जाकर झाडू-पोछा, बर्तन और कपड़े धुलवाने के आरोप भी लगाए हैं । इन आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही होगी। छात्राओं ने भोजन के निर्धारित मीनू का पालन नहीं होने और राष्ट्रीय पर्वों पर कार्यक्रमों के लिए लोगों को बुलाने से रोकने की शिकायत भी की। मामले की जानकारी मिलने पर तहसीलदार ललिता गड़रिया, थाना प्रभारी जमरा जी , प्राचार्य अरुण कुशवाह , बीआरसी दुबे, विधायक प्रतिनिधि नोरके, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चोंगड़ और नगर अध्यक्ष छत्रसिंह ठेकेदार छात्रावास पहुंचे। एसडीएम भी छात्रावास पहुंचे और छात्राओं से पूछताछ कर निरीक्षण किया। तहसीलदार ललिता गड़रिया ने बताया कि छात्रा की शिकायत के बाद जिले से मिले मौखिक आदेशके आधार पर अधीक्षिका को तत्काल हटा दिया गया है ।



## प्राकृतिक रेशों से बनी इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर

त्योहार में आस्था के साथ पर्यावरण का संदेश भी हो सकता है, ये नेपानगर ने 70 साल से साबित किया है। नेपा लिमिटेड के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में इस बार भी ताप्ती नदी की मिट्टी और धान के प्राकृतिक रेशों से बनी इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है। भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड की श्री गणेश एवं दुर्गा उत्सव समिति द्वारा विधि-विधान से स्थापना की गई। मुख्य संरक्षक और सीएमडी नरेश सिंह ने पूजन-अर्चन कर आरती की। पंडित मुकेश नागर ने मंत्रोच्चार कराया। इस मौके पर सीएमडी ने पूरे नेपा परिवार और क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि नेपा में 1957 से लगातार गणेश और दुर्गा प्रतिमा स्थापना की परंपरा है। खास बात ये है कि शुरू से ही यहां क्कहक्क नहीं, बल्कि पर्यावरण अनुकूल मिट्टी की मूर्तियों को प्राथमिकता दी जाती है। इस परंपरा को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के आशीष कुमार शर्मा का परिवार पीढ़ियों से निभा रहा है। वही परिवार हर साल नेपा में आकर ताप्ती की मिट्टी से प्रतिमा तैयार करता है।

## सहकारी बैंक का 77 वीं वार्षिक साधारण सम्मेलन सम्पन्न 418.41 करोड रुपये का बजट किया पारीत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन



बैंक की 77 वी वार्षिक साधारण सभा संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं बैंक प्रशासक बी. एल. मकवाना के मुख्य आतिथ्य में 12 नवम्बर को कृष्णा होटल एवं रिसोर्ट में सम्पन्न हुई। बैंक प्र. मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती संध्या रोकड़े के द्वारा सभा में वर्ष 2025-26 अंकेक्षित लेखा विवरणों को प्रस्तुत किया गया तथा वर्ष 2025-26 के स्वीकृत बजट अंतर्गत कम या अधिक व्यय की स्वीकृति ली गई एवं वर्ष 2027-28 का राषि रु. 418.41 करोड़ का बजट सभा से पारित कराया गया।

बैंक का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुये श्रीमती रोकड़े ने बताया कि आलोच्य वर्ष 2025-26 में बैंक के द्वारा बी-पेक्स के माध्यम से खरीफ एवं रबी सीजन में राषि रू. 3561.09 करोड़ का ऋण कृषक सदस्यों को शुन्य प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराया गया साथ ही खरगोन बडवानी जिले के अमानतदारों का विष्वास जिला सहकारी बैंक के प्रतीक है जिसके फलस्वरूप बैंक की अमानते राशि रू. 2753.92 करोड़ बैंक द्वारा सदस्यों को पशुपालन कार्यशील पूंजी ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। बैंक द्वारा 31.03.2026 पर रू. 17.59 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। उल्लेखनीय है कि बैंक स्थापना वर्ष से ही निरंतर सदस्य संस्थाओं को लाभांश वितरण कर रही है। इस वर्ष भी 299.00 लाख का लाभांश वितरण किया जावेगा। साथ ही बैंकिंग व्यवसाय में प्रतिस्पर्धा को दृष्टिगत रखते हुये ग्राहको एवं अमानतदारों को मोबाईल बैंकिंग सुविधाए दी जा रही है तथा बैंक ने स्वयं के एटीएम भी स्थापित किए गये है।

बैठक को संबोधित करते हुये बैंक प्रशासक एवं संयुक्त आयुक्त सहकारिता बी.एल. मकवाना के द्वारा बताया गया कि सदस्य संस्थाओं के सराहनीय सहयोग एवं मार्गदर्षन के कारण वर्तमान में बैंक आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होकर प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि आलोच्य वर्ष में 37 हजार से भी अधिक नये कृषकों को संस्था सदस्यता प्रदान की गयी है।

### नेतृत्व के गुर सीखने महेश्वर पहुंचे सौ लायंस सदस्य,

**सनावद।** लायंस नेतृत्व विकास के प्रमुख कार्यक्रम डिस्ट्रिक्ट लीडरशिप लर्निंग का आयोजन महेश्वर में हुआ। इसमें तीन रीजन के करीब 100 लायंस सदस्यों ने विशेषज्ञ वक्ताओं से नेतृत्व क्षमता और क्लब संचालन के गुर सीखे। निमाड़ को-ऑर्डिनेटर प्रियंका गुजराती के नेतृत्व, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जय प्रकाश त्रिपाठी के मार्गदर्शन तथा वाइस गवर्नर राम जाट एवं डॉ. राजेंद्र सोडानी के समन्वय में आयोजित कार्यशाला में आनंद मेहता ने रोचक अंदाज में प्रशिक्षण दिया। मनिंदर सिंह चंडोक और प्रेरणा दुबे ने क्लब इनिशिएटिव सहित विभिन्न विषयों पर सेशन लिए। लायंस क्लब ओंकारेश्वर अनंत एवं बेड़िया से संस्थापक जाकिर हुसैन अमी, राजेश जैन, लवकुश पटेल, वर्षा जैन, अनिता पटेल, पुष्पा पटेल, हेमलता पटेल सहित 12 सदस्यों ने सहभागिता की।

## गणेशजी स्थापना के 34वें वर्ष में सजा विद्यालय, 12 ज्योतिर्लिंग व अष्टविनायक की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



गणेश चतुर्थी के अवसर पर आर. के. खंडेलवाल हायर सेकंडरी स्कूल, बड़वानी में गणेशजी स्थापना के 34वें वर्ष का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। विद्यालय परिसर में विधि-विधान से भगवान श्री गणेश की स्थापना की गई।

इस अवसर पर विद्यालय में 12 ज्योतिर्लिंग एवं अष्टविनायक की आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई। विद्यार्थियों और आगंतुकों ने प्रदर्शनी के माध्यम से देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों एवं भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा को करीब से जाना।

उज्जैन से लाई गई 5 फीट की विशाल अगरबत्ती रही मुख्य आकर्षण आयोजन में महाकाल की नगरी उज्जैन से विशेष रूप से लाई गई 5 फीट लंबी विशाल अगरबत्ती लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रही। सामान्य आकार से कई गुना बड़ी इस अगरबत्ती को देखने के लिए विद्यार्थियों एवं आगंतुकों में खासा उत्साह नजर आया।

गणेश स्थापना स्थल पर रखी गई विशाल अगरबत्ती ने अपने आकार और विशिष्ट स्वरूप के कारण सभी का ध्यान खींचा। उज्जैन से लाई गई इस विशेष अगरबत्ती को गणेशजी के पूजन एवं उत्सव से जोड़ते हुए विद्यालय परिसर में प्रदर्शित किया गया। इसकी उपस्थिति ने आयोजन को एक अलग पहचान दी और यह गणेश उत्सव के प्रमुख आकर्षणों में शामिल रही।

उज्जैन की धार्मिक नगरी से बड़वानी तक लाई गई इस 5 फीट की अगरबत्ती को देखने के लिए विद्यार्थियों में विशेष जिज्ञासा रही। विद्यालय में आयोजित गणेश उत्सव में यह विशाल अगरबत्ती न केवल श्रद्धा का प्रतीक बनी, बल्कि अपने अनूठे आकार के कारण लोगों के लिए कौतूहल का विषय भी रही।गणेशजी की स्थापना के अवसर पर विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में सहभागिता की।

### बुरहानपुर में सेवा संकल्प अभियान तेज

**बुरहानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर १७ सितंबर से शुरू हो रहे सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आज कुशाभाऊ मंडल और डोई फोड़िया मंडल की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में मंडल प्रभारी और कार्यकताओं के साथ आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। सेवा संकल्प अभियान के जिला संयोजक मनोज टंडन ने अभियान की रूपरेखा और एक महीने तक चलने वाले सेवा कार्यों की जानकारी दी। वहीं 'आशीर्वाद का दीया' के जिला प्रभारी सुनील वाघे ने आह्वान किया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर हर घर एक दीया जलाकर उन्हें आशीर्वाद और शुभकामनाएं दें। बैठक में सह-संयोजक भरत रावल, राजकुमार बाघ, नवीन आड़े सहित पदाधिकारी, युवा और वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### पर्युषण के सातवें दिन गूंजा अंतगड़ सूत्र का संदेश, समता-क्षमा का कराया अभ्यास

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

श्वेताम्बर जैन समाज के पर्युषण पर्व के सातवें दिन स्थानक भवन में धर्म आराधना के साथ अंतगड़ दसांग सूत्र का वाचन किया गया। इस दौरान समाजजनों को भगवान महावीर की वाणी में कर्मों के क्षय और मोक्ष की राह का संदेश सुनाया गया। अंतगड़ सूत्र का अर्थ है–कर्मों का अंत करने वाले। सूत्र में द्वारका के श्रीकृष्ण वासुदेव के परिवार के सदस्यों सहित अनेक राजकुमारों की कथाओं का वर्णन है। इनमें गजसुकुमाल की कथा विशेष रूप से प्रेरणादायी है, जिन्होंने विवाह के दिन वैराग्य लेकर दीक्षा ग्रहण की और घोर उपसर्ग को समता भाव से सहन करते हुए केवलज्ञान प्राप्त कर मोक्ष प्राप्त किया। धर्म आराधना में बताया गया कि शरीर और सांसारिक संबंध नश्वर हैं, जबकि राग-द्वेष का त्याग ही आत्मकल्याण की दिशा में कदम है। पर्युषण का संदेश है कि विपरीत परिस्थितियों में भी समता और क्षमा का भाव बनाए रखा जाए। तपस्या के क्रम में तीन श्रावक-श्राविकाओं ने एकल उपवास, पांच ने बेले तथा एक ने अठ्ठाई के प्रत्याख्यान लिए। समाजजनों ने धर्म आराधना में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



## इच्छादेवी मंदिर में अजीबोगरीब वारदात पहले माता के पैर छुए फिर की चोरी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

आस्था और अपराध का अजीब संगम... बुरहानपुर के इच्छापुर स्थित प्रसिद्ध मां इच्छादेवी मंदिर में चोर आए तो चोरी करने, लेकिन चोरी से पहले एक बदमाश ने माता के पैर छुए, फिर मुकुट और छत्र पार कर दिया। ये पूरी हरकत मंदिर के ष्टष्टञ्जङ्क में कैद हो गई। शनिवार-रविवार की रात करीब 1.30 बजे तीन बदमाश फिल्मी स्टाइल में मंदिर पहुंचे। तीनों ने काले कपड़े और सफेद जैकेट पहनी थी, हाथों में ग्लव्स, एक के हाथ में चाकू तो दूसरे के हाथ में रॉड। पहले ताला तोड़ने में फेल हुए, तो पेटी पर रॉड से 4 वार किए, फिर मेन गेट का ताला तोड़ा। दो अंदर घुसे, एक बाहर निगरानी करता रहा। अंदर जाकर एक ने पहले माता के चरण स्पर्श किए, हाथ में कलावा बंधा था, और फिर मुकुट-छत्र निकाल लिया। गनीमत रही कि मंदिर प्रबंधन ने शनिवार शाम को ही दानपेटी खाली कर दी थी। इसलिए सोने का मंगलसूत्र और नाक की लौंग बच गई। पुलिस ने बताया कि चोरी गया मुकुट-छत्र असली चांदी का नहीं, सिर्फ पॉलिश वाला है। रविवार सुबह पुजारी पहुंचे तो ताला टूटा मिला, तब चोरी का खुलासा हुआ। शाहपुर थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर ष्टष्टञ्जङ्क के आधार पर तलाश शुरू कर दी ।

## बड़वानी पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

## ऑपरेशन ग्रीन स्ट्राइक के तहत एक करोड़ से अधिक मूल्य की अवैध गांजे की फसल जप्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी" अभियान के अंतर्गत अवैध मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने हेतु विशेष निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस महानिरीक्षक (ग्रामीण जोन इंदौर) श्री अनुराग, पुलिस उप महानिरीक्षक (निमाड़ रेंज खरगोन) सुश्री सिमाला प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन व मार्गदर्शन में थाना वरला के दुर्गम पहाड़ी इलाकों में अवैध गांजे की खेती पर प्रहार करने हेतु ऑपरेशन ग्रीन स्ट्राइक शुरू किया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर एवं एसडीओपी सेंधवा श्री अजय वाघमारे के नेतृत्व में खरगोन, खंडवा और बड़वानी जिलों के 400 से अधिक पुलिसकर्मियों की १२ टीमों का गठन किया गया। टीमों ने 12 सितम्बर को थाना वरला क्षेत्र के 19 गांवों तथा ग्राम डोकलियापानी, धवलियागीर, बागदरी, टाकियापानी और आड़नदी के दूरस्थ पहाड़ी व जंगल इलाकों में ड्रोन की मदद से व पैदल सर्चिंग कर 5 अवैध खेतों का पदार्फाश किया।

जप्तशुदा खेत वन भूमि पर स्थित होने के कारण, वन विभाग से पट्टाधारियों/ कब्जा धारियों की जानकारी प्राप्त कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

(उल्लेखनीय है कि दिनांक 10 सितम्बर को भी ग्राम शक्करकुआ बोरपड़ावा में 4 खेतों से 6 हजार से अधिक पौधे जप्त किए गए थे। इस प्रकार बीते दो दिनों में कुल 9 प्रकरण दर्ज कर 34 क्विंटल से अधिक अवैध मादक पदार्थ जप्त किया जा चुका है।

## भाजपा किसान मोर्चा की 31 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी घोषित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा सोमवार को की गई। भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष नारायण पाटीदार ने ३१ सदस्यीय इस कार्यकारिणी का ऐलान किया। यह घोषणा भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा, संभाग संगठन प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, जिला प्रभारी संगीता सोनी और भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे की सहमति से की गई। जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा ने बताया घोषित कार्यकारिणी में कुल ३१ सदस्य शामिल किए गए हैं। इनमें चार उपाध्यक्ष, दो महामंत्री और पांच मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद दिए गए हैं।

जिलाध्यक्ष श्रीमती ब्राह्मणे ने नवीन पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह कार्यकारिणी जिला स्तर पर किसान मोर्चा के कार्यों को गति देने और संगठन को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाएगी। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री पाटीदार ने कहा नवनियुक्त पदाधिकारी किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सक्रियता से कार्य करेंगे। इस गठन का मुख्य उद्देश्य किसानों के हितों की रक्षा करना, उनकी समस्याओं को उजागर करना और सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाना है।

इसके बाद जल्द ही मंडल स्तर की कार्यकारिणी भी घोषित की जाएगी, जिससे आगामी समय में किसानों के बीच संगठन की पैठ मजबूत करते हुए संगठन की गतिविधियों और शासन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से किसानों तक पहुंचाया जा सके। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष मांगीलाल जाट, रामचंद्र कुमरावत, मोतीलाल कनासे एवं सत्येंद्र चौहान को बनाया गया है। पदम बिरला और कृष्णा यादव को महामंत्री का दायित्व सौंपा गया।

## न्यूज -कॉलम

### सिद्धवट से लापता युवक अस्पताल में मृत मिला

**उज्जैन।** नानाखेड़ा एकतानगर में रहने वाला अर्जुन पिता भैरूलाल घावरी 45 साल सिद्धवट मंदिर परिसर में सफाई का काम करता था। 12 सितंबर को घर नहीं लौटा तो पत्नी प्रेमलता ने तलाश करने के बाद उसके लापता होने की शिकायत 13 सितंबर को दोपहर में भैरवगढ़ थाना पहुंचकर दर्ज कराई। इस बीच रात में चरक अस्पताल से खबर सामने आई कि दुर्घटना में घायल अर्जुन नामक युवक की मौत हो गई। जो नानाखेडा क्षेत्र का रहने वाला है। अर्जुन नाम पता चलने पर भैरवगढ़ पुलिस और परिजन अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होने मृतक की पहचान 2 दिन से लापता अर्जुन घावरी के रूप में कर ली। बताया जा रहा था कि 12 सितंबर को सडक दुर्घटना में घायल होने पर कुछ लोगों द्वारा उसे अस्पताल तक पहुंचाया गया था। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। घटनास्थल का पता लगाकर आगे की जांच शुरू की जायेगी।

### नागपुर में 2 साल बाद मजदूरी करती मिली लापता बालिका

**उज्जैन।** नरवर के बाड़ कुम्मेद से 2 साल पहले लापता हुई 16 साल की बालिका नागपुर में कंट्रक्शन साइड पर काम करती मिली। पुलिस बालिका के साथ युवक को गिरफ्तार कर उज्जैन लाई है। नरवर थाना प्रभारी बबलू मंडलोई ने बताया कि बालिका के लापता होने के बाद से उसकी लगातार तलाश की जा रही थी। 2 साल बाद तकनीकी साक्ष्य के आधार पर उसका पता चला। बालिका ने शादी कर ली है। जिसे न्यायालय में पेश कर बयान दर्ज कराये गये है। युवक भी बाडकुम्मेद का रहने वाला है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

### पुरानी रंजिश में रास्ता रोक युवक से मारपीट

**उज्जैन।** गणेश टेकरी पटेल नगर में रहने वाला रवि पिता नंदलाल सूर्यवंशी रविवार रात घर लौट रहा था। पटेल नगर में राजू सपरेटा की दुकान के सामने उसे क्षेत्र के रहने वाले कृष्णा ने रोका और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। रवि सूर्यवंशी ने चिमनगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और बताया कि कृष्णा से पूर्व में विवाद हुआ था उसी रंजीश में रास्ता रोक मारपीट की है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की है।

### शिवसिटी कालोनी से 63 साल का वृद्ध 13 दिन से लापता

**उज्जैन।** नागझिरी थाना क्षेत्र की शिवसिटी कालोनी में रहने वाले 63 वर्षीय वृद्ध खेमचंद पिता दुलीचंद शाक्यवार 1 सितंबर की सुबह घर से निकले थे। जब वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। 10 दिनों तक कुछ पता नहीं चला तो 13 सितंबर को पुलिस थाने पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण की शिकायत दर्ज कराई। सोमवार शाम तक लापता वृद्ध का पता नहीं चल पाया है। नानाखेडा थाना पुलिस ने भी कालापत्थर से 20 अगस्त को लापता हुये राहुल पिता बालाराम चौहान निवासी ग्राम किटिया राघवी के लापता होने के मामले में 25 दिन बाद भाई की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### सर्पदंश का शिकार बुजुर्ग की 8 दिन बाद मौत



**उज्जैन।** 8 दिन पहले ग्राम सदावल में रहने वाले बुजुर्ग गोवर्धन पिता भुवान यादव को सांप ने डस लिया था। परिजनों ने उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां रविवार-सोमवार रात बुजुर्ग की मौत हो गई। महाकाल थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों के बताया कि घर के पास कमरे में भरी प्याज बारिश के चलते खराब होने लगी थी, गोवर्धन खराब प्याज अलग करने गये थे, उसी दौरान सांप ने डंसा था।

### नानाखेड़ा- इंगोरिया पुलिस ने जुआ खेलने वालों को पकड़ा

**उज्जैन।** नानाखेडा और इंगोरिया पुलिस ने ताश पत्ती से जुआ खेल रहे आधा दर्जन लोगों को पकडा और नगद राशि बरामद की। इंगोरिया पुलिस ने सर्कल भ्रमण के दौरान ग्राम चिकली में चौक के ओटले जुआ खेल रहे 4 युवकों को पकडा और ताश पत्ती के साथ 1350 रूपये नगद बरामद किये। नानाखेडा पुलिस ने सूचना मिलने पर तारामंडल के पास मैदान में घेराबंदी कर 3 युवकों को गिरफ्तार कर ताशपत्ती के साथ 620 रूपये बरामद किये। दोनों थाना पुलिस ने जुआ खेलने वालों के खिलाफ धारा 13 जुआ अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | 299-0 | | 136-0 |
| मेन बाजार | 466-6 | | |
| कल्याण नाइट | 126-9 | | 290-1 |
| मिलन डे | 330-6 | | 355-3 |
| मिलन नाइट | 390-2 | | 280-2 |
| मधुर डे | 777-1 | | 239-4 |
| मधुर नाइट | 466-6 | | 223-7 |
| शुभांक | 6 | 2 | 3 |

# महाराष्ट्र की गैंग महिला यात्रियों के चुराती थी आभूषण

## कैमरों की मदद से मिला सुराग, जीआरपी जल्द करेगी खुलासा....

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

ट्रेनों में महिला यात्रियों के आभूषण चोरी करने वाली गैंग का पता जीआरपी की टीम ने कैमरों की मदद से लगा लिया है। महाराष्ट्र की गैंग सावन-भादौ माह से अब तक वारदातों को अंजाम देने आ रही थी। गैंग के सदस्यों से पूछताछ जारी है। एक-दो दिन में मामले का खुलासा किया जा सकता है।

पिछले कुछ दिनों में ट्रेन में चढ़ते समय महिलाओं के हाथ से सोने के कंगन चोरी होने के मामले लगातार सामने आये थे। जीआरपी थाना प्रभारी सुनील गुप्ता ने आरपीएफ टीम के साथ मिलकर प्लेटफार्मो पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये थे। जिसके माध्यम से कुछ संदिग्धों का सुराग मिला था। जिन्हे ट्रेस किया गया।

इस दौरान सामने आया कि वारदात करने वाली गैंग महाराष्ट्र की है। जीआरपी की टीम ने तलाश शुरू की और गैंग के कुछ सदस्यों को हिरासत में ले लिया। जिनसे पूछताछ की जा रही है। गैंग ने कंगन के साथ सावन-भादौ माह में भी स्टेशन परिसर से लेकर प्लेटफार्मो पर महिला यात्रियों की चेन-मंगलसूत्र चुराने की वारदातों को अंजाम दिया है। पूछताछ और आभूषण बरामद होने पर मामले का खुलासा किया जायेगा।

### इनके साथ हुई थी कंगन चोरी की वारदात

पिछले कुछ दिनों में जीआरपी ने उज्जैन से हैदराबाद की यात्रा के लिये स्टेशन पहुंची साधना मिश्रा, उज्जैन से बडोदार जाने के लिये बेटी के साथ पहुंची मंजुला जेवरी और इटारसी जाने के लिये नर्मदा एक्सप्रेस में



सवार हुई विमलाबाई के साथ कंगन चोरी की शिकायत दर्ज की थी। सावन-भादौ माह में भी कुछ महिलाओं के साथ चेन-मंगलसूत्र चोरी के प्रकरण दर्ज किये थे। सूत्रों के अनुसार अधिकांश वारदातें महाराष्ट्र की गैंग ने की है।

### उम्रदराज महिलाओं को बनाते थे निशाना

जानकारी सामने आई कि गैंग उम्रदराज महिलाओं को अपना निशाना बनाती थी। भीड़ के बीच ट्रेन में च?ने के दौरान गैंग के सदस्य मदद के बहाने पहुंचते थे और चालाकी से कटर के माध्यम से कंगन काटकर चोरी कर लेते थे। पूछताछ पूरी होने पर गैंग से पूरी वारदात का तरीका सामने आ सकता है।

### इधर रेलवे स्टेशन तक पहुंची क्राइम टीम

पिछले दिनों भागसीपुरा में आभूषण दुकान से चोरी हुई जेवरात कीटे के मामले खाराकुआ पुलिस के साथ क्राइम की टीम वारदात करने वाली महिलाओं का पता लगाने में जुटी है। बताया जा रहा है कि महिलाएं पारदी गिरोह की हो सकती है। जो रेलवे स्टेशन तक पहुंची थी। पुलिस कैमरों के फुटेज से सुराग तलाशने के प्रयास में लगी है। शहर में खिलौने-सामान बेचने वाली पारदी महिलाओं से भी पूछताछ कर उक्त तीनों महिलाओं का पता लगाने के प्रयास जारी है। संभावना है कि उक्त मामले में भी पुलिस को जल्द सुराग मिल सकता है।

# रिमांड पर पशु मांस के साथ हिरासत में आया आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पशु मांस के साथ हिरासत में आये आरोपी को पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। उसके मकान से 1 क्विंटल से अधिक मांस बरामद किया था। आरोपी अवैध शराब का कारोबार भी करता है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि मुजम्मिज मस्जिद के पीछे सम्राटनगर में आशिक पिता अब्दुल मजीद कुरैशी अपने मकान में चोरी छुपे अवैध पशु मांस काट रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर मकान में पहुंची। आशिक कुरैशी मौके पर मौजूद था, उसे हिरासत में लिया गया और वहां से एक क्विंटल से अधिक पशु मांस बरामद किया गया। कमरे की तलाशी लेने पर वहां से कच्ची जहरीली शराब भी



बरामद हो गई। पशु मांस बेचने के संबंध में पूछताछ करने पर अवैध तरीके से बेचना कबूल किया। आरोपी को गिरफ्तार किया गया और गौवध प्रतिषेध अधिनियम के साथ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। थाना प्रभारी विवेक कनोि?या ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में 7 प्रकरण दर्ज होना सामने आये है। जिसमें आबकारी अधिनियम, आर्म्स एक्ट, चाकूबाजी, मारपीट के सामने शामिल है। आरोपी पूर्व में महाकाल क्षेत्र में रहता था, कुछ सालों से सम्राटनगर में किराये का मकान लेकर निवास कर रहा है। पुलिस के अनुसार बरामद किया गया पशु मांस की जांच पशु चिकित्सकों से कराई गई है। मांस पाडे का होना सामने आया है। आरोपी से रिमांड अवधि में इस बात का पता लगाया जा रहा है कि वह पशु वध कहां करता था और कब से अवैध मांस बेचने का काम कर रहा है।

# बाजना के जंगल में मिले तेंदुआ के पीएम में खाली मिला पेट

**तेंदुआ के सभी अंग साबूत मिले ,शिकार की संभावना क्षिण**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

रतलाम जिले के बाजना थाना क्षेत्र अंतर्गत मानपुरा के जंगल में रविवार सुबह शरीर के पिछले भाग से गंभीर रूप से घायल एवं कमजोर तेंदुआ मिला था,वन विभाग के अधिकारी उसे उपचार के लिए ले गए थे जहां उसकी मौत हो गई थी। तेंदुआ की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इंस्टेटाईन एवं स्टमक खाली मिला है। उसके शरीर के पिछले हिस्से में चोंट के घाव मिले हैं जिनमें मैगट्स पाए गए हैं।

मुख्य वन संरक्षक उज्जैन डा. किरण बिसेन ने बताया कि सूचना मिलने पर उन्होंने घटनास्थल का अवलोकन किया था। साथ ही उनकी उपस्थिति में ही पशु चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम करने के उपरांत मृत व्यस्क नर तेंदुआ का विभागीय नियम से शव का अंतिम क्रिया करवाई। इस दौरान सामने आया कि उसके दांत एवं नाखून पूरी तरह से साबूत मिले हैं। इससे शिकार की संभावना क्षीण है। इस बात की संभावन बन रही है कि अन्य वन्यजीव से संघर्ष की स्थिति में वह घायल हुआ हो और बाद में शिकार एवं खाने को नहीं मिल पाने के साथ ही शरीर के पिछले भाग में घाव में मैगट्स होने के कारण कमजोर होता चला गया। डा. बिसेन ने कहा कि पोस्टमार्टम करवाने के बाद भी मृत तेंदुआ के सैंपल टाक्सीकोलाजी के लिए एकत्रित कर जबलपुर एवं इंदौर फारेंसिक लेब में अलग-अलग भेजे गए हैं। उनके अनुसार रतलाम जिले के जंगल में पूर्व में भी ऐसे मामले सामने आए हैं। ये तेंदुआ जिले के ही रिपोर्टेड तेंदुआ में शामिल रहा हो। उन्होंने कहा कि वैसे तो वन्य जीव में तेंदुआ अपने घावों को चाटकर ठीक कर लेता है लेकिन इस मामले में शरीर के पिछले भाग में ऐसे स्थान पर गंभीर चोंट थी जहां वो ठीक से जुबान से चाटने में सक्षम नहीं रहा जिसके कारण से उसे घाव में मैगट्स हुए।

# दंपति ने बैंक में गिरवी मकान बेचकर ठगे 8 लाख

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शातिर पति-पत्नी ने बैंक में गिरवी रखे मकान का सौदा कर दिया और 8 लाख रूपये ले लिये। रजिस्ट्री नहीं होने पर धोखाधडी का मामला सामने आने पर व्यापारी ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। मामले में दंपति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर दंपति की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किये गये है।

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र की गीता कालोनी में रहने वाले नरेश पिता मोहनलाल वासवानी ने मोहननगर क्षेत्र में मकान का सौदा मालीखेडी में रहने वाले दंपति जितेन्द्र पंवार और उसकी पत्नी हीना कुंवर से सितंबर-अक्टूबर 2025 के बीच किया था। मकान हीना कुंवर के नाम पर था। गीता कालोनी में बातचीत तय होने के बाद दंपति को 4-4 लाख के 2 चैक दिये गये। शेष 33 लाख 6 माह बाद देकर रजिस्ट्री कराने की बात तय हुई। नरेश वासवानी ने तय समय बाद रजिस्ट्री कराने के लिये कहा तो दंपति टाल-मटौल करने लगे। 3 माह गुजर जाने के बाद पता चला कि उक्त मकान बैंक में गिरवी रखा है। नरेश ने 8 लाख रूपये लौटाने की बात कहीं तो दोनों ने मना कर दिया।व्यापारी ने लेनदेन गीता कालोनी में होने पर मामले की शिकायत आवेदन के माध्यम से जीवाजीगंज थाना पुलिस से की। पुलिस ने जांच के बाद मामले में दंपत्ति के खिलाफ धोखाधडी की धारा 318 (4), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज कर लिया। एसआई सुरेशचंद्र देवडा ने बताया कि दंपति की गिरफ्तारी के लिये एक टीम मालीखेडी भेजी जायेगी।

# झांसा देकर ट्रक ले जाने वाला 2 साल बाद पकड़ाया

**उज्जैन।** झांसा देकर 2 साल पहले ट्रक लेकर गया बदमाश महिदपुर से पकडा गया। पुलिस ने ट्रक बरामदगी के लिये रिमांड पर लिया है। बदमाश का एक साथी पूर्व में गिरफ्तार हो चुका था।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के कवेलू कारखाने के पास रहने वाले दीपक जाट का ट्रक मई 2024 में महिदपुर के रहने वाले राज डोडिया और प्रकाश परमार एग्रीमेंट पर ले गये थे। दोनों ने फायनेंस की किश्त जमा करने की बात कहीं थी। कुछ माह बाद दीपक को पता चला कि किश्त बकाया हो गई है। उसने दोनों की तलाश शुरू की लेकिन दोनों फरार होना सामने आये, ट्रक भी नहीं मिला। जुलाई 2024 में नीलगंगा थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया गया और कुछ दिनों बाद प्रकाश परमार को गिरफ्तार कर लिया। उसने ट्रक राज डोडिया द्वारा लेकर जाने की बात कहीं। प्रकाश को जेल भेजने के बाद राज की तलाश शुरू की गई, लेकिन वह 2 साल से फरार चल रहा था। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि रविवार को सूचना मिली कि फरार आरोपी महिदपुर आया हुआ है। निरीक्षक मनोहर बडोदिया की टीम रवाना की गई और ग्राम दुबली से राज डोडिया को गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। जिसे कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। निरीक्षक बडोदिया के अनुसार आरोपी राज ने ट्रक 2 अन्य लोगों को देना बताया है। जिनकी तलाश कर ट्रक बरामदगी के प्रयास किये जा रहे है।

# गणेश जी की स्थापना में लगने वाली सामग्री का गुच्छा बीते साल की अपेक्षा एक भाव 50 रू का

**लड्डू से लेकर मोदक और अन्य भोग सामग्री भी बाजार में महंगे ही बिके**









दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गणेश चतुर्थी पर बाजार में मुंह मांगे दाम की स्थिति कायम देखी गई। बाजार में पिछले वर्ष तक 20 रूपए में मिलने वाला स्थापना पूजन में लगने वाली सामग्री का गुच्छा इस बार एक भाव 50 रूपए में ही बेचा गया। भगवान के प्रिय भोग बुंदी के लड्डू एवं मोदक पर भी महंगाई छाई हुई रही और भोग सामग्री में महंगाई का तडका लगा रहा । इसके बावजूद गणेश स्थापना को लेकर आमजन में काफी रूझान देखा गया है।

सर्वप्रिय देव प्रथम पूज्य श्री गणेश की चतुर्थी पर्व पर बाजार में एकदम से महंगाई एवं मनमाने दाम की काली छाया छाई रही। पूजन में उपयोग आने वाले पान के पत्ते फ्रीगंज बाजार में 10 रूपए के तीन बेचे जा रहे थे तो कमल पुष्प 10 रूपए के दो। पीओपी की छोटी प्रतिमाओं की फिक्स दर थी। इसमें सीधे 101 रूपए से ही शुरूआत हो रही थी। उसके बाद सीधे 121,151,201 की दर ही चल रही थी। इको फ्रेंडली मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं की दर सीधे 251 से ही मांग की जा रही थी।

### बूंदी लड्डू एवं मोदक दोनों महंगे-

बाजार में मिष्ठान भंडारों पर शकर के दाम बढने का असर देखा गया है। बूंदी के लड्डू 650 एवं मोदक750 रूपए किलो दाम में बेचे जा रहे थे। मावा लड्डू के दाम और उंचे थे।इसके अलावा स्पेशल मिठाईयों को भी बेचा जा रहा था। मिष्ठान दुकानों पर ज्यादा मांग मोदक एवं बूंदी के लड्डू की ही रही। दुकानदारों का कहना था कि इनमें इस्तेमाल की जाने वाली समस्त सामग्री के दाम में खासी बढोतरी के बाद भी हमने तो मात्र किलो पर 50 से 100 रूपए की ही वृद्धि की है।

### गुलाब जमकर महंगा-

गणेश स्थापना में ज्यादातर बेचने वाले गेंदा फूल ही लेकर बैठे थे। गुलाब का एक फीट का हार बनाकर देने के एवज में एक सौ रूपए की मांग की जा रही थी। भाव-ताव एवं मनुहार के बाद इसे 80 रूपए में दिया जा रहा था। जिन ग्राहकों ने भाव नहीं किया उन्हें तो सीधे तौर पर एक सौ रूपए में ही हार दिया गया। रेहडी दुकानदारों का कहना था कि मौसम अनुकूल नहीं होने से गुलाब की आवक कमजोर है और जो फूल आ रहा है वो मालवी गुलाब है जो कि खिर रहा है ऐसे में हार मुश्किल से बन रहा है।

### पूजन सामग्री सीधे 50 की-

गणेश प्रतिमा स्थापना में जंगल की सामग्री उपयोग में लाई जाती है। इसमें आंवला फल,आंकडा,जंगली मेंहदी,कपास,भूट्टा,केल,आंकडा, सहित अन्य सामग्री शामिल रहती है। पिछले वर्ष तक यह सामग्री गुच्छे में 20 रूपए में ही बेची जाती थी। इस वर्ष इन समस्त सामग्री के दाम सीधे 50 रूपए ही वसूले जा रहे थे और उसमें भी सामग्री नाम मात्र की एक ड्ढएक ही रखी जा रही थी।

### महाराष्ट्र समाज में मंगलध्वनि और जयघोष के साथ विराजे गणपति बप्पा

**उज्जैन।** महाराष्ट्र समाज द्वारा तिलक स्मृति मंदिर, क्षीरसागर स्थित समाज भवन में सोमवार को 12 दिवसीय पारंपरिक श्री गणेशोत्सव का उत्साह और भक्तिमय वातावरण में शुभारंभ हुआ। मालीपुरा स्थित रुद्र होटल से श्री गणपति बप्पा की प्रतिमा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से प्रतिमा की स्थापना की गई। समाज का यह गणेशोत्सव 25 सितंबर तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। पारंपरिक वेशभूषा में शामिल समाजजनों ने गणपति बप्पा मोरया के जयघोष और मंगलध्वनि के साथ बप्पा की अगवानी की। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत और पूजन किया। तिलक स्मृति मंदिर पहुंचने पर पंडित अनिरुद्ध पुराणिक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमा की स्थापना कराई गई। गणेशोत्सव समिति के संयोजक चंद्रकांत फटाले ने मुख्य यजमान के रूप में सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। इसके पश्चात महाआरती कर समाज और नगर की सुख-समृद्धि, शांति तथा मंगल की कामना की गई। बप्पा के मंगल आगमन के अवसर पर महाराष्ट्र समाज के अध्यक्ष पंकज चांदोरकर, सचिव विश्वास करहाडकर, कोषाध्यक्ष रविन्द्र वि मुले, वसंत आप्टे, प्रदीप जोग, गणेशोत्सव समिति अध्यक्ष संजय दिवटे, उपाध्यक्ष श्रीमती कीर्ति गुमास्ते व तुषार मुजुमदार, सचिव चंद्रकांत फटाले, कोषाध्यक्ष रविन्द्र अयाचित, अनिल देवलासे, पांडुरंग गुमास्ते, आदित्य गुमास्ते, अजय आगरकर, जगन्नाथ अष्टिकर, सुनील गर्गे और आलोक मोढ़े सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। संजय दिवटे ने बताया कि गणेशोत्सव के आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति व परंपराओं से जोड़ना और सामाजिक समरसता को और अधिक मजबूत करना है।

### क्षिप्रा की मिट्टी से बनाई चार फीट की गणेश प्रतिमा

**उज्जैन।** शहर में एक निजी कंपनी के एरिया मैनेजर हरिश तिवारी ने इस वर्ष क्षिप्रा नदी की पवित्र मिट्टी से चार फीट ऊंची भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा तैयार की है। कभी बचपन में मिट्टी की मूर्तियां बनाने पर मां की डांट खाने वाले हरिश पिछले 16 वर्षों से लगातार ईको-फ्रेंडली प्रतिमाएं बना रहे हैं। नौकरी के साथ-साथ अपनी कला और आस्था को सहेजने वाले हरिश ने अपनी इस अनूठी प्रतिभा से अलग पहचान बनाई है। हरिश की मूर्तिकला की सराहना वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी कर चुके हैं। जब डॉ. यादव मध्य प्रदेश के शिक्षा मंत्री थे, तब उन्होंने हरिश द्वारा बनाई गई गणेश प्रतिमा देखकर उनकी प्रतिभा की जमकर तारीफ की थी। प्रदेश के मुखिया से मिली वह प्रशंसा हरिश के लिए आज भी एक यादगार पल है। हरिश बताते हैं कि बचपन में जब वे मिट्टी से गणेश जी की प्रतिमा बनाया करते थे, तो मां उन्हें पढ़ाई पर ध्यान देने की बात कहकर डांटती थीं। लेकिन समय के साथ यही शौक उनकी आस्था का अहम हिस्सा बन गया और अब वे हर साल प्राकृतिक मिट्टी से गजानन का स्वरूप गढ़ते हैं। मूर्तिकला के साथ-साथ हरिश में संगीत का भी गहरा जुनून है। वे एक उम्दा गायक हैं और महान पार्श्वगायक मोहम्मद रफी के गीतों को गाना उनकी खास पसंद है। हर वर्ष वे रफी साहब के सदाबहार नगमों को अपनी आवाज देकर संगीतप्रेमियों के बीच शानदार प्रस्तुतियां देते हैं। नौकरी, मिट्टी की कला और संगीत का यह त्रिवेणी संगम उनके व्यक्तित्व को एक खास रंग देता है।

# धर्म क्यों स्थिर रहे



बारिश के मौसम में सिर्फ भारत है, जहां विभिन्न देवताओं की मूर्तियां बनाकर उनका उत्सव मनाया जाता है। इस भीगे मौसम में लोग ज्यादा बाहर घूम नहीं सकते, तो अंतमुर्खी हो जाते हैं। इसका उपयोग पुराने लोगों ने आध्यात्मिक जागरण के लिए किया। बड़ी रचनात्मक ऊर्जा रही होगी, जिसने तरह-तरह के देवताओं की कल्पना की। देवता प्रतीक हैं, मनुष्य के अवचेतन मन के। ये शक्तियां हैं, जो इंसान के भीतर बसती हैं। उन शक्तियों को देवताओं का रूप देकर गढ़ा गया था। जिन्होंने इन कहानियों को रचा होगा, बड़े कल्पनाशील थे, बड़ा काव्य था, अब वे धर्म का हिस्सा बन गए हैं।

गौर कीजिए, चूहे को गणेश जी का वाहन माना गया है। गणेश जी विद्या और बुद्धि के प्रतीक हैं, उनका साधन है तर्क। बुद्धि बहुत तर्क-कुतर्क करती है। वही चूहे का स्वभाव है। चूहा कुतरता रहता है। यह कमाल का अवलोकन है! वेद-पुराणों में देखें, तो यजुर्वेद में गणेश का जिक्र मिलता है, वह भी इस तरह कि हम गणेश जी का ध्यान करते हैं, ताकि वह हमारी बुद्धि को प्रकाशित करें, हमें सन्मार्ग के लिए प्रेरित करें। समय की धारा में मूल अर्थ खो गया और लोगों का देवताओं के साथ संबंध सिर्फ मांगने का रह गया।

दूसरे, हम यह भूलते चले गए हैं कि सारे देवता एक मिथक हैं, हमारी माइथोलॉजी का हिस्सा हैं। आज अगर हम यह चाहते हैं कि हमारे सारे पौराणिक प्रतीक आधुनिक मनुष्य के रहनुमा बनें, तो उनको नए रूप ढालना होगा। यह काम कार्ल गुस्ताव युंग ने किया है। विश्व की अनेक सभ्यताओं ने अपने देवताओं के रूप बनाए हैं। ये देवता अवचेतन मन की प्रतिमाएं हैं। मजे की बात यह है कि चूंकि ये मानव मन से उपजी छवियां हैं, इसलिए ये मानवीय भावनाओं से ओतप्रोत हैं। ये क्रोधित भी होते हैं, लालच में भी पड़ते हैं और जरा सी स्तुति-प्रशंसा से प्रसन्न भी हो जाते हैं। आज के वैज्ञानिक जगत में इनकी कहानियों को जिंदा रखना है, तो इनके मर्म को जानना जरूरी है। विज्ञान और टेक्नोलॉजी ने इतनी ऊंची छलांगें लगाई हैं कि उसके बराबर भावनाओं का भी विकास होना चाहिए, नहीं तो आदमी अपंग रह जाएगा। बुद्धि तो बहुत उत्तुंग हो गई और भाव अभी भी हैं बच्चों जैसे।

ओशो का सुझाव है कि मिथकों से जुड़ी सभी कहानियां बहुत प्यारी हैं और इनको कभी रुकना नहीं चाहिए। समय के साथ इनको बदलते रहना चाहिए, गतिमान रहना चाहिए। अब देवताओं को मानवीय रूप न देकर ऊर्जा की तरह दिखाना चाहिए, तो ही वे नई पीढ़ी के काम आएंगे। लोग हर साल नया मोबाइल बदलते हैं, कंप्यूटर अपग्रेड करते हैं, लेकिन धर्म? धर्म को भी तो अपग्रेड होना चाहिए। धर्म क्यों स्थिर रहे?



## सम्पादकीय

## सफल सम्मेलन

भारत की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स का 18वां शिखर सम्मेलन हर लिहाज से सफल रहा है। यह सुखद है कि ब्रिक्स के नेताओं ने सर्वसम्मति से नई दिल्ली घोषणापत्र को स्वीकार किया है। वैश्विक संघर्षों और आतंकवाद के विरोध के साथ ही व्यापार, जलवायु, प्रौद्योगिकी और विकास में सहयोग बढ़ाने पर ब्रिक्स देश फिर सहमत हुए हैं। विस्तृत मंथन के बाद जारी नई दिल्ली घोषणापत्र में करीब 140 सूत्रीय घोषणाएं हैं। पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा घोषणापत्र में की गई है। चीन की मौजूदगी में इस निंदा का खास महत्व है। पश्चिम एशिया में लगातार तनाव की स्थितियां बनी हुई हैं और इनके समाधान के लिए ब्रिक्स की घोषणाएं बहुत महत्व रखती हैं। परमाणु संघर्ष को लेकर बढ़ती चिंता को संबोधित करना भी बहुत जरूरी था। आज दुनिया में जिस तरह से वैश्विक कानूनों व सहमतियों का उल्लंघन हो रहा है, उसका विरोध बहुत जरूरी था। शांति और सहयोग का संदेश देने में ब्रिक्स का यह सम्मेलन बहुत सफल रहा है।

दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया भाषण भी बहुत प्रभावी रहा है। उन्हें सुनने के लिए रूस के राष्ट्राध्यक्ष व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी मौजूद थे। भारतीय प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि ब्रिक्स सहयोग केवल सरकारों तक ही सीमित न रहे। हमारे उद्यमी, किसान, शोधकर्ता, महिलाएं, युवा और आम नागरिक भी इसमें सक्रिय भागीदार बनें। निस्संदेह, आज के समय में ब्रिक्स एक ऐसा प्रभावी संगठन है, जिसमें दुनिया के गरीब व वंचित देशों की आवाज भी सुनी जा रही है। भारतीय विदेश नीति के अनुरूप ही ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री ने हर अवसर पर सहयोग की भावना पर बल दिया है। भारत ने अपनी तकनीकी, प्राकृतिक, सांस्कृतिक ताकत का प्रदर्शन तो बखूबी किया है, लेकिन स्वार्थ पर उचित ही परमार्थ की भावना हावी दिखी है। सम्मेलन में भारत की सामूहिक चेतना सजग व सक्रिय दिखी है। जिस तरह से दुनिया भर से आए नेताओं का सत्कार किया गया है, जिस तरह से द्विपक्षीय संवादों की रूपरेखा रही है, उससे भारत के सम्मान में निश्चित ही वृद्धि हुई है। कोई संदेह नहीं, सामूहिक संवाद की तुलना में भारत ने द्विपक्षीय संवादों से ज्यादा कुछ हासिल किया है। ब्रिक्स के सदस्य व भागीदार, दोनों ही तरह के देशों के साथ भारत के रिश्तों में गर्मजोशी बढ़ती दिख रही है।

### एक उत्सव, जो हमें पाने से ज्यादा छोड़ना सिखाता है?

# गणेशजी को पूजते हैं, क्या उनके संदेश को जीते भी हैं?

हर वर्ष गणेशजी का आगमन केवल उत्सव नहीं, स्वयं से मिलने का अवसर भी होता है। गणेश चतुर्थी आस्था, आनंद और सामूहिकता का ऐसा पर्व है, जिसका अर्थ हर बार नई दृष्टि से खुलता है। गणेशजी का स्वरूप ही जीवन का गहरा दर्शन समेटे है-हाथी का मस्तक, मानव देह, एकदंत, विशाल उदर और साथ में मूषक। यह विलक्षण रूप बताता है कि जीवन की सुंदरता एकरूपता में नहीं, विविधताओं को सम्मानपूर्वक स्वीकारने में है। जब मनुष्य स्वयं को पूर्ण और सफल दिखाने की दौड़ में रहता है, तब गणेश चतुर्थी याद दिलाती है कि अधूरापन जीवन की स्वाभाविक सच्चाई है, कमी नहीं। अपनी कमियों को स्वीकारकर उन्हें आत्मविकास की शक्ति बनाना ही वास्तविक सामर्थ्य है। मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमा इसी भाव को साकार करती है।



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

गणेशजी का वाहन मूषक भी अपने भीतर जीवन का सूक्ष्म संदेश समेटे है। चंचलता और निरंतर सक्रियता का प्रतीक मूषक आज के मनुष्य की भागती इच्छाओं का भी प्रतिबिंब है। डिजिटल संसार ने जानकारी, संपर्क और अवसर बढ़ाए हैं, तो लाइक्स, प्रशंसा, प्रसिद्धि और त्वरित संतुष्टि की चाह भी बढ़ी है। यही चाह कई बार मनुष्य को स्वयं से दूर कर देती है। गणेशजी के चरणों में बैठा मूषक याद दिलाता है कि इच्छाएं स्वाभाविक हैं, पर उनका संयम आवश्यक है। छोटी इच्छाओं और आकर्षणों पर विवेक का नियंत्रण ही मन को स्थिर रखता है। जीवन की सच्ची उपलब्धि अधिक पाने में नहीं, बल्कि जो मिला है उसमें संतोष, संयम और संतुलन खोजने में है।

मिट्टी से गणेश प्रतिमा का बनना और फिर उसी मिट्टी में विलीन हो जाना जीवन की क्षणभंगुरता और प्रकृति से हमारे अटूट संबंध का मार्मिक संदेश है। मिट्टी प्रकृति से आती है, आकार पाती है, श्रद्धा का केंद्र बनती है और अंततः प्रकृति में लौट जाती है। यही चक्र सिखाता है-परिवर्तन ही जीवन का शाश्वत सत्य है। फिर भी मनुष्य धन, वस्तुओं, प्रतिष्ठा और उपलब्धियों को स्थायी मानकर उनसे मोह बाँध लेता है। गणेश-विसर्जन केवल विदाई नहीं, आसक्ति



छोड़ने की सहज आध्यात्मिक सीख भी है। साथ ही यह स्मरण कराता है कि प्रकृति से लिया हर संसाधन सम्मान, संवेदना और जिम्मेदारी की माँग करता है। प्रकृति का सम्मान ही हमारी जीवनशैली का संस्कार बने।

गणेशजी का एकदंत स्वरूप जीवन का गहरा सत्य कहता है-पूर्णता हमेशा हमारी अपेक्षाओं जैसी नहीं होती। परिस्थितियाँ बदलती हैं, योजनाएँ अधूरी रह जाती हैं और उपलब्धि के लिए कई बार त्याग करना पड़ता है। हम असफलता और नुकसान को सहज नहीं मानते, पर एकदंत सिखाता है कि कोई कमी हमारी पूरी पहचान नहीं बन सकती। अनुभवों से सीखकर आगे बढ़ना ही शक्ति है। कला, विज्ञान और नवाचार भी प्रयोग, असफलता और अधूरे प्रयासों से आगे बढ़ते हैं। इसलिए हर अधूरा प्रयास अंत नहीं, अगले प्रयास की नींव है। जीवन की कमी को कमजोरी नहीं, आगे बढ़ने की प्रेरणा बनाना ही एकदंत का संदेश है।

गणेशोत्सव का सामूहिक स्वरूप भारतीय सामाजिक जीवन की बड़ी ताकत सामने लाता है। पंडालों में अलग-अलग आयु, वर्ग और सामाजिक पृष्ठभूमि के लोग एक साथ आते हैं। सामूहिक आरती, दर्शन, प्रसाद और उत्सव दूरियाँ मिटाकर आत्मीयता बढ़ाते हैं। जब व्यस्त जीवन और डिजिटल माध्यमों ने प्रत्यक्ष संवाद सीमित कर दिया है, ऐसे अवसर सामाजिक जुड़ाव को नई ऊर्जा देते हैं। मोदक और प्रसाद बाँटना केवल परंपरा नहीं, खुशी साझा करने की सुंदर भावना है। गणेशोत्सव याद दिलाता है कि समाज केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों से नहीं, सहयोग, सम्मान और सहभागिता से समृद्ध होता है। साथ मनाया गया उत्सव यह एहसास जगाता है कि हम अकेले नहीं, एक बड़े सामाजिक परिवार का हिस्सा हैं।

गणेशजी बुद्धि और विवेक के आराध्य हैं। उनका विशाल उदर जीवन के विविध अनुभवों को सहजता से स्वीकारने का प्रतीक है। ज्ञान केवल तर्क और जानकारी नहीं; उसमें अनुभव, कल्पना, संवेदना और परिस्थितियों को समझने की क्षमता भी शामिल है। आधुनिक जीवन में हर चीज को निश्चित और व्यवस्थित रखने की चाह कई बार नए विचारों की राह रोक देती है। सृजन के लिए प्रश्न, प्रयोग और अनिश्चितता को स्वीकारना भी जरूरी है। गणेशजी का स्वरूप संतुलित बुद्धि की प्रेरणा देता है-विवेक के साथ कल्पना, अनुशासन के साथ सहजता और ज्ञान के साथ संवेदनशीलता। यही संतुलन व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की प्रगति की सच्ची आधारशिला है। उत्सव के बाद का विसर्जन और उसके बाद पसरा सन्नाटा भी गहरा संदेश देता है। जहाँ कुछ दिन पहले उत्साह, संगीत, प्रकाश और सामूहिकता थी, वहाँ अचानक खालीपन दिखाई देता है। यह खालीपन उदासी नहीं, ठहरकर स्वयं को देखने का अवसर है। हर उत्सव के बाद सामान्य दिन लौटते हैं और यही जीवन में संतुलन सिखाते हैं। प्रतिमा के विसर्जन के साथ हम अनावश्यक आसक्तियों, पुरानी आदतों और नकारात्मक भावनाओं को भी पीछे छोड़ने का संकल्प ले सकते हैं। खाली पंडाल याद दिलाता है कि हर अंत में नई शुरूआत छिपी है। कई बार शून्य ही नई रचना के लिए सबसे जरूरी जगह बनता है।

गणेश चतुर्थी केवल आस्था का पर्व नहीं, जीवन को समझने का अवसर है। गणेशजी का स्वरूप विविधताओं को स्वीकारना सिखाता है; एकदंत अपूर्णता में आगे बढ़ने, मूषक इच्छाओं पर संयम रखने, मिट्टी और विसर्जन प्रकृति, परिवर्तन व अनासक्ति को समझने, सामूहिक आरती आत्मीयता जगाने और विशाल उदर जीवन के हर अनुभव को स्वीकारने का संदेश देता है। विसर्जन के बाद का शून्य भी नई शुरूआत की जगह बनता है। यही इस पर्व का सार है-विघ्नों से मुक्ति की प्रार्थना के साथ विवेक, संतुलन, संवेदना और सकारात्मक परिवर्तन का संकल्प। गणेशजी के चरणों में अपनी इच्छाओं के साथ अपनी अधूरी कहानियाँ रखना ही इस पर्व की सच्ची आत्मीयता है; क्योंकि पूर्णता कमी मिटाने में नहीं, उसे स्वीकारकर बेहतर बनने की निरंतर यात्रा में है।

### जंग लगा मेडल

ज़िला खेल परिसर के मुख्य प्रशासनिक भवन के बाहर कंक्रीट की सीढ़ियों पर पचहत्तर साल के रघुवीर दादा हर शनिवार सुबह ठीक दस बजे आकर बैठ जाते थे। उनके कांपते हाथों में शीशम की लकड़ी वाली एक पुरानी टूटी हुई हॉकी स्टिक और फीते से बंधा एक जंग लगा पीतल का मेडल हमेशा रहता था जिसे वे अपनी मैली धोती के छोर से बार-बार पोंछते रहते थे। आज उनतीस अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के भव्य उत्सव के मौके पर जब सुरक्षा गार्ड ने उन्हें मुख्य द्वार पर बैठा देखा तो अपनी सीटी बजाते हुए ठहाका लगाकर बोला कि ₹दादा जब आज पूरे देश में मेजर ध्यानचंद की जयंती और राष्ट्रीय खेल दिवस का जश्न मनाया जा रहा है और बड़े-बड़े खिलाड़ी सम्मानित हो रहे हैं तो इस टूटी लकड़ी की छड़ी को रोज अपनी छाती से चिपकाकर यहाँ क्या भीख मांगने का नया तमाशा खड़ा करते हो। रघुवीर दादा अपनी पुरानी धुंधली ऐनक को धोती से साफ करते और बहुत धीमी आवाज में मुस्कुराकर कहते कि बेटा यह टूटी स्टिक केवल लकड़ी का टुकड़ा नहीं है बल्कि इस पूरे खेल महकमे की वो अंधी संवेदनहीनता है जिसने मैदान के पसीने को कागजों की स्याही में दफन कर दिया है। आसपास खड़े तमाम दलाल और कोच उनका उपहास उड़ाते हुए कहते कि ₹लगता है इस बुढ़ापे में दादा की मति मारी गई है जो राष्ट्रीय खेल दिवस के पावन उत्सव को अपनी हठ की भेंट चढ़ाने चले आए हैं। रघुवीर दादा किसी की बात का तनिक भी मलाल किए बिना उस मेडल को अपनी कांपती उंगलियों से सहलाते और चुपचाप वीआईपी गाड़ियों के काफिले का इंतजार करते रहते थे। खेल विभाग के सभी बाबू और प्रशिक्षक रघुवीर दादा की इस साप्ताहिक मूक उपस्थिति से भलीभांति वाकिफ हो चुके थे और उन्हें एक सनकी बुजुर्ग मानकर पूरी तरह अनदेखा कर देते थे। दफ़्तर का बड़ा बाबू जब भी विजेता खिलाड़ियों की सूची लेकर खेल अधिकारी के केबिन की तरफ बढ़ता तो रघुवीर दादा बहुत उम्मीद से अपनी लाठी के सहारे खड़े हो जाते और हाथ जोड़कर कहते कि ₹बाबू जी क्या आज उस राष्ट्रीय खिलाड़ी पेंशन और इलाज वाले कागज पर साहब के दस्तखत हो गए।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 15 सितंबर 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:17 सूर्यास्त 18:27
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - चतुर्थी 07:44 उपरांत पंचमी
नक्षत्र - स्वाति 15:21 उपरांत विशाखा
योग - ऐन्द्र 12:20 उपरांत वैधृति
करण - विष्टि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण तुला में रहेगा।
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 03 तारिख

**मेष-** चंद्रमा 7वें भाव (तुला) में प्रवेश करेगा, जिससे साझेदारियों में बड़ा लाभ होगा।

**वृषभ-** व्यापारिक सौदों में प्रगति होगी और नए विचारों पर चर्चा संभव है।मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ महसूस करेंगे।

**मिथुन-** प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी तथा जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। रुका हुआ धन वापस मिलने के योग हैं।

**कर्क-** चौथे भाव में चंद्रमा का प्रवेश संपत्ति या वाहन से जुड़े लाभ देगा।

**सिंह-** प्रॉपर्टी या निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा लाभ मिल सकता है।

**कन्या-** परिवार और पार्टनर के बीच तालमेल अच्छा रहेगा। निवेश के लिए समय अनुकूल है।

**तुला-** चंद्रमा आपकी अपनी राशि के 1ले भाव में प्रवेश कर रहा है, जिससे मानसिक स्पष्टता मिलेगी।

**वृश्चिक-** कला, फैशन और लग्जरी से जुड़े कारोबारियों को बेहतरीन लाभ होगा।

**धनु-** लव पार्टनर के साथ रोमांटिक समय बीतेगा। अचानक धन लाभ के योग हैं।

**मकर-** 10वें भाव में चंद्रमा का गोचर करियर में नई ऊंचाइयों और प्रमोशन के योग बनाएगा।

**कुंभ-** व्यावसायिक गतिविधियों में बड़ा बदलाव या विस्तार संभव है। लव पार्टनर के साथ खुलकर बातचीत करें।

**मीन-** वित्तीय मामलों में स्थिति काफी मजबूत होगी। मानसिक तनाव से बचने के लिए ध्यान लगाएं।

## समसामयिक

# 'हनुमान अंश': सिनेमा जब साधना बना और हार गया बॉलीवुड का वैचारिक विष

थियेटर जब साक्षात पावन धाम बन गया । पिछले सप्ताह अहमदाबाद के एक खचाखच भरे सिनेमाघर में पैर रखते समय आभास नहीं था कि आधुनिकता की इस चकाचौंध के बीच एक अलौकिक अनुभूति प्रतीक्षा कर रही है। अमूमन सिनेमाघरों का माहौल जहाँ फुहड़ हरकतों, पॉपकॉर्न की खुशबू और अधकचरे मनोरंजन के शोर से भरा होता है, वहाँ 'हनुमान अंश' की पावन गाथा शुरू होते ही एक दिव्य सन्नाटा पसर गया। संतों की भूमि भारत की यह अनूठी विशेषता है कि जब यहाँ का जनमानस अपनी जड़ों से जुड़ता है, तो आधुनिक थियेटर की कुर्सियां भी किसी सत्संग की चटाई में तब्दील हो जाती हैं। महान संत नीम करौली बाबा (महाराज जी) के बाल्यकाल की वैराग्य यात्रा और जनसेवा के संकल्प को पर्दे पर देखते हुए मेरी स्वयं की आँखें कम से कम चार से पांच बार आंसुओं से भीग गईं। और यह अश्रुधारा केवल मेरी नहीं थी; नजर घुमाई तो देखा कि पूरा हॉल एक ही भाव में डूबा हुआ था।



राजेश कुमावत
(दैनिक अवन्तिका)

पारिवारिक समागम और गूंजते जयकारेः एक दुर्लभ सांस्कृतिक दृश्य

पिछले कुछ दशकों में तथाकथित मुख्यधारा के सिनेमा ने ऐसी मयार्दाहीनता परोसी है कि भारतीय परिवारों ने सिनेमाघरों से दूरी बना ली थी। परंतु 'हनुमान अंश' ने इस दूरी को पाट दिया। थियेटर में कोई एकाकी युवा या हुड़दंगी भीड़ नहीं थी; बल्कि वहाँ भारतीय समाज का वास्तविक स्वरूप था-जहाँ दादा-दादी, माता-पिता और उनके छोटे-छोटे बच्चे एक साथ बैठकर इतिहास बनते देख रहे थे। जैसे ही स्क्रीन पर बाबा की भक्ति और सनातन सत्य प्रगाढ़ होता, पूरा सिनेमाघर 'नीम करौली बाबा की जय' और 'जय श्री राम' के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठता। बच्चों की खिलखिलाहट, बड़ों की भीगी आँखें और थियेटर की दीवारों को कंपाते वे जयकारे इस बात का जीवंत प्रमाण हैं कि भारत की सनातन आत्मा को कुचलना असंभव है।

लोकल ट्रेनों में गाने वाले नेत्रहीन सुनील की आवाज ने कैसे हिलाया पूरे देश का दिल?

यह फिल्म सिर्फ कानों को सुकून नहीं देती, बल्कि यह समाज के अंतिम पायदान पर खड़े उस हुनर को ईश्वरीय न्याय देती है जिसे दुनिया ने बिसरा दिया था। बुंदेलखंड के नेत्रहीन गायक सुनील लोधी, जो कभी दो वक्त की रोटी के लिए लोकल ट्रेनों में गाया करते थे और जिन्होंने बिना किसी स्कूली शिक्षा के सिर्फ लता मंगेशकर जी को सुन-सुनकर सुर साधे, आज वे देश के करोड़ों दिलों की धड़कन बन चुके हैं। जब थियेटर के बड़े स्पीकर्स पर सुनील लोधी की वो रूहानी और निष्कपट आवाज गूंजती है, तो दर्शकों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। उनके गाए भजन के बोल सीधे कलेजे को चीरते हैं:

इनमें मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान, अपनी नाव है चलाई..
अब तुम ही बचाओ मोहे संकट से, हे पवनपुत्र सुखदाई...

एक दृष्टिबाधित कलाकार की बंद आँखों से उपजे इन सात्विक सुरों ने पूरे देश की आध्यात्मिक आँखें खोल दी हैं। यही इस फिल्म की सबसे बड़ी और पवित्र कमाई है।

घर के मंदिर में लिखा एक गीत... और बन गया 200 करोड़ की फिल्म की आत्मा!

'हनुमान अंश' का निर्माण किसी व्यापार की तरह नहीं, बल्कि एक दिव्य यज्ञ की भांति हुआ है जहाँ हर व्यवस्था अपने आप जुड़ती चली गई। ग्वालियर के श्रेयस धर्माधिकारी के घर में एक छोटा सा हनुमान मंदिर है। उन्होंने किसी व्यावसायिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि सिर्फ अपने घर के विग्रह की सेवा के लिए एक भावुक स्तुति लिखी थी।


# शरीर के सात चक्र : संतुलन में छिपा स्वस्थ जीवन का संदेश

हमारे शरीर को केवल हड्डियों, मांसपेशियों और अंगों का ढांचा मानना अधूरा होगा। भारतीय योग परंपरा ने शरीर के साथ मन, भावनाओं और चेतना के संबंध को भी समझने का प्रयास किया है। इसी परंपरा में शरीर के सात प्रमुख चक्रों का उल्लेख मिलता है। इन्हें शरीर में ऊर्जा के प्रमुख केंद्र माना गया है। हालांकि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान चक्रों को अलग-अलग शारीरिक अंग या प्रमाणित जैविक संरचना नहीं मानता, फिर भी योग और ध्यान की परंपरा में इनका विशेष महत्व है।

योग दर्शन के अनुसार पहला चक्र मूलाधार है, जो रीढ़ के निचले हिस्से से जुड़ा माना जाता है। इसे स्थिरता, सुरक्षा और आत्मविश्वास का केंद्र कहा गया है। इसके बाद स्वाधिष्ठान चक्र आता है, जिसे भावनाओं, रचनात्मकता और जीवन में आनंद से जोड़ा जाता है।

तीसरा चक्र मणिपुर है, जिसका संबंध इच्छाशक्ति, आत्मबल और निर्णय लेने की क्षमता से माना जाता है। चौथा अनाहत चक्र हृदय क्षेत्र से संबंधित माना जाता है और प्रेम, करुणा, सहानुभूति तथा भावनात्मक संतुलन का प्रतीक है।

पांचवां विशुद्ध चक्र गले के क्षेत्र से जुड़ा माना जाता है। योग परंपरा में इसे अभिव्यक्ति, संवाद और सत्य बोलने



की क्षमता से जोड़ा गया है। छठा आज्ञा चक्र दोनों भौंहों के बीच माना जाता है। इसे एकाग्रता, अंतर्दृष्टि और आत्मचिंतन का केंद्र कहा गया है। सातवां सहस्त्रार चक्र सिर के ऊपरी भाग से संबंधित माना जाता है और इसे चेतना, आध्यात्मिक अनुभव तथा आत्मज्ञान का प्रतीक माना गया है।

इन चक्रों को लेकर सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन्हें केवल बीमारी ठीक करने का माध्यम नहीं समझना चाहिए। इनके साथ जुड़ी योग, ध्यान, श्वास और आत्मचिंतन की प्रक्रियाएं मन को शांत करने, तनाव कम करने और जीवनशैली को व्यवस्थित करने में मदद कर सकती हैं। नियमित योगाभ्यास और ध्यान से नींद, मानसिक शांति, एकाग्रता और भावनात्मक संतुलन में लाभ मिलने के प्रमाण मिलते हैं, लेकिन किसी विशेष रोग के उपचार के लिए केवल चक्रों पर आधारित दावे वैज्ञानिक चिकित्सा का विकल्प नहीं हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में सात चक्रों की अवधारणा हमें एक सुंदर संदेश देती है-स्वास्थ्य केवल शरीर का विषय नहीं, बल्कि शरीर, मन और जीवनशैली के संतुलन का नाम भी है। नियमित व्यायाम, संतुलित भोजन, पर्याप्त नींद, सकारात्मक सोच, संयमित दिनचर्या और समय-समय पर ध्यान मनुष्य को भीतर से मजबूत बना सकते हैं।

भारतीय योग परंपरा के सात चक्रों को यदि आत्मनिरीक्षण और संतुलित जीवन का प्रतीक मानकर अपनाया जाए तो यह आधुनिक जीवन में भी उपयोगी प्रेरणा बन सकते हैं। शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मन को शांत रखना और विचारों को सकारात्मक दिशा देना ही वास्तविक स्वास्थ्य की ओर बढ़ने का रास्ता है।

## धर्म-आस्था

# नाड़ी और सूक्ष्म शरीर का क्या है संबंध?

योग में शरीर की नाड़ियों को जीवन का आधार माना गया है क्योंकि मनुष्य की प्राण ऊर्जा इन्हीं नाड़ियों में प्रवाहित होती है। योग शास्त्र के अनुसार, शरीर में 72,000 नाड़ियाँ हैं और उनमें से इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना को विशेष महत्व दिया गया है। अध्यात्म के अनुसार, हर व्यक्ति के लिए नाड़ी तंत्र की व्यवस्था को समझना जरूरी है क्योंकि यह आपको अपने भीतर की स्थिति के प्रति जागरूक करता है। अपनी सांस पर ध्यान देना, यह देखना कि मन कब शांत है और कब अत्यधिक सक्रिय, तथा अपने शरीर और मानसिक अवस्था को समझना योग साधना का महत्वपूर्ण हिस्सा है। योग और तंत्र परंपरा में मानव शरीर को केवल दिखाई देने वाले भौतिक शरीर तक सीमित नहीं माना गया है। इसमें शरीर को तीन भागों में बांटा गया है, जिसमें से एक सूक्ष्म शरीर है। सूक्ष्म शरीर कोई भौतिक शरीर नहीं बल्कि भौतिक शरीर के अन्दर मौजूद चेतनात्मक शरीर है, जिसमें प्राण ऊर्जा यानी जीवन ऊर्जा के प्रवाह का वर्णन मिलता है। यह जीवन ऊर्जा अनेक नाड़ियों की मदद से पूरे शरीर में दौड़ता है। लोग अक्सर नाड़ी को शरीर की नसें या धमनियां समझ लेते हैं, जबकि नाड़ी शरीर के नसों की तुलना में बेहद सूक्ष्म होते हैं। यही कारण है कि ये सूक्ष्म शरीर में मौजूद होते हैं, जिन्हें विज्ञान के नजरिये से नहीं बल्कि अध्यात्म और आयुर्वेद के नजरिये से देखा जाता है। योग दर्शन में नाड़ियों को ऐसे सूक्ष्म मार्ग के रूप में समझाया गया है, जिनके माध्यम से प्राण का प्रवाह होता है। इसलिए आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में जिस नाड़ी की बात होती है और योग शास्त्र में जिस नाड़ी का वर्णन है, दोनों को एक ही चीज मानना उचित नहीं है। ग्रंथों में मानव के सूक्ष्म शरीर में नाड़ियों की संख्या 72,000 बताई गयी हैं। इन अनेक नाड़ियों में कुछ को प्रमुख माना गया है और उनमें भी तीन नाड़ियों का विशेष महत्व बताया गया है - इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना। तो, चलिए पहले इन तीनों नाड़ियों के बारे में समझते हैं...

### इड़ा नाड़ी क्या है?

इड़ा को योग परंपरा में चंद्र नाड़ी कहा जाता है। इसका संबंध शीतलता, शांति, अंतर्मुखता और ग्रहणशीलता जैसे गुणों से जोड़ा जाता है। योग के अनुसार इड़ा शरीर के बाईं ओर से संबंधित मानी जाती है और इसका संबंध बाएं नथुने से बताया जाता है। जब इड़ा का प्रभाव प्रमुख माना जाता है, तब ध्यान, अध्ययन, आत्मचिंतन और शांत गतिविधियों के लिए यह अवस्था अनुकूल मानी जाती है। इड़ा को चंद्र ऊर्जा से जोड़ने के कारण इसे मन की शांति और शीतल स्वभाव का प्रतीक भी माना जाता है।

### पिंगला नाड़ी का क्या महत्व है?

इड़ा के विपरीत पिंगला को सूर्य नाड़ी कहा जाता है। इसे सक्रियता, ऊर्जा, गर्माहट, कर्मशीलता और बाहरी गतिविधियों से जोड़ा जाता है। परंपरा में पिंगला का संबंध शरीर के दाहिने हिस्से और दाएं नथुने से बताया गया है। जब पिंगला प्रभावी मानी जाती है, तब शारीरिक गतिविधि, कामकाज और ऐसे कार्यों के लिए समय अनुकूल माना जाता है जिनमें सक्रियता और प्रयास की आवश्यकता होती है। इस प्रकार इड़ा और पिंगला को एक-दूसरे के पूरक रूप में समझा जा सकता है।

### सुषुम्ना नाड़ी सबसे महत्वपूर्ण क्यों मानी जाती है?

तीसरी प्रमुख नाड़ी है सुषुम्ना। इसे सूक्ष्म शरीर के मध्य मार्ग के रूप में बताया गया है। योग परंपरा में सुषुम्ना को विशेष महत्व इसलिए दिया गया है क्योंकि इसे आध्यात्मिक उन्नति और कुंडलिनी साधना से जोड़ा जाता है। इड़ा और पिंगला को द्वैत से जुड़ी धाराओं के रूप में देखा जाता है, जबकि सुषुम्ना को इनके बीच के केंद्रीय मार्ग के रूप में समझाया गया है। हठयोग और तांत्रिक परंपराओं में प्राण का सुषुम्ना में प्रवेश साधना की महत्वपूर्ण अवस्था माना गया है।

### नाड़ी शोधन प्राणायाम क्या है?

योग में नाड़ी शोधन एक प्रसिद्ध प्राणायाम पद्धति है। 'शोधन' का अर्थ शुद्धि या संतुलन से लिया जाता है। इस अभ्यास में बाएं और दाएं नथुने से बारी-बारी सांस लेने की प्रक्रिया शामिल होती है। योग परंपरा इसे नाड़ियों के संतुलन और मन की एकाग्रता से जोड़ती है। इसके अलावा स्वर योग में सांस के प्रवाह और नाड़ियों के बीच संबंध को विशेष महत्व दिया जाता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6700 विशाल 6400 से 6525 डंकी चना 5800 से 6200 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8200 से 8400 महाराष्ट्र लाल 8500 से 8800 कर्नाटक 8700 से 8900 निमाड़ी तुअर 6500 से 7900 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6700 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6400 से 6600 बिटकी 6000 से 6200 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 5700 टोली 5600 से 5800 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7800 से 7900 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 8500 से 8800 तुअर दाल 7900 से 8000 मीडियम 7900 से 8000 बेस्ट 10300 से 10600 एक्स्ट्रा बेस्ट 11400 से 11600 ब्रांडेड 13000 मूंग दाल 9100 से 9200 बेस्ट 9300 से 9400 मूंग मोगर 11100 से 11200 बेस्ट 11300 से 11400 उड़द दाल 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 मसूर दाल 7750 से 7850 बेस्ट 7950 से 8050 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी- 5901 काबली- 3350-7951, बटला- 3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,49,800 रवा- 1,49,600 चांदी- टंच- 2,35,000 पाट- 2,34,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

अब मंदसौर के मैदान पर शाजापुर का प्रतिनिधित्व करेंगे चयनित खिलाड़ी

# जिला स्तरीय क्रिकेट में कालापीपल का दबदबा, शुजालपुर रहा उपविजेता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

चोकों-छक्कों की गूंज और खिलाड़ियों के भारी उत्साह के बीच स्थानीय स्टेडियम में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार समापन हुआ। युवा खेल प्रतिभाओं ने बल्ले और गेंद से अपना ऐसा हुनर दिखाया कि हर कोई उनका मुरीद हो गया। कड़े मुकाबलों के बीच कालापीपल ब्लॉक की टीम ने बेहतरीन खेल का मुजाहिरा करते हुए चैंपियन का ताज अपने सिर सजाया, जबकि शुजालपुर की टीम ने अंत तक टक्कर देते हुए उपविजेता का स्थान हासिल किया। 17 वर्षीय बालक-बालिका और 19 वर्षीय बालिका वर्ग में रविवार को आयोजित इस अहम खेल स्पर्धा में मुख्य रूप से शाजापुर, शुजालपुर और कालापीपल



ब्लॉक की टीमों ने हिस्सा लिया था। सभी टीमों के खिलाड़ियों ने मैदान पर अपनी जीत के लिए पूरा दमखम लगा दिया।

### मंदसौर के लिए कसी कमर

इस प्रतियोगिता का एक बड़ा उद्देश्य आगामी राज्य/संभाग स्तरीय मुकाबलों के लिए जिले की बेहतरीन टीम तैयार करना था। जिला क्रीड़ा अधिकारी बी.एल. गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि स्पर्धा के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाले उत्कृष्ट खिलाड़ियों को चुन लिया गया है। अब ये होनहार खिलाड़ी अपनी तैयारियों को और धार देंगे तथा मंदसौर में आयोजित होने वाली आगामी क्रिकेट प्रतियोगिता में शाजापुर जिले की ओर से अपनी चुनौती पेश करेंगे।

### इनकी पारखियों ने चुनी टीम

प्रतिभाओं को तराशने और सही खिलाड़ियों के चयन की जिम्मेदारी चयनकर्ता मनोज आर्य और खलीक खान ने बखूबी निभाई। इस पूरे खेल आयोजन को भव्य और सफल बनाने में खेल प्रेमियों का खासा उत्साह देखने को मिला। मैदान पर व्यवस्थाओं और खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन में पवन उचावड़िया, विजय ठाकुर, गिरिराज सोलंकी, मनीष इचोरिया, विनय चौधरी, राजुराव, सोनू मेवाड़ा, सलोनी परमार, तृप्ति यादव और साक्षी राठौर का विशेष और सराहनीय योगदान रहा।

## पैदल जा रहे व्यक्ति को ऑटो ने मारी टक्कर, चालक फरार

**शुजालपुर।** फ्रीगंज क्षेत्र में पैदल घर जा रहे व्यक्ति को अज्ञात ऑटो चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में व्यक्ति के सिर, चेहरे और पैर में चोटें आईं। घटना के बाद चालक ऑटो लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार गुड्डु शाक्यवार निवासी मार्केटिंग सोसायटी के पास शुजालपुर मंडी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 4 सितंबर की रात करीब 8 बजे वह फ्रीगंज बाजार गया था। इसी दौरान उसके बड़े भाई रामचंद्र शाक्यवार पैदल घर की ओर जा रहे थे। कुबोटा ट्रैक्टर शोरूम के पास रेलवे स्टेशन की ओर से आए अज्ञात ऑटो चालक ने रामचंद्र को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर से रामचंद्र सड़क पर गिर गए और उनके सिर के दाहिने हिस्से, चेहरे तथा दाहिने पैर के पंजे में चोटें आईं। परिजन व आसपास के लोगों ने उन्हें निजी अस्पताल शुजालपुर मंडी पहुंचाया, जहां उपचार के बाद अगले दिन भोपाल ले जाकर भर्ती कराया गया। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद परिजन ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## रामदेव जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा शहर भक्तिमय हुआ



**आगर मालवा।** आगर-मालवा में सोमवार को बंजारा समाज ने बाबा रामदेव जी महाराज के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली। बड़ा गणपति मंदिर से शुरू हुई यात्रा में समाज के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा दोपहर में बड़ा गणपति मंदिर से शुरू हुई। इसमें अखाड़े, डीजे और बाबा रामदेव जी महाराज की झांकियां शामिल थीं। समाज के लोग भजन और धार्मिक गीतों के साथ यात्रा में आगे बढ़े। यात्रा के दौरान अखाड़ों के कलाकारों ने अलग-अलग करतब दिखाए। इन्हें देखने के लिए रास्ते में लोगों की भीड़ जुटी। झांकियां भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने इसका स्वागत किया। इस दौरान बाबा रामदेव जी महाराज के जयकारे गूंजते रहे।

## भीलवाड़िया में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरु

**देवास।** भीलवाड़िया गांव में 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा का समापन 18 सितंबर को होगा। 13 सितंबर से प्रतिदिन रात 8 बजे से 11 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। कथा का वाचन रलायती बड़ी निवासी कथावाचक पंडित ओमप्रकाश शर्मा के मुखारविंद से होगा। जिसमें श्रद्धालुओं को भगवान की लीलाओं और श्रीमद्भागवत के प्रसंगों का श्रवण कराया जाएगा। 18 सितंबर को कथा के समापन अवसर पर महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समस्त ग्रामवासियों भीलवाड़िया के सहयोग से किया जा रहा है।

## व्यावसायिक गरबा आयोजनों को अनुमति न देने की मांग

**खातेगांव।** धर्मप्रेमी हिंदू समाज ने शनिवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर नवरात्रि के दौरान होने वाले व्यावसायिक गरबा आयोजनों को अनुमति न देने की मांग की है। समाज का कहना है कि नवरात्रि मां शक्ति की आराधना और सनातन संस्कृति का पर्व है, इसलिए इसकी धार्मिक और सांस्कृतिक मर्यादा बनी रहनी चाहिए। ज्ञापन में चिंता जताई गई है कि व्यावसायिक आयोजनों के कारण यह पावन पर्व केवल मनोरंजन का जरिया बनता जा रहा है। समाज ने गरबा, माता और गणेश पंडालों के आसपास अमर्यादित पहनावे, असामाजिक तत्वों की पहचान छिपाकर एंट्री और नशाखोरी पर तुरंत सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की है। महिलाओं और युवाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए समाज ने गरबा स्थलों पर प्रवेश के समय पहचान जांच की पुख्ता व्यवस्था करने की अपील की है। धर्मप्रेमी समाज ने साफ किया कि यह मांग किसी समुदाय के खिलाफ न होकर धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक सुरक्षा के हित में है।

पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा का

# 'सेवा संकल्प अभियान', जन-जन तक पहुंचेगी 25 वर्षों की उपलब्धियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने और उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी 17 सितंबर से पूरे एक महीने का 'सेवा संकल्प अभियान' शुरू करने जा रही है। 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के जरिए पार्टी पीएम मोदी की सेवा यात्रा, सुशासन और 'विकसित भारत-2047' के विजन को सीधे आम जनता तक पहुंचाएगी।

शाजापुर में इस वृहद अभियान की रूपरेखा साझा करते हुए राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार ने बताया कि पीएम मोदी का अब तक का सफर सिर्फ राजनीतिक उपलब्धियों का नहीं, बल्कि गरीब कल्याण और समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने का रहा है। इसी भावना के साथ 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन को 'सेवा दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन शाम 7 बजे लोग अपने घरों में 'आशीर्वाद का दीया' जलाकर उनके 25 वर्षों के राष्ट्र-समर्पण के प्रति आभार जताएंगे।

अभियान को पूरी तरह से जनभागीदारी से जोड़ने पर जोर देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलेंगे। इस पूरे एक महीने के दौरान कई रचनात्मक और सेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें 2 अक्टूबर को विशेष स्वच्छता अभियान, स्कूलों में 'विकसित भारत' विषय पर प्रतियोगिताएं, स्वास्थ्य शिविर, रंगोली कार्यक्रम और गांव-गांव में 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' निकालना शामिल है। पार्टी का मुख्य फोकस इस बात पर है कि सरकारी योजनाओं का लाभ ले चुके लोगों की सफलता की कहानियां सामने आएं और युवाओं को 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज' जैसे कार्यक्रमों के जरिए राष्ट्र निर्माण से जोड़ा जा सके। इस मौके पर विधायक अरुण भीमावत सहित कई स्थानीय पदाधिकारी मौजूद रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी संजय शिवहरे ने दी। 3

एसीसी गोदाम से पहले भी चोरी हो चुकी

# ट्रक से बैटरी चोरी में दो गिरफ्तार, पुरानी चोरी का सुराग नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

रेलवे स्टेशन यार्ड के बाहर खड़े ट्रक से बैटरी चोरी के मामले में शुजालपुर मंडी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों से पूछताछ में वर्तमान चोरी की बैटरी के संबंध में जानकारी मिली, लेकिन क्षेत्र में पूर्व में हुई बैटरी चोरी के मामले में कोई सुराग नहीं मिल सका।

पुलिस के अनुसार आजाद नगर निवासी अदनान पिता इस्लाम खां ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने 10 सितंबर की शाम करीब 6 बजे सीमेंट भरने के लिए अपना टाटा 10 चक्का ट्रक रेलवे स्टेशन यार्ड के बाहर खड़ा किया था। अगले दिन सुबह करीब 8 बजे ट्रक लेने पहुंचा तो उसमें लगी बीएसएफ कंपनी की बैटरी गायब मिली। बैटरी की कीमत करीब 10 हजार 500 रुपए बताई गई। मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कृष्णानगर शुजालपुर निवासी रवि कुशवाह को पकड़ा। पूछताछ में उसने ट्रक से बैटरी चोरी करना स्वीकार करते हुए बताया कि चोरी की बैटरी उसने अरंडिया निवासी शकील खान को बेच दी थी। इसके बाद पुलिस ने सकील खान को भी गिरफ्तार कर लिया।

### एसीसी गोदाम से चार बैटरियां चोरी की शिकायत

इधर शुजालपुर मंडी निवासी ट्रांसपोर्ट व्यवसायी अतुल अग्रवाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उनकी ट्रक हेप्पी पेट्रोल पंप के पास स्थित एसीसी सीमेंट गोदाम पर खड़ा रहता हैं। यहां से किसी अज्ञात व्यक्ति ने ट्रकों में लगी चार बैटरियां चोरी कर लीं, जिनकी कीमत करीब 60 हजार रुपए बताई गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने अपने स्तर पर बैटरियों की तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। अग्रवाल ने शिकायत में यह भी बताया कि करीब एक वर्ष पहले भी इसी स्थान से दो बैटरियां चोरी हुई थीं, जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। उनका कहना है कि उस मामले में अब तक कार्रवाई की जानकारी नहीं मिली है। पुलिस के अनुसार वर्तमान मामले में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के दौरान एसीसी गोदाम से हुई इन पुरानी बैटरियों की चोरी के संबंध में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस वर्तमान चोरी के मामले में आगे की जांच कर रही है।

# विभागीय जांच में दोषी मिले एई ओझा, जल्द होगी कार्रवाई

मामला बिजली उपकेंद्र से स्क्रैप बेचने का

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

सिटी मंडी रोड स्थित बिजली कंपनी के 132 केवी उपकेंद्र से स्क्रैप बेचने के मामले में निलंबित एई विजय ओझा विभागीय जांच में दोषी पाए गए हैं। जांच पूर्ण होने के बाद रिपोर्ट जबलपुर मुख्यालय भेज दी गई है। वहीं से जल्द कार्रवाई होगी। वर्तमान में ओझा सिंगरौली में पदस्थ है।

बेशकीमती बिजली सामान चोरी करने के आरोप में दो कबाड़ी, वाहन चालक और मजदूर समेत 6 लोगों पर जनवरी 26 में केस दर्ज किया था जबकि मामले में एई विजय ओझा पर कबाड़ी और अन्य लोगों ने उन्हें स्क्रैप बेचने बताया था। मामला मीडिया में आने के बाद उज्जैन से आई दो सदस्यीय जांच कमेटी ने मामले में एई की गंभीर लापरवाही मानी थी। इस पर ओझा को तत्काल निलंबित कर सिंगरौली अटैच कर दिया गया था। एमपी ट्रांसको के 132 केवी ग्रिड शुजालपुर से स्क्रैप मटेरियल बेचने के मामले में सहायक अभियंता विजय ओझा के विरुद्ध विभागीय जांच पूरी कर ली है।

### कार्यपालन यंत्री ने दर्ज करवाई थी शिकायत

सिटी थाना शुजालपुर में 31 जनवरी को कार्यपालन अभियंता अरुणकुमार कनोजिया की सूचना पर कैलाश बागरी, जावेद खान, शकील खान, आरिफ खान, इस्माइल खान एवं आमिर के विरुद्ध चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया। केस में उल्लेख किया गया कि सामग्री 132 केवी उपकेंद्र से 220 केवी उपकेंद्र भेजी जानी थी, लेकिन वाहन चालक और अन्य लोग उसे वहां न ले जाकर कबाड़ी के घर ले गए। इधर पीड़ितों का कहना था कि सामग्री विभागीय अधिकारी ने ही बेची थी।

राहुल गांधी के कार्यक्रम को सफल बनाने कांग्रेस की बैठक

# 18 से 35 वर्ष के युवाओं के रजिस्ट्रेशन पर जोर, छात्रों को इंदौर ले जाने की बनाई रणनीति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 19 सितंबर को इंदौर में प्रस्तावित छात्रों की गूंज कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पं. लीलाधर जोशी समाधि स्थल पर ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस की बैठक हुई। बैठक में अधिक से अधिक छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने और 18 से 35 वर्ष के युवाओं का रजिस्ट्रेशन कराने पर जोर दिया गया।

प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र जोशी ने कहा कि कार्यक्रम के लिए अधिक से अधिक छात्रों का रजिस्ट्रेशन कराया जाए और उन्हें इंदौर ले जाने की व्यवस्था की जाए। प्रदेश महासचिव रामवीरसिंह सिकरवार ने कहा कि छात्रों की गूंज कांग्रेस का नहीं, बल्कि छात्रों की आवाज बुलंद करने का कार्यक्रम है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं से अपने साथ अधिक से अधिक छात्रों को इंदौर



ले जाने का आह्वान किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह ने कहा कि प्रत्येक मंडलम स्तर से तीन और ब्लॉक स्तर से कम से कम 10 वाहन इंदौर ले जाने की व्यवस्था की जाए। विधानसभा स्तर पर प्रमुख चौराहों पर स्क्रीन लगाकर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कराने की भी बात कही। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से 25-25 घरों में संपर्क कर 18 से 35 वर्ष के युवाओं का रजिस्ट्रेशन कराने का आह्वान किया।

बैठक को पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष केदार मेवाड़ा, कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष कैलाश उपलावदिया, सागर परमार, मोहन सिंह पंवार, कैलाश कुशवाह, बल्ला सोनी, पार्षद सिद्दीक पठान, विष्णु शर्मा सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर उमाशंकर व्यास, नीरज जैन, राजवीर सिंह सिकरवार, राजेंद्र सिसोदिया, पार्षद राजू दरबार, अन्नू पठान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हिमालेश्वर धाम में दान पेटी तोड़कर 3 लाख की चोरी

## पहचान छिपाने के लिए सीसीटीवी-डीवीआर भी ले गए; साइबर टीम जांच में जुटी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

शाजापुर जिले के मोरटा केवड़ी स्थित प्रसिद्ध पांडवकालीन हिमालेश्वर धाम में रविवार रात चोरी हो गई। चोरों ने मंदिर की दान पेटी तोड़कर उसमें रखे करीब 3 लाख रुपए चुरा लिए। वारदात के बाद मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी अपने साथ ले गए।

चोरी की जानकारी सोमवार को सामने आने के बाद मंदिर परिसर में हलचल मच गई। सूचना मिलने पर पोलायकलां चौकी प्रभारी दीपक धुर्वे मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।



इसके बाद बेरछा एसडीओपी नागेंद्र प्रताप सिंह, पोलायकलां तहसीलदार भागीरथ जायसवाल, फिंगर एक्सपर्ट और साइबर टीम भी मौके पर पहुंची।

टीम ने मंदिर परिसर में घटनास्थल की जांच कर जरूरी साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास के इलाके में संदिग्ध लोगों और उनकी आवाजाही की जानकारी भी जुटा रही है। अब तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक चोर सीसीटीवी सिस्टम की डीवीआर या चिप निकालकर अपने साथ ले गए। इससे आशंका है कि उन्होंने अपनी पहचान छिपाने और सबूत मिटाने के लिए ऐसा किया। पुलिस सभी पहलू की भी जांच कर रही है कि आरोपियों को मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी की जानकारी पहले से थी या नहीं।

घटना के करीब चार घंटे बाद बेरछा एसडीओपी नागेंद्र प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे। पुलिस अब मंदिर के आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। साथ ही तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर टीम तकनीकी साक्ष्यों की जांच कर रही है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

### धार्मिक स्थल पर चोरी से ग्रामीण नाराज

मंदिर में लाखों रुपए की चोरी की जानकारी मिलने के बाद श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में चोरी की घटनाएं हो रही हैं और अब धार्मिक स्थलों को भी निशाना बनाया जा रहा है। लोगों ने मंदिरों और प्रमुख धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।



## बाबा रामदेव जी के जन्मोत्सव पर विशाल भंडारे का आयोजित 12 वर्षों से जारी है सेवा का संकल्प

**शाजापुर।** शहर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लोकदेवता बाबा रामदेव जी का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इसी के साथ पिछले एक माह से चल रहे विशाल भंडारे का रविवार को विधिवत रूप से समापन हुआ। समापन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर बाबा के दरबार में माथा टेका और भोजन प्रसादी ग्रहण की। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि बाबा रामदेव जी के भक्तों की सेवा का यह कार्य पिछले 12 वर्षों से निरंतर जारी है। हर साल पूरे एक महीने तक यह भंडारा चलाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य रामदेवरा (रुणेचा) दर्शन के लिए जाने वाले पदयात्रियों और श्रद्धालुओं को सुविधाएं प्रदान करना है। समिति की ओर से इन यात्रियों के लिए निःशुल्क भोजन, शुद्ध पेयजल और नाश्ते की विशेष व्यवस्था की जाती है। इन दिनों शाजापुर और उसके आसपास के क्षेत्रों में आस्था और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। रामदेवरा जाने वाले श्रद्धालुओं के सेवार्थ कई जगह आयोजन किए गए। प्रमुख रूप से दुपाड़ा रोड स्थित चामुंडा माता मंदिर के समीप, करेड़ी नाके पर, सतगांव के पास, दुपाड़ा के आसपास और पचोर रोड सहित अन्य कई स्थानों पर भी भंडारे आयोजित हुए।

## नगरपालिका सीमा में होने के बावजूद सुविधाओं से वंचित थी रेवा ड्रीम कॉलोनी

सीएमओ ने किया निरीक्षण, सफाई व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश



**शुजालपुर।** नगरपालिका सीमा में शामिल होने के बावजूद पिछले कई वर्षों से मूलभूत नगरपालिका सुविधाओं से वंचित रेवा ड्रीम कॉलोनी की समस्याओं को लेकर वार्ड पार्षद सुभाष सणस की पहल पर नगरपालिका सीएमओ ने कॉलोनी का निरीक्षण किया। कॉलोनीवासियों ने सीएमओ को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। समस्याएं सुनने के बाद सीएमओ ने उनके निराकरण का आश्वासन दिया। साथ ही मौके पर ही सफाई कर्मचारियों और दरोगा को बुलाकर कॉलोनी में सफ ाई व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। कॉलोनी अध्यक्ष आकाश शर्मा सहित समिति सदस्यों ने बताया कि नगरपालिका सीमा में होने के बावजूद कॉलोनीवासियों को लंबे समय से नियमित नागरिक सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। सीएमओ के निरीक्षण के बाद लोगों को समस्याओं के समाधान की उम्मीद जगी है। इस दौरान समिति सदस्य फू लसिंह मीना, दीपक मेवाड़ा, महेश पुष्पद, सुरेंद्र परमार, अनूप चौहान, ललित गुप्ता, शशांक नेमा, महेश माहेश्वरी एवं ओमप्रकाश सेन सहित कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

## 900 किमी की तेजाजी ध्वज यात्रा शुरू:नेमावर से कन्नौद तक जगह-जगह स्वागत

**खातेगांव।** वीर तेजाजी महाराज की 8वीं ध्वज यात्रा रविवार को हंडिया से आरती के बाद शुरू हुई। यह करीब 900 किमी लंबी यात्रा है। यात्रा ने नेमावर, खातेगांव, अजनास, सतवास और कन्नौद से होते हुए उज्जैन की तरफ रुख किया। रास्ते में जगह-जगह समाज के लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान 'हर-हर तेजा, घर-घर तेजा' के जयघोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। यह यात्रा तेजाजी महाराज के प्रति आस्था और सामाजिक एकजुटता का संदेश लेकर निकली है। रास्ते में आने वाले गांवों और शहरों से भी समाज के लोग इसमें जुड़ रहे हैं। विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों ने भी यात्रा का जोरदार स्वागत किया और यात्रियों के साथ शामिल हुए।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम आवर, पटवारी हल्का आवर, तहसील आगर, जिला आगर मालवा में स्थित भुमि सर्वे नम्बर 1187 रकबा 0.4000 हैं., लगानी 7 रू. स्थित होरक आज दिनांक गगनपाल सिंह पिता प्रितपालसिंह आहुजा मकान नं. 71, सिल्वर मेंशन कॉलोनी बाईपास रोड़ इंदौर के नाम से दर्ज राजस्व कागजात है।

यह कि, उक्त सर्वे नं. 1187 रकबा 0.4000है. की चुतसीमा निम्नलिखित है- उत्तर दिशा में ग्राम देवली पीपलोन जाने वाला रास्ता । दक्षिण दिशा में भेरूसिंह, मांगुसिंह की कृषि भूमि। पूर्व दिशा में गोर्वधनसिंह की कृषि भूमि।

पश्चिम दिशा में- गीताबाई की कृषि भूमि, स्थित है को हमारे पक्षकार ने कृय करने का अनुबंध कर लिया है तथा बयाना पेटे राशि का भुगतान साक्षियो के समक्ष विक्रेता गगनपालसिंह को किया जाकर, सौदा चिठ्ठी पर विक्रेता के हस्ताक्षर करवा कुर, साक्षियो के हस्ताक्षर करवाकर, साक्ष्य युक्त करके, सौदा चिठ्ठी पूर्ण करवा ली है।

यहकि, उपरोक्त भुमि सर्वे नं. 1187 रकबा 0.4000 है. पर यदि किसी व्यक्ति को, किसी संस्था को, बैंक आदि की कोई लेनदारी / कर्ज, भारीत या अन्य कोई अधिकार/उपअधिकार / आपत्ति हो तो सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी होने के सात दिवस के भीतर भीतर मुझ हाईकोर्ट एडवोकेट के.एस परमार एडवोकेट सुसनेर के कार्यालय में समस्त ऑरीजनल दस्तावेज सहित लिखीत में देवे । यह कि, नियत अवधि व्यतित होने के बाद कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी। दिनांक-14.09.2026

**कनीराम सिंह परमार हाईकोर्ट एडवोकेट**
**डाक बंगला के पास जिला आगर-मालवा, मोबा. 94250-83716**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चन्द्रप्रकाश मूलचंदानी पिता श्री धरमदास जी मूलचंदानी, निवासी 41, शिवालय परिसर, इन्दौर रोड़, उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 286/1/1/1 रकबा 0.2450 हेक्टेअर ग्राम चंदुखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त भूमि में से 0.1110 हेक्टेअर भूमि मेरे पक्षकार को विक्रय अनुबन्धित की जा रही है। उक्त भूमि के पूर्व में भूमि सर्वे क्रमांक 286/1/1/1 का भाग है, पश्चिम में भूमि सर्वे क्रमांक 286/1/1/2 है, उत्तर में रोड़ है, दक्षिण में रोड़ है। उपरोक्त भूमि को क्रय करने का सौदा चिट्ठी मेरे पक्षकार विरेन्द्र सिंह आंजना पिता पदमसिंह आंजना, निवासी ग्राम विनायगा तहसील घटिया जिला उज्जैन ने किया है, उक्त अनुबन्ध-पत्र के पालन में मेरे पक्षकार विरेन्द्र सिंह आंजना उक्त सम्पत्ति का अनुबन्ध-पत्र का निष्पादन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त भूमि में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध में अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में संपर्क करे लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार विरेन्द्र सिंह आंजना द्वारा उक्त सम्पत्ति का अनुबन्ध-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार विरेन्द्र सिंह आंजना पर बन्धनकारी नही होगी।

**हेमन्त जायसवाल एडव्होकेट**
**कार्यालय ऑफिस क्रमांक 2, विजयवर्गीय टॉवर, अम्बेडकर प्रतिमा के पीछे, उज्जैन मो.न. 98273-48332**

## इंजेक्शन लगते ही मरीज की 10 मिनट में मौत

**मुरैना।** मुरैना शहर के मिल एरिया रोड स्थित कृष्णा हॉस्पिटल में सोमवार को उपचार के दौरान 55 वर्षीय मरीज की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामदीन कुशवाह निवासी जारोनी के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि रामदीन को बुखार के इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन लगाने के कुछ ही देर बाद उनकी हालत अचानक बिगड़ गई और करीब 10 मिनट में उनकी मौत हो गई। मरीज की मौत से नाराज परिजनों ने अस्पताल के बाहर शव रखकर हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने ट्रैक्टर को सड़क पर तिरछा खड़ा कर रास्ता जाम कर दिया। इससे सड़क पर आवागमन प्रभावित हुआ। हंगामे की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से चर्चा शुरू की। परिजन संबंधित डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि इंजेक्शन लगाने के बाद ही मरीज की तबीयत अचानक बिगड़ी। सीएसपी दीपाली चंदेरिया ने बताया कि मामले में फिलहाल तथ्यों को एकत्रित किया जा रहा है। पुलिस फिलहाल परिजनों से चर्चा कर मामले को शांत कराने और आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया में जुटी है।

## भागवत के साथ नितिन नवीन भी उज्जैन आएंगे

**उज्जैन।** उज्जैन में 17 और 18 सितंबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का प्रवास रहेगा। मोहन भागवत संघ की संगठनात्मक बैठकों और सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वहीं, नितिन नवीन 17 सितंबर को शिप्रा नदी किनारे सेवा संकल्प के तहत होने वाले 25 लाख दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोनों नेताओं के आगमन को लेकर संघ और भाजपा संगठन के साथ पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गीता भवन में चलने वाला कार्यक्रम सेवाज्ञ संस्थानम् 17 से 19 सितम्बर तक तीन दिन तक आयोजित होगा जिसमें स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज,आचार्य पुण्डरीक गोस्वामी,प्रसिद्द गीतकार मनोज मुन्तशिर इंदौर के डायरेक्टर हिमांशु राय, विष्णु प्रकाश त्रिपाठी सहित अन्य अतिथि शामिल होंगे। चर्चा है कि इन कार्यक्रमों के बाद संघ प्रमुख सरदारपुरा स्थित संघ कार्यालय आराधना भवन भी जा सकते हैं।

## जयपुर समेत 4 निगमों में भाजपा बनाएगी मेयर

**जयपुर।** राजस्थान के 10 नगर निगमों के लिए हुए चुनाव का सोमवार को रिजल्ट आ गया। जयपुर, उदयपुर, भीलवाड़ा, कोटा में भाजपा मेयर बनाएगी। बीकानेर में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिला। वहीं, पाली, अजमेर, भरतपुर और जोधपुर में निर्दलीय किंगमेकर रहेंगे। पाली और अजमेर में कांग्रेस और अलवर में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी। जोधपुर में कांग्रेस-भाजपा में कांटे की टक्कर है। भरतपुर में निर्दलीय आगे रहे। जयपुर में 4 और जोधपुर में एक वार्ड का रिजल्ट रोका गया है। यहां री-पोलिंग के बाद रिजल्ट घोषित किए जाएंगे। जयपुर के 4, जोधपुर के 1, कोटा के 3 और सुकेत नगर पालिका का 1 वार्ड शामिल नहीं है। जयपुर के 4, जोधपुर के 1, कोटा के 3 और सुकेत नगर पालिका का 1 वार्ड शामिल नहीं है। जयपुर में राजस्थान की सबसे बड़ी जीत-वार्ड नंबर 113 से कांग्रेस कैंडिडेट गजनफर अली ने 10014 वोटों से रिकॉर्ड जीत दर्ज की है। हॉट सीट माने जाने वाले वार्ड 112 से भाजपा कैंडिडेट और जयपुर की पूर्व मेयर ज्योति खंडेलवाल हार गईं हैं। वार्ड नंबर- 35 से भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता विमल कटियार भी 1461 वोटों से हारे हैं। जोधपुर में 21 साल की ल?की पार्षद बनीं- वार्ड नंबर 42 से कांग्रेस के शहर जिलाध्यक्ष ओंकार वर्मा 279 वोट से चुनाव हार गए हैं। वार्ड 51 से कांग्रेस की 21 साल की कैंडिडेट सरस्वती प्रजापत ने जीत दर्ज की है। वहीं, वार्ड 28 से फुटबॉल नेशनल प्लेयर और भाजपा प्रत्याशी विकास राघवानी जीत गए हैं।

## पत्नी को नैनी पुल पसंद था ... इसलिए यहीं से कूदा

**प्रयागराज** प्रयागराज में एक युवक ने उसी नैनी पुल से छलांग लगा दी, जो उसकी पत्नी को पसंद था। युवक ने ये कदम उठाने से पहले खुद सुसाइड नोट में ये बात लिखी। नदी में युवक को गिरते देख जल पुलिस के जवानों ने तुरंत मोटरबोट दौड़ा दी। गोताखोरों की मदद से युवक को सुरक्षित नदी से बाहर निकाल लिया गया। शुरुआती इलाज के बाद युवक की हालत ठीक बताई जा रही है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि युवक जौनपुर जिले का रहने वाला है। घटना सोमवार सुबह 9 बजे की है। आलोक सिंह (32) जौनपुर जिले के मुंगरा बादशाहपुर के अहमदपुर गरियांव गांव का रहने वाला है। वह आज सुबह बैग लेकर यमुना नदी पर बने नैनी पुल पर पहुंचा। वहां एक किनारे बैग को रखा। फिर पुल की रेलिंग पर खड़े होकर नदी में छलांग लगा दी। जल पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक को बचाया। पुलिस ने जब युवक का बैग चेक किया तो उसमें आधार कार्ड के साथ एक सुसाइड नोट मिला। इसमें लिखा था कि मेरे मरने के बाद पत्नी को फोन करके जानकारी दे दी जाए। जल पुलिस के जवानों ने साहस दिखाते हुए युवक की जान बचा ली।

## चांदी के रथ की मथुरा पुलिस ने शुरू की जांच

**मथुरा।** वृंदावन के ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में रथयात्रा पर लगने वाले चांदी के रथ को लेकर विवाद बढ़ गया है। इस साल रथ नहीं लगाए जाने के बाद इसके गायब होने की शिकायत की गई थी। मामला सामने आने के बाद मंदिर का प्रबंधन देख रही हाई पावर मैनेजमेंट कमेटी ने 3 सदस्यीय जांच समिति बनाई है। जांच के तहत रविवार को सीओ वृंदावन संदीप सिंह और अपर नगर मजिस्ट्रेट रामप्रसाद त्रिपाठी पुलिस बल के साथ सेवायत गोस्वामी ज्ञानेंद्र गोस्वामी और बृजेन्द्र किशोर गोस्वामी की गद्दी पर पहुंचे।

# अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

## टीम ने ग्राम गोकुल सिंह चक गांव में दी दबिश, आबकारी एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध

दैनिक अवन्तिका » गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल एवं उपायुक्त आबकारी संभाग ग्वालियर संदीप शर्मा के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर द्वारा एसडीएम, जनपद सीईओ एवं अन्य अधिकारियों को अवैध मदिरा की सूचना एवं कार्रवाई में सहयोग के संबंध में निर्देश भी जारी किए गए हैं।

जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन तथा मंडल प्रभारी इंद्रपाल सिंह बालके के नेतृत्व में 14 सितंबर 2026 को आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा ग्राम गोकुल सिंह का चक में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान एक पारदी के घर की कुटीर से 250 मिलीलीटर क्षमता के 265 पन्नी पाउच बरामद किए गए।

मापने पर इनमें कुल 62 लीटर हाथ भट्टी मदिरा पाई गई, जिसे जब्त कर लिया गया। मदिरा की जांच के लिए एफएसएल ग्वालियर भेजने हेतु सैंपल लिए गए। मौके पर एक महिला मिली है, जिसके संबंध में विवेचना जारी है। आबकारी विभाग ने आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (क), 34 (2) एवं 49 (क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की है। जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 18 हजार 600 रुपये बताया गया है।कार्रवाई में वृत्त राधोगढ़ प्रभारी मोहनीश शर्मा, वृत्त बमोरी प्रभारी बर्धमान जैन, आबकारी आरक्षक अरुण कुमार शर्मा, दिनेश कुमार राठौर, कमल बरोदिया एवं महिला आरक्षक खुशबू रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही। कार्रवाई में पुलिस बल का भी विशेष सहयोग रहा। कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश है की जिले में कोई भी मदिरा से संबंधित अप्रिय घटना न हो इसलिए एसडीएम, जनपद सीईओ एवं ग्राम स्तर पर सरपंच एवं कोटवार अवैध मदिरा की सूचना एवं रोकथाम के लिए सहयोग प्रदान करें।

## प्रधानमंत्री के लिए सेवा केवल संकल्प नहीं, जीवन का ध्येय है-सिलावट

**गुना।** प्रदेश सरकार के जल संसाधन विभाग के मंत्री तुलसी सिलावट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रदेश भर में चलाए जाने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' को लेकर भाजपा द्वारा आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष सेवा, समर्पण, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित हैं। प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की इस सेवा यात्रा से जन-जन को परिचित कराने और सेवा के संस्कार को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। यह केवल कार्यक्रमों की श्रृंखला नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार, सुशासन और जनभागीदारी का व्यापक अभियान है। प्रधानमंत्री के सेवा-संकल्प से प्रेरणा लेकर विकसित और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण को नई गति देने का प्रयास किया जा रहा है, प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। भाजपा 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर के मध्य 12 अलग-अलग कार्यक्रमों के जरिए 71 हजार से अधिक बूथों के लाभार्थियों तक पहुंचेगी। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। 17 सितंबर को शाम सात बजे प्रदेश के 71 हजार से अधिक बूथों के हर लाभार्थियों के घरों में आशीर्वाद का दीया प्रज्वलित किया जाएगा। 07 अक्टूबर 2026 को प्रधानमंत्री जी के मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। 25 वर्षों तक लगातार जनता का आशीर्वाद पाना लोकतांत्रिक इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। प्रधानमंत्री जी के लिए सेवा केवल संकल्प नहीं, जीवन का ध्येय है और यही भाव इस अभियान की आत्मा बनेगा। जनसेवा और समर्पण के इस ऐतिहासिक संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ही अभियान चलाया जा रहा है। प्रेसवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, अभियान के जिला संयोजक पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया, जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव , जिला महामंत्री रविंद्र रघुवंशी, मीडिया पैनलिस्ट विकास जैन भी उपस्थित थे। प्रेसवार्ता का संचालन जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने किया।




## गणेश चतुर्दशी पर गूंजे गणपति बप्पा के जयकारे

**गुना।** गणेश चतुर्दशी के अवसर पर सोमवार को शहरभर में भगवान श्री गणेश की भक्ति का उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही गणेश मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। भक्तों ने भगवान गणेश का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। शहर के विभिन्न गणेश मंदिरों एवं सार्वजनिक झांकी पंडालों में विशेष सजावट की गई। भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा सुबह से ही ढोल नगाड़ों के साथ श्री गणेश की प्रतिमाएं झांकी स्थलों पर ले जाना शुरू हो गया था। जहां पूजा-अर्चना, आरती और धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला चलता रहा। मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश को मोदक, लड्डू और अन्य प्रसाद अर्पित किए। गणेश उत्सव को लेकर शहर के प्रमुख मार्गों और मोहल्लों में भी उत्साह का माहौल रहा। जगह-जगह लगाए गए गणेश पंडालों में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन किए।

## रक्तदान शिविर की तैयारी के लिए रेड क्रॉस सोसायटी की मीटिंग संपन्न

दैनिक अवन्तिका » गुना

रेडक्रास सोसायटी गुना की विशेष मीटिंग रेडक्रास भवन में सोमवार को संपन्न हुई। इस मीटिंग में आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस तारतम्य में जिले के आठ स्थानों पर रक्तदान करवाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार 16/9/26 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राधौगढ़ दिनांक 17/9/26 को रेडक्रास सोसायटी गुना, जे पी यूनिवर्सिटी राधौगढ़ एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहगढ़ दिनांक 18/9/26 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरोन एवं तात्या टोपे यूनिवर्सिटी गुना दिनांक 19/9/26 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्याना एवं दिनांक 20/9/26 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीनागंज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें केवल रेडक्रास सोसायटी गुना के रक्तदान शिविर में समय प्रातः आठ बजे से रखा गया है। बाकी सभी स्थानों पर रक्तदान का समय प्रातः दस बजे से निर्धारित किया गया है।

रेड क्रॉस सोसायटी गुना के सचिव डा रामवीर सिंह रघुवंशी जी ने अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने की अपील की गई है। इसी अवसर पर रेडक्रास सोसायटी द्वारा दिनांक 17/9/26 को एक कैंसर एवं हड्डी रोग निवारण शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है इस शिविर में मुख्य आकर्षण एक ए आई आधारित मशीन है जो कि चंद मिनट में यह बता देगी कि संबंधित व्यक्ति को मुंह एवं गले का कैंसर तो नहीं है। इसके अतिरिक्त हड्डियों का घनत्व जांचने की मशीन भी लगाई जा रही है। इस बैठक में रेडक्रास सोसायटी के सचिव डा रामवीर सिंह रघुवंशी, आशीष मंगल, डा भूपेंद्र सिंह धाकरे, डा लखन लाल धाकड, संजय राठी, नर्मदा शंकर भार्गव, विकास सोनी श्रीमती संगीता भाटी आदि उपस्थित रहे।

### बंटी 351 तुलसी बीज युक्त मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं

**उज्जैन।** अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ जिला इकाई द्वारा तिलकेश्वर चौराहे पर आठवां गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए स्व. कंचन बाई प्रजापत और स्व. मुकेश प्रजापत की स्मृति में 351 तुलसी बीज युक्त मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं का नि:शुल्क वितरण किया गया। इन ईको-फ्रेंडली प्रतिमाओं की विशेषता यह है कि विसर्जन के समय इन्हें गमले में प्रवाहित करने पर ये तुलसी के पौधे के रूप में विकसित हो जाएंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ संत श्री रामनाथ जी महाराज और अन्य अतिथियों द्वारा श्री श्री यादे माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। यह आयोजन जिलाध्यक्ष प्रकाश प्रजापति के नेतृत्व और प्रदेश प्रवक्ता गुलाब प्रजापति के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## पायलट बोला- कान में दर्द हो रहा, विमान नहीं उडाऊंगा; यात्रियों का हंगामा

**वाराणसी** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को एक पायलट ने विमान उड़ाने से इनकार कर दिया। पायलट ने कान में दर्द और तबीयत खराब होने की बात कहते हुए विमान पर जाने से मना कर दिया।

इस बीच, 178 यात्री विमान में बैठ चुके थे। पायलट के विमान नहीं उडाने की बात पता चलते ही यात्री गुस्सा गए और हंगामा शुरू कर दिया। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने यात्रियों को काफी समझाया और उन्हें अगले विमान से भेजने की बात कही। इसके बाद वो शांत हुए। इसके बाद यात्रियों को करीब 6 घंटे तक इंतजार करना पडा। इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6.6559 को सुबह 11:55 बजे वाराणसी से बेंगलुरु के लिए रवाना होना था। सुरक्षा जांच और बोर्डिंग पास की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद सभी यात्री विमान में बैठ गए थे। इसी बीच पायलट ने कान में अचानक तेज दर्द होने की बात कहते हुए ड्यूटी पर जाने से साफ मना कर दिया। यह पता चलते ही यात्रियों ने एयरलाइंस प्रशासन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ते देख एयरपोर्ट सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ की क्यूआरटी टीम और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने यात्रियों को समझा-बुझाकर विमान से उतारा और टर्मिनल भवन (डी-बोर्ड) में बैठाया।

इस दौरान यात्रियों की एयरलाइंस कर्मियों के साथ तीखी नोक-झोंक भी हुई। मामला बढ़ता देख एयरलाइंस मैनेजमेंट ने वैकल्पिक व्यवस्था करना शुरू किया। दिल्ली से आ रही दूसरी फ्लाइट के जरिए पायलट को वाराणसी बुलाया गया। इसके बाद शाम 5:45 बजे फ्लाइट को बेंगलुरू के लिए रवाना किया गया। इस दौरान यात्रियों को करीब 6 घंटे तक परेशान होना पड़ा। बाबतपुर एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइंस के साथ इस महीने यह दूसरी घटना है। इससे पहले बीते गुरुवार को भी मुंबई जाने वाले इंडिगो के विमान के पायलट ने अचानक तबीयत बिगड़ने का हवाला देकर उड़ान भरने से मना कर दिया था। उस समय भी हैदराबाद से आए दूसरे पायलट के चार्ज संभालने के बाद करीब 4 घंटे की देरी से विमान मुंबई रवाना हो सका था। पायलट दिन में 10 घंटे और दो पायलट क्रू-सेटअप होने पर 13 घंटे से ज्यादा ड्यूटी नहीं कर सकते। ऐसे ही रात में पायलट 8 घंटे से ज्यादा ड्यूटी नहीं कर सकते। जरूरत पड़ने पर पायलट की ड्यूटी डेढ़ से 2 घंटे बढ़ाई जा सकती है, लेकिन इसके बदले उन्हें जरूरी आराम देना होगा।

## उदयपुर में सातवीं बार बनेगा भाजपा का बोड -53 सीटों पर बीजेपी

**उदयपुर** उदयपुर में नगर निगम के सभी 80 वार्डों का रिजल्ट आ चुका है। यहां सातवीं बार बीजेपी का बोर्ड बन रहा है। 80 वार्डों में से 53 में बीजेपी, 23 वार्डों में कांग्रेस, 1 माकपा और 3 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। 2019 में उदयपुर नगर निगम में 70 वार्ड थे। तब भाजपा ने 44 वार्ड जीते थे। इसके बाद कांग्रेस ने 20 और निर्दलीय और अन्य के हस्सिे में 6 वार्ड आए थे। तब भारतीय जनता पार्टी के गोविंद सिंह टांक मेयर और पारस सिंघवी डिप्टी मेयर चुने गए थे।

उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा के वार्ड 60 में भाजपा की बागी खुशबू मेहता निर्दलीय चुनाव जीत गई हैं। वार्ड 61 से निर्दलीय उम्मीदवार इंद्रा मीणा विजयी रही हैं। और वार्ड 11 से निर्दलीय कमलेश बोराणा भी जीत गए हैं। बड़े परिणामों की बात करें तो यहां पर पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. गिरिजा के भाई की बहू डा. हितांशी शर्मा चुनाव जीत गई हैं। पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के दोनों दामाद के भाई अतुल चंडालिया और आकाश वागरेचा भी चुनाव जीत गए है। भाजपा के मेयर पद के दावेदार प्रमोद सामर, पारस सिंघवी, अतुल चंडालिया भी चुनाव जीत चुके हैं।

उदयपुर के वार्ड नंबर 73 से पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ गिरिजा व्यास की भतीजा बहू डॉ हितांशी शर्मा ने भाजपा की लवली जैन को हराया। इसी वार्ड को लेकर उदयपुर शहर के भाजपा विधायक ताराचंद जैन ने आयड इलाके को मिनी पाकिस्तान बताया था। जब ताराचंद जैन वोटिंग के दिन वहां पर गए थे तब भी उनको यहां से कांग्रेस समर्थक कार्यकर्ताओं ने लौटाया था। इसी प्रकार कांग्रेस के उदयपुर शहर अध्यक्ष फतहसिंह राठौड़ की पत्नी डा. पूनम कुंवर भी वार्ड 17 से चुनाव जीत गई है। कांग्रेस नेता अरुण टांक और ब्लॉक अध्यक्ष शंकर चंदेल भी जीत गए है।

**अलवर।** अलवर नगर निगम के 65 वार्डों में 344 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था। सभी वार्डों के लिए 9 सितंबर को वोटिंग हुई थी। आज बाबू शोभाराम राजकीय कला कॉलेज में सुबह ठीक 8 बजे काउंटिंग शुरू हुई थी। पहले डाक मत पत्रों की काउंटिंग हुई। उसके बाद 1-25 वार्डों के वोटों की काउंटिंग हुई। इसके बाद बाकी बचे वार्डों की काउंटिंग शुरू हुई और दोपहर करीब 12.30 बजे सभी 65 वार्डों का रिजल्ट आ गया। निगम के 65 वार्डों में से कई में चौंकाने वाले परिणाम भी सामने आए हैं। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने वार्ड 29 में वोट डाला, उस जगह बीजेपी के प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। राजस्थान सरकार के वन राज्य मंत्री संजय शर्मा के वार्ड 50 में कांग्रेस का प्रत्याशी जीता।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पुत्र मोहम्मद उबेज को तीन वर्ष पूर्व कुछ गलत आदत में फसने के कारण तथा गलत व्यक्तियों के सम्पर्क में आने एवं उसके द्वारा नशा करने व काफी कर्जा हो जाने के कारण उसे वर्तमान में भी मेरे द्वारा समझाया गया किन्तु वह अपनी आदत से बाज नही आ रहा है। इस कारण पूर्ण होंश हवास दुरूस्ती में मेरे द्वारा मेरे पुत्र मोहम्मद उबेज को अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति, नगदी से बेदखल कर दिया गया है और अपने जीवनकाल में उसे जो चल-अचल सम्पत्ति देना थी उसके अनुसार प्रदान कर दी है अब मेरी किसी भी चल-अचल सम्पत्ति, नगदी में मेरे पुत्र मोहम्मद उबेज का कोई हक, अधिकार नही होगा, यदि मेरे पुत्र मोहम्मद उबेज द्वारा किसी भी प्रकार का संव्यवहार या लेन-देन, नगदी मेरे या मेरे परिवार के नाम से किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय आदि से किया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मेरे पुत्र मोहम्मद उबेज की रहेगी उसके द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के संव्यवहार लेन-देन की जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्य की जिम्मेदारी नही होगी। सूचित हो ।

दिनांक 14/09/2026

**मोहम्मद शाकिर पिता नूर मोहम्मद**
**निवासी-7, आर.एन.टी. मार्ग, गीता**
**कालोनी उज्जैन मो. 98275-38419**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री वल्लभ भाई पटेल पिता स्व. श्री नारायण भाई पटेल निवासी इंदौर म.प्र. से उनके मालकी व आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 246/2 रकबा 0.32 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम आजमपुरा, तहसील घटिया व जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा तय कर लिया होकर उन्हें बयाना राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त भूमि के विकय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेढ़ी अथवा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ या ऋण बकाया हो या भूमि के संबंध में किसी भी न्यायालय या फोरम में कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा भूमि में किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या भूमि के विक्रय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मुझसे संपर्क कर लेवें। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के सूचना मेरे पक्षकार द्वारा कृषि भूमि का शेष विक्रय मूल्य अदा कर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जाएगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक 15/09/2026

**सर्विस प्रोवाईडर - सुमित बावेजा**
**सी-22/19, महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र, नानाखेडा, उज्जैन**
**मो. 8770336766**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने इरफान पटेल पिता फिरोज पटेल, निवासी ग्राम धतरावदा, पोस्ट उण्डासा, देवास रोड, उज्जैन, (म.प्र.) से उनके मालकी व आधिपत्य का भवन क्रमांक 09 का पश्चिम दिशा वाला भाग स्थित नारायण धाम, ग्राम डेंडिया, तहसील व जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा तय कर लिया होकर उन्हें बयाना राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त भवन के विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उपरोक्त भवन के संबंध में किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेढ़ी अथवा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ या ऋण बकाया हो या भवन के संबंध में किसी भी न्यायालय या फोरम में कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा भवन में किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या भवन के विकय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मुझसे संपर्क कर लेवें। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के सूचना मेरे पक्षकार द्वारा भवन का शेष विक्रय मूल्य अदा कर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जाएगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक 15/09/2026

**सुमित बावेजा सर्विस प्रोवाईडर एवं दस्तावेज लेखक**
**सी-22/19, महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र, नानाखेडा,**
**उज्जैन मो. 8770336766**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती नेहा कामदार पति श्री संजय कामदार निवासी मनोरमागंज, इंदौर म.प्र. से उनके मालकी व आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 248 रकबा 0.7300 हेक्टेयर मेसे 0.4900 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम आजमपुरा, तहसील घटिया व जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा तय कर लिया होकर उन्हें बयाना राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेढ़ी अथवा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ या ऋण बकाया हो या भूमि के संबंध में किसी भी न्यायालय या फोरम में कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा भूमि में किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या भूमि के विक्रय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मुझसे संपर्क कर लेवें। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के सूचना मेरे पक्षकार द्वारा कृषि भूमि का शेष विक्रय मूल्य अदा कर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जाएगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 15/09/2026

**सुमित बावेजा सर्विस प्रोवाईडर**
**सी-22/19, महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र, नानाखेडा,**
**उज्जैन मो. 8770336766**

## न्यूज-कॉलम

### जिला अभिभाषक संघ में धूमधाम से हुई गणेश की स्थापना

**रतलाम।** गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर जिला अभिभाषक संघ, रतलाम में प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की स्थापना पूरे विधि-विधान एवं धार्मिक आस्था के साथ की गई। इस अवसर पर जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राकेश शर्मा, सचिव चेतन केलवा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश चुणावत साहब, परिवार न्यायालय के न्यायाधीश रामजी गुप्ता सहित न्यायालय के अनेक अधिवक्तागण मौजूद थे। गणेश उत्सव समिति के राजीव ऊबी, जे. पी. भट्ट एवं मनीष शर्मा ने बताया कि गणेश उत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह-शाम विधिवत गणेश पूजन एवं आरती की जाएगी। उन्होंने बताया कि आगामी 19 सितंबर को भव्य भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी अधिवक्ता साथी एवं न्यायालय स्टाफ सादर आमंत्रित हैं।

### विधायक हरदीपसिंह डंग के प्रयास से मिला तहसील टप्पा की सौगात

**गरोठ।** चंदवासा में तहसील टप्पा कार्यालय का कार्य प्रारंभ, विधायक हरदीपसिंह डंग के प्रयासों से क्षेत्रवासियों को मिली एक और सौगात। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रमोद दुबे ने बताया है कि शामगढ़ क्षेत्र के विकास की कड़ी में चंदवासा वासियों को एक और बड़ी सौगात मिली है। स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक एवं राजस्व कार्यों के त्वरित निराकरण के लिए यहाँ तहसील टप्पा कार्यालय का कार्य आधिकारिक रूप से शुरू हो गया है। यह कार्यालय शामगढ़ चंदवासा मार्ग पर पूर्व सीएम राइज स्कूल की बिल्डिंग में लगेगा। क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री हरदीपसिंह डंग के अथक प्रयासों और उच्च स्तर पर की गई पैरवी से यह वर्षों पुरानी मांग धरातल पर उतरी है। इस कार्यालय के प्रारंभ होने से चंदवासा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों, किसानों और युवाओं को अब छोटे-मोटे राजस्व कार्यों, प्रमाण-पत्रों, नामांतरण, बटवारे और अन्य अभिलेखीय कार्यों के लिए दूर-दराज के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

### माटी गणेश प्रतिमा निर्माण प्रशिक्षण से दिया पर्यावरण संदेश

**नीमच।** पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, नीमच द्वारा सिद्ध गणेश माटी गणेश अभियान के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच में माटी गणेश प्रतिमा निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मिश्रा, विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. संजय जोशी एवं बाल कल्याण समिति के सदस्य श्री प्रवीण शर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने की विधि, प्राकृतिक सामग्री के उपयोग तथा पर्यावरण हितैषी गणेश उत्सव के महत्व की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक श्रीमती माया दवे ने प्रतिभागियों को प्रतिमा निर्माण की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्राचार्य डॉ. प्रशांत मिश्रा ने कहा कि गणेश उत्सव हमारी आस्था और संस्कृति से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है।

### पुलिस ने गणपति पंडालों में सुरक्षा हेतु एसपी के सख्त निर्देश

**नीमच।** शहर मे सोमवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणपति स्थापना के साथ गणपति पूजा और आयोजन प्रारंभ होंगे द्य शहर के लगभग 120 सार्वजनिक स्थान के पंडालों में प्रतिमा स्थापना से गणेश उत्सव प्रारंभ होगा द्य वॉलंटियर-सीसीटीवी और कम ध्वनि में लाउडस्पीकर की हिद शहर में सोमवार से गणपति उत्सव की शुरूआत होगी। करीब 120 से ज्यादा स्थानों पर सार्वजनिक गणेश पंडालों में प्रतिमा स्थापना के साथ पर्व शुरू होगा। इन पंडालों में रोजाना झांकियों के साथ विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। के दौरान सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में एक दिन पूर्व रविवार को एसपी राजेश व्यास ने शहर के किए जाएंगे। उत्सव विभिन्न गणपति पंडालों का निरीक्षण किया।

## मोदी सरकार के 25 वर्ष पूर्ण होने पर

# भाजपा का एक माह का सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर

वर्तमान दौर में जहाँ सरकारों के 5 वर्ष पूरे होना ही बड़ी उपलब्धि माना जाता है, वहीं भारत जैसे विशाल और विविधता पूर्ण लोकतंत्र में 25 वर्षों तक लगातार जनता का आशीर्वाद प्राप्त करना एक असाधारण घटना है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियों की गणना कराते हुए बताया कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया, 4.5 करोड़ से अधिक परिवारों को पीएम आवास दिए गए, 12 करोड़




शौचालयों का निर्माण हुआ और 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। देश की अर्थव्यवस्था फैजाइल-5 से निकलकर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी है।

जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में सुवासरा विधायक ने उक्त बात कही। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसोदिया, जिला महामंत्री शिवराजसिंह राणा और जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन उपस्थित रहे।

विधायक ने बताया कि 17 सितंबर से 18 अक्टूबर तक मंदसौर जिले सहित पूरे प्रदेश में विभिन्न प्रकार के सामाजिक और रचनात्मक कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगे। इसके अंतर्गत स्कूलों में विकसित भारत विषय पर प्रतियोगिताएं, नमो सेवा के तहत नुक्कड़ नाटक, आंगनवाड़ी केंद्रों पर आंगन मिलन सेवा, शक्ति केंद्रों पर श्सेवा की कहानीश रील निर्माण, सेवा ज्योति यात्राएं, तथा वडनगर-वाराणसी सेवा यात्रा जैसे बड़े आयोजन शामिल हैं। इसके अलावा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा मेरा योगदान अभियान में नागरिक 25 मिनट का श्रमदान करेंगे। विकासखंड स्तर पर च्सेवा सेतु कैंपज लगाए जाएंगे और सार्वजनिक स्थानों पर ह्यूमन रंगोली सजाई जाएगी। राष्ट्रीय स्तर पर च्सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंजज और सुशासन संवाद जैसे कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

## हरतालिका, हस्त नक्षत्र मे मोढ चतुर्वेदी परिवारों ने मनाया रक्षाबंधन, भाई को बांधा रक्षा सूत्र

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच

मोढ चतुर्वेदी ब्राह्मण समाज परिवार द्वारा रविवार को रक्षाबंधन का पावन पर्व पारंपरिक रीति-रिवाज, धार्मिक निष्ठा और अपार उत्साह के साथ मनाया गया। समाज की परंपरा के अनुसार, हस्त नक्षत्र के शुभ योग में भाई-बहन के अटूट स्नेह का यह उत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में समाज की महिलाओं और बहनों ने पारंपरिक वेशभूषा में सज्ज होकर शुभ मुहूर्त में भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र (राखी) बांधे। पर्व मनाने के लिए दूर शेरों से पहुंची बहनों ने अपने भाइयों को स्नेह का धागा बांध कर मुंह मीठा कराया द्य बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनके दीघार्यु, स्वस्थ जीवन और उज्ज्वल भविष्य की



कामना की। बदले में भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया और उन्हें उपहार भेंट किए।

शुभ मुहूर्त में पूजनः हस्त नक्षत्र के पावन योग में बहनों ने पूजा की थाली सजाकर वैदिक विधि-विधान से पूजन संपन्न किया।

पारिवारिक स्नेह और सौहादर्ः कार्यक्रम के दौरान पूरा माहौल भ्रातृ-स्नेह और पारिवारिक उल्लास से सराबोर नजर आया। वरिष्ठजनों का आशीर्वाद लिया गया और बच्चों में भी विशेष उत्साह देखा गया।

?मिष्ठान एवं शुभकामनाएंः राखी बांधने की रस्म के बाद सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

समाज के पदाधिकारियों और वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि ऐसे आयोजन समाज की सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करने और भावी पीढ़ी को अपनी समृद्ध परंपराओं से जोड़े रखने का कार्य करते हैं।



## हनुमान चालीसा एवं पोस्टर विमोचन के साथ हनुमान अंश मुवी का भव्य प्रदर्शन हुआ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जावरा

भारत विकास परिषद द्वारा हनुमान बजरंगबली पर बनी सुप्रसिद्ध मूवी 'हनुमान अंश' का विशेष प्रदर्शन नगर के शबनम टॉकीज में किया गया। इस मूवी में नीम करोली बाबा के द्वारा किए गए चमत्कार, उनकी कहानियाँ और उनके जीवन को दशार्या गया है। आयोजन नाहर परिवार की ओर से संस्था के अध्यक्ष शेखर नाहर द्वारा प्रायोजित किया गया,। जिसमें संस्था के समस्त सदस्य आमंत्रित थे और कई सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

मध्यांतर के समय सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ और सभी उपस्थित सदस्यों को हनुमान चालीसा की पुस्तकें भेंट संतोष मेड़तवाल द्वारा की गई। इस विशेष आयोजन में मध्यांतर के समय पधारे अतिथिगण एडीजे जग बहादुर सिंह, दिलीप शाकल्य, घनश्याम रामनानी, यश जैन एवं ईश्वर प्रसाद त्रिवेदी विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा मूवी 'हनुमान अंश' के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। सिनेमा घर प्रदर्शन के दौरान 9 नम्बर की सीट पर हनुमान जी की तस्वीर रख उन पर पाधरे अतिथि द्वारा माल्यार्पण किया गया। अतिथियों का स्वागत संस्था अध्यक्ष शेखर नाहर, सचिव गोपाल सेठिया एवं कोषाध्यक्ष निलेश जोशी नें किया।



## कल्पसूत्र वाचन के समापन पर आचार्य श्री विवेकचंदसागरसूरि ने दिया कर्म सिद्धांत का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर

नयापुरा स्थित जैन उपाश्रय में कल्पसूत्र वाचन के पावन अवसर पर पूज्य आचार्य भगवंत श्री विवेकचंदसागरसूरि जी महाराज साहेब ने प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव एवं 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ जी के जीवन चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया।

कल्पसूत्र वाचन पूर्ण होने के बाद अब आगामी कड़ी में पावन बारसा सूत्र का वाचन प्रारंभ होगा। अपने धर्म संदेश में आचार्य श्री ने भगवान ऋषभदेव के वैराग्य का उल्लेख करते हुए कहा कि संसार की अनित्यता को समझकर आत्मा का कल्याण करना ही मोक्ष का मार्ग है। वहीं भगवान नेमिनाथ जी के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि विवाह के समय मूक पशुओं को वध के लिए ले जाते देख प्रभु को परम वैराग्य उत्पन्न हुआ, जो हमें संदेश देता है कि अपने सुख के लिए किसी जीव को दुख देना अनुचित है। आचार्य भगवंत ने कर्म सिद्धांत की सूक्ष्म व्याख्या की। धार्मिक आयोजन के दौरान विभिन्न धार्मिक बोलियों और प्रभावना का लाभ नाहटा परिवार, पोखरना परिवार और चोरड़िया परिवार द्वारा लिया गया। इस अवसर पर कमल कोठारी, अभय चोरड़िया, यशवंत पोखरना, मनोज मेहता, अशोक मारू, सुरेंद्र डोसी आदि उपस्थित थे।

**डॉ .पूरण सहगल की पुस्तक जनजातीय लोक संस्कृति के विविध आयाम का विमोचन सम्पन्न**

**नीमच।** अतिथियों ने ये विचार अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला नीमच द्वारा आयोजित डॉ पूरण सहगल की पुस्तक जनजातीय लोक संस्कृति के विविध आयाम के विमोचन समारोह में व्यक्त किये। कार्यक्रम का प्रारम्भ माँ सरस्वती के पूजन से हुआ। अतिथियों का स्वागत डॉ पूरण सहगल, आरोग्य भारती के जिलाध्यक्ष अजय भटनागर ने किया।

## जांगड़ा पोरवाल समाज का 16वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन 27 दिसंबर को

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर

जांगड़ा पोरवाल समाज न्यास मंदसौर के ट्रस्टियों की एक महत्वपूर्ण बैठक रामटेकरी स्थित पोरवाल छात्रावास परिसर में न्यास अध्यक्ष रमेशचंद्र सेठिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समाज के आगामी कार्यक्रमों और गतिविधियों को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे गए, जिन पर ट्रस्टीगणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिए।



बैठक के निर्णयों की जानकारी देते हुए ट्रस्ट सचिव जगदीश काला ने बताया कि समाज का १६वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन 27 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इस वृहद आयोजन की प्रारंभिक तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर बैठक में विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही जगद्गुरु स्वामी श्री रामदयाल जी महाराज का ७०वां जन्मोत्सव 26 सितंबर को पोरवाल छात्रावास पर भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर 26 सितंबर शनिवार शाम 7 बजे से सांस्कृतिक संध्या, संतजनों का सम्मान एवं आशीर्वचन कार्यक्रम आयोजित होगा।

बैठक में जगदीशचंद्र सेठिया, सुरेंद्र फरक्या, बालाराम गुप्ता, जगदीशचंद्र चौधरी, रामनिवास धनोतिया, लक्ष्मीनारायण कोठारी, रामगोपाल गुप्ता, रामगोपाल महाजन, ओमप्रकाश रत्नावत, दिलीप मजावदिया, डॉ. दिनेश गुप्ता, डॉ. प्रमोद सेठिया आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप सेठिया ने किया तथा आभार जगदीश काला ने माना।

### भाजपा जिला कार्यालय में मंगलमूर्ति भगवान गणेश की घट स्थापना

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी जिला मुख्यालय, पैलेस रोड रतलाम पर सोमवार को मंगलमूर्ति एवं विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश जी की विधि-विधान पूर्वक घट स्थापना की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय एव पार्टी पदाधिकारियों ने आयोजित कार्यक्रम में भगवान गणेश जी का पूजन-अर्चन किया गया। इसके पश्चात महाआरती संपन्न हुई।भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भगवान श्री गणेश से सभी के सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। गणेशोत्सव के शुभारंभ पर जिला कार्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौर, जुबिन जैन, जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, जिला मंत्री राजेंद्र पाटीदार होस्टल , जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, जिला सह मीडिया प्रभारी नीलेश बाफना, नीरज बरमेचा, सोशल मीडिया जिला संयोजक तन्मय त्रिवेदी, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, जिला अजजा मोर्चा अध्यक्ष गोविंद डामोर, विवेक शर्मा, नितिन लोढ़ा, सुशील कुमावत, संजय पांडेय, सलीम आरिफ, कमल सिलावट सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गणपति मूर्ति निर्माण में लगा कारीगर एक दिन पूर्व हुआ गायब

**नीमच।** शहर के महू रोड स्थित बड़ी संख्या में गणेश प्रतिमा निर्माणाधीन स्थल से किसी विवाद के बाद मूर्तिकार अचानक गायब हो गयाद्य जिनमें कई प्रतिमाएं अधूरी रह गई थी । ऐसी स्थिति मे एडवांस राशि देकर प्रतिमाएं बुक कराने वाली समितियां और लोग भीड के रूप मे जुटने लगे । जिसकी जानकारी मिलने पर पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी मौके पर पहुंच गए द्य शनिवार को भी इस घटना के बाद रविवार को लोग परेशान होने लगे क्योंकि सोमवार को प्रतिमाओं की स्थापना होना थी।

## काचरिया से ढिकन्या, बाबुखेड़ा मार्ग पर पुलिया बनाने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ पिपलिया मंडी

काचरिया चन्द्रावत के समीप बनी रपट पर गंगेश्वरी का पानी आने से बारिश में कई घन्टे मार्ग अवरूद्ध हो जाता है ऐसे में कई लोग व छात्र-छात्राएं पानी के तेज बहाव में जान जोखिम में डालकर इस रपट को पार करने का भी प्रयास करते है।

पुलिया नही बनने से सोमवार को आक्रोशित ग्रामवासियों ने जिला कांग्रेस महासचिव अनिल शर्मा एवं दिनेश गुप्ता काचरिया के साथ पानी मे खड़े होकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया व पुलिया



जल्दी बनानै की मांग शासन, प्रशासन से की है।

ग्रामीण शहजाद मंसूरी ने बताया कि पुलिया नही होने का दंश काचरिया,बाबुखेड़ा, ढिकन्या के लोग लंबे समय से भुगत रहे है कई बार पुलिया बंनाने की मांग भी की गई लेकिन शासन, प्रशासन के कानों पर जु तक नही रेंगी ओर समस्या जस की तस है।

दिनेश गुप्ता ने कहा कि डिप्टी सीएम जगदीश जी देवड़ा की विधानसभा क्षेत्र में बारिश में तीन से चार गांवों के लोग परेशान होते है छात्र-छात्राएं जो शासकीय एवं निजी स्कूलों में पढ़ने आते है उन्हें काफी परेशानीयो का सामना करना पड़ता है कई तो जान जोखिम में डालकर यह रपट पार करते है।

जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने कहा कि पुलिया का निर्माण अतिशीघ्र प्रारम्भ होना चाहिए पुलिया के अभाव में लोग यहां कई घण्टो तक फसे रहते है और तेज बहाव कम होने पर ही रपट से निकल पाते है कई बार बीमार व गम्भीर बीमारों के साथ ही किसी घटनाक्रम में घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपलीया भी नही लाया जासकता है।शर्मा ने कहा कि पुलिया की मांग को लेकर सम्बंधित विभाग के आला अधिकारियों से चर्चा की जाएगी इसके बाद भी अगर पुलिया का निर्माण कार्य प्रारंभ नही किया जाता है तो ग्रामवासियों के साथ कांग्रेस आंदोलन करेगी।

इस मौके पर जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा, कांग्रेस नेता दिनेश गुप्ता, ईश्वरलाल चौहान,पंकज पंवार, बद्रीलाल धनगर,श्याम लाल पंवार,अशोक सेन निर्मल सोलंकी, पहलाद सोलंकी, रियाज मंसूरी,सुनील सोलंकी, बाबूलाल पंवार,रामेश्वर सोलंकी,रामलाल मेघवाल,राजू महिवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

## न्यूज कालम



### श्री शंखेश्वर जैन मंदिर उपाश्रय में हुई जैन अंताक्षरी प्रतियोगिता

**जावरा ।** श्री शंखेश्वर जैन मंदिर उपाश्रय चौपाटी में चातुर्मास समिति द्वारा जैन अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन भक्तिभाव एवं उत्साह के साथ किया गया। प्रतियोगिता में कुल 5 टीमों ने सहभागिता की, प्रतिभागियों ने विभिन्न जैन स्तवनों के माध्यम से अपनी धार्मिक एवं संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया,। अंताक्षरी प्रतियोगिता में शोभा छाजेड़, दीप्ति भंडारी, प्रीति कोठारी, वर्षा कर्नावट, सारिका दलाल, वंदना जैन, नीलिमा मुणत, टोनिका मुणत, गरिमा मुणत, स्नेहा चौरड़िया,श्वेता श्रीमाल, गरिमा रूनवाल, क्रातंकी मुणत, कृषा नाहटा एवं कीमती नाहटा सहित प्रभु भक्तों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन अंकिता कर्नावट एवं अंजू तातेड़ द्वारा किया गया। अंताक्षरी प्रतियोगिता की निर्णायक के रूप में राखी धारीवाल उपस्थित थी।, मुकाबले में टीम आराधना ने प्रथम, टीम ज्ञान ने द्वितीय एवं टीम दर्शन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को चातुर्मास समिति द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विजेता टीमों को भी पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। चातुर्मास समिति द्वारा धार्मिक गतिविधियों की श्रृंखला में कई सप्ताह से विभिन्न साप्ताहिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित जैन अंताक्षरी प्रतियोगिता सभी प्रभु भक्तों के बीच भक्तिभाव, उमंग एवं आनंद के साथ संपन्न हुई।

### नगर निगम चिन्ताहरण गणेश मंदिर में हुई गणपति स्थापना



**रतलाम ।** नगर निगम स्थित श्री चिन्ताहरण गणपति मंदिर पर गणेश चतुर्थी के पावन दिवस पर बेन्ड-बाजे, ढोल-ढमाके एवं आतिशबाजी के साथ रिद्धी सिद्धी के दाता भगवान श्री गणेश प्रतिमा को एक चल समारोह के साथ लाया गया। भगवान श्री गणेश प्रतिमा को अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड से चल समारोह के साथ लाया गया तथा नगर निगम परिसर स्थित श्री चिन्ताहरण गणपति मंदिर पर विराजित कर विधिवत पूजन-अर्चन कर आरती की गई। इस अवसर पर नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती हीना मेहता, पार्षद प्रतिनिधि हार्दिक मेहता, गौरव त्रिपाठी सहित निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### हिंदी दिवस पर मंदसौर में निकली जागरूकता रैली




**मंदसौर।** मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन की जिला इकाई के तत्वावधान में 14 सितंबर हिंदी दिवस के अवसर पर नगर में पारंपरिक हिंदी जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली सरदार पटेल चौराहे से प्रारंभ होकर भारत माता चौराहे पर पहुंची, जहां एक विचारोत्तेजक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। भारत माता चौराहे पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए शिक्षाविद रमेश चंद्र चंद्रे ने कहा कि 1920 में महात्मा गांधी ने कहा था कि बिना अपनी भाषा के राष्ट्र गूँगा होता है, परंतु आज भी हिंदी को राष्ट्रभाषा का पूर्ण सम्मान मिलना बाकी है। इसके लिए हमें आचरण में हिंदी को उतारना होगा। समाजसेवी डॉ. देवेंद्र पुराणिक, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल और जिला इकाई अध्यक्ष वेद मिश्रा ने विचार रखते हुए कहा कि हिंदी भारत की पहचान और स्वाभिमान का प्रतीक है। एआई और डिजिटल तकनीक के इस दौर में हिंदी का प्रभाव और विस्तार और अधिक बढ़ा है। वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी, नरेंद्र भावसार, नंदकिशोर राठौर, राजेंद्र तिवारी, चंदा डांगी, चंद्रकला सिंह, नरेंद्र कुमार त्रिवेदी और गायत्री प्रसाद शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अजीजुल्लाह खान खालिद, बंसीलाल टांक आदि उपस्थित रहे। संचालन सत्येंद्र सिंह सोम ने किया एवं आभार जयेश नागर ने माना।

### पिपलियामंडी में दुग्ध सहकारी समिति की बैठक सम्पन्न



**पिपलिया मंडी।** पुर्व निर्धारित सुचना अनुसार 13 सितंबर को प्रातः 11.30 पर पावागढ़ माता मंदिर पिपलियामंडी पर दुग्ध सहकारी समितियां सचिव कर्मचारी संगठन शीत केन्द्र मन्दसौर की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पुर्व प्रस्ताव अनुसार संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। जिसमें संरक्षण श्री रामलाल कुमावत दुग्ध समिति सरसोद, अध्यक्ष श्री नवलसिंह दुग्ध समिति अडमलिया, उपाध्यक्ष श्री देवानंद उणियारा दुग्ध समिति टिलाखेडा एवं श्री दशरथ जादव दुग्ध समिति दलावदा, कोषाध्यक्ष श्री देवीलाल कंझारिया दुग्ध समिति बिल्लोद, सचिव मनोहर माली दुग्ध समिति करजू, सहसचिव विकेश पाटीदार दुग्ध समिति ताजखेडी, संगठन मंत्री अशोक सिंह दुग्ध समिति सिंदपन, मिडिया प्रभारी श्री धनश्याम पाटीदार दुग्ध समिति निनोरा एवं कार्यकारणी सदस्य सत्यनारायण धनगर पिपलिया विशनीया, दिलीप जी पाटीदार सेमली, चंपालाल जोधा पिपलिया, कैलाश राठौर राज नगर, प्रकाश ठन्ना फतेहगढ़, समरथ गुजर कालिया खेडी, रामनारायण धनगर निम्बोध, कमलसिंह ढाबला, दीपक पाटीदार गुराडिया दिदा का मनोनयन सर्व सम्मति से किया गया।

# महाराणा प्रताप की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण, शौर्य यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## बारिश के बीच भी नहीं थमा जोश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

स्थानीय हजारीबाग बस स्टैंड पर राष्ट्र गौरव, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण रविवार को गरिमामय समारोह में किया गया। करणी सेना परिवार, सर्व राजपूत संगठन तथा सर्व समाज जन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह आयोजन ऐतिहासिक बन गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 2 बजे बजे मां नागणेचा-कालिका माता मंदिर, किला प्रांगण से हुई। वहां से एक विशाल और भव्य शौर्य यात्रा का शुभारंभ हुआ। हाथों में भगवा ध्वज लिए, घोड़े पर सवार युवाओं की टोली यात्रा का मुख्य आकर्षण रही। यात्रा नगर के प्रमुख मार्ग डाबरी चौक, धानमंडी, गांधी चौक, तेजाजी चौक, महावीर मार्ग जवाहर मार्ग होते हुए हजारीबाग बस स्टैंड स्थित प्रतिमा स्थल पर पहुंची।



नगर में शौर्य यात्रा का जगह-जगह दर्जनों स्वागत मंच लगाकर स्वागत किया गया। सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और सर्व समाज के लोगों ने मंचों से पुष्प उड़ाकर, मालाएं पहनाकर यात्रा का अभिनंदन किया। यात्रा में ढोल-धमाके और डीजे की देशभक्ति धुनों पर युवा 'जय भवानी, जय महाराणा' के गगनभेदी जयघोष करते हुए चल रहे थे।

जुलूस के दौरान तेज बारिश शुरू हो गई, जिसे लोगों ने इंद्रदेव की कृपा बताया। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में लोग यात्रा में डटे रहे और प्रतिमा स्थल तक पहुंचे। भीगते हुए भी युवाओं का जोश कम नहीं हुआ, यह दृश्य देखते ही बन रहा था।

### इनकी रही मौजूदगी

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान की शिव विधानसभा सीट से विधायक रविंद्र सिंह भाटी एवं करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर रहे। विशेष अतिथि के रूप में अजीतसिंह खड़ी (प्रदेश संगठन मंत्री, करणी सेना), मंजीतपालसिंह सांवराद (प्रसिद्ध समाजसेवी), भंवरसिंह सलाखिया (राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष), ममता जितेन्द्रसिंह सोलंकी (महिला प्रदेश अध्यक्ष) एवं सुमेरसिंह सिसोदिया (उज्जैन जिला अध्यक्ष, करणी सेना) मंच पर मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी, गणमान्यजन एवं करणी सेना परिवार के कार्यकर्ताओं की विशेष भूमिका रही। अंत में आयोजकों ने समस्त नगरवासियों का आभार माना।



## अवैध मदिरा निर्माण के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

**ब्यावरा-राजगढ़।** राजगढ़ कलेक्टर के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संधारण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा संदिग्ध स्थलों पर दबिश देकर प्रभावी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान अवैध मदिरा से संबंधित कुल 7 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। अभियान के दौरान कुल प्रकरणों में लगभग 15.2 लीटर कच्ची हाथभट्ठी मदिरा, 7.2 बल्क लीटर देशी मदिरा एवं 0.18 बल्क लीटर विदेशी मदिरा विधिवत जब्त की गई। जब्त मदिरा को आबकारी विभाग के कब्जे में लेकर प्रकरणों में नियमानुसार विवेचना की जा रही है। आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रखने की कार्रवाई की जा रही है।

## मनोहर सांखला का आकस्मिक निधन



**जगोटी।** जगोटी सेन समाज के सदस्य मनोहर सांखला घोटू 45 का आकस्मिक निधन रविवार सुबह हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर श्रद्धांजलि दी। मुखाग्नि पुत्र मनोज कान्हा वर्मा ने दी।

## गोकुलप्रसाद जोशी का निधन



**तराना।** अभिभाषक संघ अध्यक्ष,भाजपा पार्षद महेश जोशी के पिता 75 वर्षीय गोकुल प्रसाद जोशी का रविवार को निधन हो गया है। दोपहर 3 बजे निवास स्थल नयापुरा से अंतिम यात्रा निकाली गई जिसमें रहवासी परिजन, जनप्रतिनिधि आदि ने शामिल हो कर शांतिवन में श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मोठबड़ली में ग्रामीणजनों से राज्यमंत्री का जनसंवाद

**ब्यावरा-राजगढ़।** ब्यावरा विधानसभा की ग्राम पंचायत मोठबड़ली में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने ग्रामीणजनों से जनसंवाद किया। जनसंवाद के दौरान श्री पंवार ने कहा कि सरकार का मूल उद्देश्य गांव, गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, यही सुशासन की वास्तविक पहचान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बच्चों और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है। विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण, गणवेश, छात्रवृत्ति सहित विभिन्न शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। विद्यालयों में अधोसंरचना का विस्तार, अतिरिक्त कक्षों का निर्माण और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं।

## नल-जल योजनाओं का सूक्ष्मता से निरीक्षण

**राजगढ़-ब्यावरा।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में भूजल वैज्ञानिक डॉ. रामगोपाल नागर द्वारा जिले की सभी नल-जल योजनाओं वाले ग्रामों में ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर नल-जल योजनाओं का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान बोरवेल से लेकर पानी की टंकी तथा टंकी से घर के दरवाजे तक शुद्ध एवं पर्याप्त मात्रा में पेयजल की सप्लाई हो रही है या नहीं, इसका लगातार परीक्षण एवं निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में एकल नल-जल योजनाओं का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। खानपुरा, बावड़ियां, चारपुरा, सोनकच्छ, मावलियाखेड़ा, कुदाली, मुंडला बजरंग, गनियारी, कड़िया मिश्रसेन, पड़लियादान पिपलिया दान, पाडल्या दान, गोकुलपुरा एवं हिनोतिया की नल-जल योजनाओं का निरीक्षण किया गया।



## पर्युषण महापर्व में प्रवचन श्रवण करने पर त्रिवेणी संगम- पंडित रत्न सुमित भाई

**महिदपुर।** नगर में श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक तपागच्छ श्री संघ महिदपुर में पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व की आराधना करवाने हेतु मुंबई से पधारे पंडित रत्न सुमित भाई ने अपने प्रवचन में बतलाया कि यदि हमने आज अपने बच्चों में संस्कारों का पोषण नहीं किया तो आने वाले समय में हमारी संस्कृति नष्ट हो जाएगी। पर्युषण महापर्व में कल्पसूत्र वाचन के तीसरे दिन प्रभु महावीर के चरित्र का वाचन करते हुए सुमित भाई ने बतलाया कि प्रभु तो जन्म से तीन ज्ञान के स्वामी होते है अतः उन्हें पाठशाला जा कर ज्ञान अर्जन नहीं करना पड़ता है किंतु लोक व्यवहार के कारण प्रभु पाठशाला जाते है इसीलिए प्रभु के पाठशाला गमन पर सभी संघों में पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की जाती है किंतु सुमित भाई ने महिदपुर नगर में प्रभु के पाठशाला गमन के आयोजन को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बना दिया उन्होंने बताया कि शिक्षण सामग्री की प्रभावना करने से बच्चों के ज्ञान अंतराय कर्म का बंधन समाप्त होता है ,उनकी इसी प्रेरणा से प्रभावित होकर संघ के विभिन्न पुण्यशाली दाता परिवारों के सहयोग से प्रवचन में उपस्थित सभी श्रद्धालुओ जिसमें बच्चों से लगाकर बुजुर्गों तक शामिल थे सभी को शिक्षण सामग्री की किट वितरित की गई एवं आज रविवार होने से शांतिनाथ सामयिक मंडल के तत्वाधान में समूह सामयिक आराधना भी करवाई गई जिसमें लगभग 400 से अधिक जनों ने सामयिक की आराधना की जिसकी श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक तपागच्छ श्री संघ महिदपुर ने खूब खूब अनुमोदना की।इसी अवसर पर संघ की पाठशाला शिक्षिकाओं एवं बच्चों का बहुमान भी किया गया। इस आयोजन में 500 शिक्षण सामग्री की किट का वितरण किया गया ।



# युवा नेताओं ने छात्रों से किया सीधा संवाद, कराया आनलाइन रजिस्ट्रेशन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आगामी 19 सितंबर को इंदौर में आयोजित होने वाले छात्रों की गूंज कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं और छात्रों से सीधा संवाद करेंगे। इस विशाल आयोजन को सफल बनाने के लिए सारंगपुर क्षेत्र के कोने-कोने में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवा नेताओं ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है।

इसी कड़ी में सारंगपुर में एनएसयूआई ब्लाक अध्यक्ष पवन राज और आइटी सेल पदाधिकारी अरबाज मेव ने स्थानीय शासकीय स्वामी विवेकानंद कालेज पहुंचकर छात्रों और युवाओं के साथ विशेष चर्चा आयोजित की। इस दौरान दोनों नेताओं ने छात्रों से शिक्षा व्यवस्था, रोजगार की चुनौतियों, पेपर लीक की समस्याओं और फीस में अनियंत्रित बढ़ोतरी जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। वहीं उनको क्यूआर कोड स्केन कर आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया।

ब्लाक अध्यक्ष पवन राज ने छात्रों से चर्चा करते हुए कहा कि छात्रों की गूंज केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के युवाओं की आवाज को सीधे देश के बड़े नेताओं तक पहुंचाने का एक मजबूत मंच है। वहीं अरबाज मेव ने कहा कि वर्तमान समय में युवा बेरोजगारी और प्रशासनिक लापरवाही से त्रस्त हैं, ऐसे में राहुल गांधी स्वयं इंदौर आकर छात्रों के दर्द और उनके सुझावों को सुनेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बारकोड के जरिए भारी संख्या में छात्र ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। सारंगपुर में आयोजित इस चर्चा में पवन राज और अरबाज मेव ने अधिक से अधिक छात्रों और युवाओं से 19 सितंबर को इंदौर पहुँचकर अपनी आवाज बुलंद करने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

## प्रभु महावीर जन्म वाचन महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

श्री सौधर्म बृहत्तपोगच्छिय त्रिस्तुतिक जैन श्री संघ, महिदपुर द्वारा भगवान महावीर स्वामी का जन्म वाचन महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

महोत्सव का शुभारंभ विभिन्न बोलियों के आयोजन के साथ हुआ। इसके पश्चात साध्वी श्री तत्वलता श्रीजी म.सा. ने कल्पसूत्र का वाचन करते हुए समस्त 24 तीर्थंकरों की गर्भ स्थिति का वर्णन किया तथा भगवान महावीर स्वामी के जन्म प्रसंग का वाचन किया।

जैसे ही पूज्य साध्वी श्रीजी म.सा. ने प्रभु महावीर का जन्म वाचन किया, गुरु मंदिर का वातावरण हर्ष और उल्लास से भर गया। समाजजनों ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए छापे लगाए और जन्मोत्सव की खुशियां साझा कीं। इसके पश्चात भगवान महावीर स्वामी की आरती एवं मंगल दीपक किया गया। साथ ही प्रातः स्मरणीय, विश्वपूज्य दादा गुरुदेव आचार्य देवेश श्रीमद् विजय राजेन्द्रसुरीश्वरजी महाराजा साहब की आरती की गई।

आरती के पश्चात भगवान महावीर स्वामी के पालने का भव्य चल समारोह निकाला गया जो कि चिंतामण पार्श्वनाथ मंदिर, नूतन पार्श्वनाथ मंदिर एवं शांतिनाथ जी मंदिर होते हुए पुनः श्री त्रिस्तुतिक जैन पौषधशाला पहुंचा। भगवान महावीर स्वामी का पालना उठाने का लाभ श्री राजेंद्र सूरी जयानंद सूरी भक्त मंडल, महिदपुर द्वारा लिया गया।

## धूमधाम से मनाई भगवान रामदेव की जयंती बंजारा समाज ने निकाला जुलूस



**महिदपुर।** महिदपुर के मंडी प्रांगण से इस भव्य चल समारोह का शुभारंभ हुआ। बाबा रामदेव जी महाराज की आकर्षक झांकी के साथ शुरू हुआ यह जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। सिविल अस्पताल चौक, बाजार, और पुराना बस स्टैंड होते हुए यह भव्य जुलूस वापस कृषि उपज मंडी पहुंचा। इस दौरान पूरे रास्ते बाबा के जयकारों से पूरा महिदपुर नगर गुंजायमान रहा। बंजारा समाज सहित विभिन्न समाज के लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर इस चल समारोह का आत्मीय स्वागत किया। बैण्ड बाजों और डीजे की सुमधुर भजनों पर श्रद्धालु झूमते और थिरकते नजर आए। चल समारोह के कृषि उपज मंडी पहुंचने के बाद वहां एक विशाल धर्मसभा का आयोजन हुआ। इसके साथ ही महाप्रसादी का वितरण शुरू किया गया। इस भव्य प्रसादी वितरण कार्यक्रम में लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा का आशीर्वाद लिया और प्रसादी ग्रहण की। बंजारा समाज के वरिष्ठ जनों ने बताया कि बाबा रामदेव जी महाराज के प्रति नगर और आसपास के क्षेत्र में अगाध श्रद्धा है, और हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह जन्मोत्सव ऐतिहासिक रहा। मुख्य अतिथि बालुजी खिच्ची (जि.पं सदस्य) की और से 1 लाख 1 हजार सहयोग राशि दी गई।



## जहां जरूरत दिखी, वहीं तय हुई विकास की राह, 54 लाख के कामों का मौके पर निरीक्षण

### कहीं सीसी रोड तो कहीं नाली से मिलेगी राहत- नपाध्यक्ष

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

वार्ड में विकास की जरूरत सिर्फ फाइलों में देखकर नहीं, बल्कि मौके पर पहुंचकर तय की जाए, तो काम का फायदा सीधे लोगों तक पहुंचता है। इसी सोच के साथ नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल ने बीते दिन वार्ड 8 की अलग-अलग साइटों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के तहत करीब 54 लाख रुपए की लागत से होने वाले सीसी रोड और नाली निर्माण कार्यों की स्थिति मौके पर देखी और जहां जैसी जरूरत है, वहां उसी के अनुसार प्राथमिकताएं तय कीं। निरीक्षण के दौरान पार्षदों, नपा इंजीनियरों और ठेकेदार के साथ प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा की गई।

वार्ड 8 में प्रस्तावित कार्यों में राजेश झंकार के मकान से शास्त्री स्कूल तक, रमेश जोशी के मकान से प्रकाश तिवारी के मकान तक और पारीक मेडिकल से बालकृष्ण के मकान तक सीसी रोड निर्माण शामिल है। गुरुद्वारा कॉलोनी में एबी रोड से पाडल्या रोड तक सीसी रोड के साथ नाली तथा अस्पताल रोड स्थित भाजपा कार्यालय के पास भी नाली निर्माण कराया जाएगा। इन कार्यों से वार्ड में आवागमन बेहतर होने के साथ बारिश के दौरान पानी निकासी की समस्या में भी राहत मिलने की उम्मीद है। पालीवाल ने कहा कि विकास की प्राथमिकता वही होगी, जिसकी जरूरत लोगों को रोज महसूस होती है।

नपाध्यक्ष पालीवाल ने बताया कि राज्यमंत्री गौतम टेटवाल के सहयोग से मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के तहत इन कार्यों के लिए 54 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदार को निर्माण कार्य तय मापदंड और गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

# अभिभाषक करण के हाथों में राठौड़ समाज नवयुवक मंडल की कमान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

नगरीय राठौड़ समाज में युवाओं को समाजहित से जोड़ने और नवयुवक मंडल को नई दिशा देने की कवायद शुरू हो गई है। श्री सकल पंच क्षत्रिय राठौड़ समाज पारमार्थिक ट्रस्ट बड़नगर के ट्रस्ट मंडल की महत्वपूर्ण बैठक राठौड़ समाज धर्मशाला नयापुरा में आयोजित हुई। बैठक में समाज के नवयुवक मंडल के नेतृत्व को लेकर ट्रस्ट मंडल के सदस्यों के बीच विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से अभिभाषक संघ के अध्यक्ष करण रंजीत राठौड़ (जयसिंहपुरिया) को राठौड़ समाज बड़नगर नवयुवक मंडल की कमान सौंपी गई।



करण राठौड़ की नियुक्ति को समाज में युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी कि नवयुवक मंडल को सक्रिय करते हुए समाजहित, सामाजिक एकजुटता और रचनात्मक गतिविधियों को गति दी जाए। इसके लिए जल्द ही नवीन नवयुवक मंडल कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, ताकि युवाओं को जिम्मेदारियों से जोड़कर समाज के कार्यों को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सके। नवयुवक मंडल के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर करण राठौड़ का समाजजनों एवं नवयुवाओं द्वारा पुष्पमाला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत-अभिनंदन किया गया। उपस्थित समाजजनों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में राठौड़ समाज का नवयुवक मंडल सामाजिक सरोकारों और समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष नरेंद्र राठौड़, सचिव अरविंद राठौड़, उपाध्यक्ष बंशीलाल राठौड़ , उपाध्यक्ष ललित राठौड़, सदस्य राजेन्द्र कुमार, नारायण राठौड़, अशोक राठौड़ , निलेश (तन्नू) राठौड़, धर्मशाला प्रबंधक आशीष राठौड़, ओम राठौड़, अंकुश राठौड़ , अंकित राठौड़ सहित समाजजन उपस्थित थे। नवनियुक्त अध्यक्ष करण राठौड़ का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## वर्षा का आंकड़ा गत वर्ष के बराबर पहुंचने के करीब

**महिदपुर।** पिछले तीन दिनों की वर्षा में 54 मी. मी. वर्षा हुई है जिससे इस वर्ष की कुल वर्षा 666 मी. मी. हो गई है वर्षा का क्रम अभी चल रहा है। आज दिनांक तक गत वर्ष 719 मी. मी. वर्षा हुई थी। गत वर्ष के आंकड़े को छुने में 53 मी. मी. कम है। आशा है एक - दो दिन में आंकड़ा गत वर्ष तक पहुंच जावेगा।

## बाबा रामदेव की पूजा अर्चना के साथ चल समारोह निकला



**जगोटी ।** भादपद शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को बाबा रामदेव जी की भव्य शोभायात्रा व चल समारोह भांभी बाखल स्थित प्राचीन रामदेव मंदिर व चंद्रवंशी मौहल्ला रामदेवरा से नगर भ्रमण पर निकला, जिसका जगह जगह पूजा अर्चना की गई। दोनों मंदिरों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना करते हुए श्री फल व चूरमे का भोग लगाया गया।

# अवादा फाउंडेशन की पहल: 198 विद्यार्थियों को वितरित किए स्कूल बैग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने और पढ़ाई के प्रति उनका उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से अवादा फाउंडेशन द्वारा सुसनेर क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों में स्कूल बैग वितरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक विभिन्न विद्यालयों के 198 विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए जा चुके हैं।

इसी क्रम में शासकीय एकीकृत शाला हाई स्कूल देहरिया में कक्षा 1 से 5 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम में सुसनेर बीईओ मुकेश तिवारी, विद्यालय प्रभारी, अवादा फाउंडेशन के सीएसआर मैनेजर महेश कुमार माथुर, विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बीईओ मुकेश तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने की दिशा में सराहनीय पहल है। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए किया जा रहा यह सहयोग उनके मनोबल को बढ़ाने के साथ पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने में सहायक होगा।

इससे पूर्व अवादा फाउंडेशन द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय प्रथम, शासकीय प्राथमिक विद्यालय द्वितीय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय सेमली तथा शासकीय प्राथमिक विद्यालय डोंगरगांव के 168 विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए थे। देहरिया के विद्यार्थियों को शामिल करने के बाद अभियान के तहत अब तक कुल 198 विद्यार्थियों को स्कूल बैग प्रदान किए जा चुके हैं। विभिन्न विद्यालयों में आयोजित वितरण कार्यक्रमों में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, सरपंच प्रतिनिधि एवं स्थानीय प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।




अवादा फाउंडेशन की डायरेक्टर ऋतु पटवारी ने कहा कि शिक्षा समाज के सतत विकास की मजबूत नींव है। ग्रामीण एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए आवश्यक सहयोग और बेहतर अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। स्कूल बैग वितरण इसी दिशा में एक छोटा लेकिन सार्थक प्रयास है। फाउंडेशन द्वारा भविष्य में भी शिक्षा एवं समुदाय के समग्र विकास से जुड़ी गतिविधियां जारी रखी जाएंगी।

### बैग मिलने पर छात्रों के चेहरे पर खुशी

स्कूल बैग मिलने पर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और उत्साह नजर आया। विद्यालय प्रबंधन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने फाउंडेशन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री मिलने से उनमें पढ़ाई के प्रति रुचि और उत्साह बढ़ता है। अवादा फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षा, विद्यालय विकास एवं विद्यार्थियों के हित में सामाजिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

## महावीर स्वामी जन्म महोत्सव कल्पसूत्र वाचन के साथ सारंगपुर में उमडा भक्ति का सैलाब



**सारंगपुर।** श्री शांतिनाथ जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक श्री संघ, सारंगपुर के तत्वावधान में आयोजित पर्युषण पर्व के पांचवें दिन भगवान महावीर स्वामी का जन्मवाचन महोत्सव अत्यंत भक्ति भाव, उत्साह और उल्लास के साथ संपन्ना हुआ, जिससे संपूर्ण जिनालय परिसर भगवान महावीर के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस पावन अवसर पर भीवंडी से पधारे विशेष अतिथि श्रावक किनाल जैन, सिद्धार्थ जैन एवं पारसमल जैन ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कल्पसूत्र केवल भगवान महावीर स्वामी का जीवन चरित्र सुनाने वाला ग्रंथ नहीं है, बल्कि हर एक साधारण जीव को आत्म-पुरुषार्थ से महान बनाने का मार्गदर्शक है। उन्होंने जोर दिया कि असली जीत दूसरों को हराने में नहीं, बल्कि अपने क्रोध, अहंकार, लालच और मोह पर विजय पाने में है, और त्याग का अर्थ घर छोड़ना नहीं बल्कि दैनिक जीवन में मनमुटाव, घमंड व असीम इच्छाओं को छोड़ना है। वक्ताओं ने भगवान महावीर के अहिंसा, करुणा, दया, संयम और नम्रता के संदेश को रेखांकित करते हुए धर्म को केवल ग्रंथों तक सीमित न रखकर आचरण में उतारने का आह्वान किया।

# सोरायसिस के लक्षण बढ़ रहे हैं या बीमारी फैल रही है?

**सोरायसिस स्किन से जुड़ी बीमारी है, जिसका समय पर इलाज कराना बहुत जरूरी है, क्योंकि अगर यह स्किन पर फैलने लगती हैं, तो कई बार कंट्रोल करना मुश्किल हो जाता है। सोरायसिस में लोगों को अक्सर यह भी कंफ्यूजन रहती है कि यह बीमारी शरीर में फैल रही है या सिर्फ लक्षण ही बढ़ रहे हैं?**

सोरायसिस ऑटोइम्यून बीमारी है, जो स्किन पर बहुत तेजी से बढ़ती है। इस बीमारी में स्किन पर खुजलीदार लाल रंग के चकते बनने लगते हैं और उन पर चांदी जैसे रंग की सफेद पपड़ी जमने लगती है। यह बीमारी आमतौर पर घुटनों, कोहनियों, पेट, पीठ या सिर के स्कैल्प पर नजर आती है। अगर इसका समय पर इलाज न कराया जाए, तो रोजाना के काम करने में भी दिक्कत हो सकती है। जिन लोगों को सोरायसिस की समस्या होती है, उनके मन में अक्सर यह सवाल होता है कि क्या बीमारी फैल रही है या यह सिर्फ एक वस्त्र है? इस बारे में कॉस्मेटोलॉजिस्ट और त्वचा रोग विशेषज्ञ ने बताया कि हालांकि देखने में दोनों कंडीशन्स एक जैसी लगती है, लेकिन दोनों के मायने बिल्कुल अलग होते हैं। इसलिए दोनों के फर्क को जानना बहुत जरूरी है। सही पहचान होने पर ही इलाज करके बीमारी को कंट्रोल किया जा सकता है। पहले से मौजूद सोरायसिस कुछ समय के लिए ज्यादा एक्टिव हो गया है। इस दौरान पुराने लाल चकत्ते पहले से ज्यादा लाल , मोटे और खुजली वाले हो सकते हैं? इन पर सफेद या चांदी जैसी पपड़ी भी ज्यादा नजर आने लगती है। इसमें अच्छी बात यह होती है कि ऋंश्री-वस्त्र अक्सर कुछ समय के लिए ही होता है और अगर सही समय पर इलाज व ट्रिगर्स से बचाव हो जाए, तो स्किन फिर से नॉर्मल हो सकती है।



## सोरायसिस का फैलना

अगर सोरायसिस पहले से कोहनी या घुटनों पर है और अगर यह शरीर के दूसरे हिस्से जैसे सिर, चेहरा, पीठ, हथेलियों, पैरों या नाखूनों तक पहुंचने लगे, तो यह बीमारी के फैलने का संकेत हो सकता है। इसी तरह अगर स्किन पर नए चकत्ते बनने लगें या प्रभावित हिस्से का आकार लगातार बढ़ने लगे, तो इसे सिर्फ लक्षण बढ़ना ही नहीं माना जा सकता। ऐसी स्थिति इस बात का संकेत हो सकती है कि मौजूदा इलाज बीमारी को पूरी तरह कंट्रोल नहीं कर पा रहा है। ऐसे में डॉक्टर इलाज में बदलाव कर सकते हैं।

## सोरायसिस क्यों बढ़ता है?

सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि सोरायसिस की बीमारी छूने से नहीं फैलती। इस ऑटोइम्यून बीमारी में इम्यून सिस्टम जरूरत से ज्यादा एक्टिव हो जाता है और स्किन पर नई कोशिकाएं बहुत तेजी से बनने लगती हैं। पुरानी कोशिकाएं हटने से पहले ही नई कोशिकाएं जमा हो जाती हैं और मोटी पपड़ीदार परत बनने लगती है।



# गर्भनाल या प्लेसेंटा को कमजोर बना सकती हैं ये बुरी आदतें

**गर्भनाल एक अस्थायी अंग जरूर है, लेकिन प्रेग्नेंसी में भ्रूण के विकास के लिए यह सबसे जरूरी अंग हो जाता है। यही वह एकमात्र जरिया है जो मां के जरिए शिशु तक सभी आवश्यक पोषक तत्व, ऑक्सीजन पहुंचाता है और टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करता है। इसी से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि अगर प्रेग्नेंसी के सफर में प्लेसेंटा की एहमियत कितनी है। इस जर्नी में महिला को ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए, जो उनके गर्भनाल या प्लेसेंटा को कमजोर या नुकसान पहुंचा सकता है। क्या आप जानते हैं कि कई बार जाने-अनजाने गर्भावस्था में महिलाएं कुछ ऐसी आदतों को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बना लेती हैं, जो गर्भनाल को क्षति पहुंचा सकती हैं।**

## प्लेसेंटा को कमजोर बनाने वाली लाइफस्टाइल से जुड़ी बुरी आदतें

प्लेसेंटा को हेल्दी रखने के लिए जरूरी है कि आप अच्छी आदतें अपनाएं, लेकिन कुछ आदतें इसको नुकसान पहुंचा सकती हैं

## अतिरिक्त कैफीन का सेवन

कुछ महिलाओं को चाय या कॉफी पीना बहुत पसंद होता है। प्रेग्नेंसी में भी वे अपनी इस आदत में बदलाव नहीं करती हैं। क्या आप जानती हैं कि प्रेग्नेंसी में कैफीन का सेवन सीमित मात्रा में ही किया जाना चाहिए। साल 2021 में प्रकाशित मेडिकल जर्नल के अनुसार, एक महिला को प्रतिदिन दिन में 200 मिलीग्राम तक ही कैफीन का सेवन करना चाहिए। अगर वे इससे अधिक मात्रा में कैफीन का सेवन करती हैं, तो इससे ब्लड फ्लो बाधित हो सकता है, जिससे शिशु तक पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सप्लाई नहीं होती है और डिलीवरी के समय भी शिशु का वजन कम हो सकता है।

**खराब डाइट लेना-** प्रेग्नेंसी में अपनी डाइट के साथ किसी भी महिला को समझौता नहीं करना चाहिए। इससे सीधे-सीधे शिशु का विकास बाधित होता है। यहां तक कि खराब डाइट की वजह से शिशु को पर्याप्त पोषण नहीं मिलता है, जिससे उसको जन्मजात दोष होने का खतरा बढ़ जाता है।



## पर्याप्त पानी न पीना

हर व्यक्ति के लिए रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी पीना अनिवार्य होता है। कम पानी पीने से ब्लड फ्लो बाधित हो सकता है। इस लिहाज से देखा जाए, तो प्रेग्नेंसी में महिला को सामान्य लोगों की तुलना में अधिक मात्रा में पानी पीना चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करती हैं, तो इसकी वजह से उनकी बॉडी डिहाइड्रेट हो सकती है। ध्यान रखें कि डिहाइड्रेशन बॉडी के लिए सही नहीं है। क्लिनिकल रिसर्च स्टडी से पता चलता है कि गर्भावस्था में पानी की कमी का बच्चे के जन्म के समय वजन और लंबाई पर सीधा असर पड़ता है। यहां तक कि इसकी वजह से प्लेसेंटा पर भी बुरा असर पड़ता है। पानी की कमी प्लेसेंटा की कार्यक्षमता को प्रभावित करती है, जो कि शिशु के स्वास्थ्य के लिए बिल्कुल सही नहीं है।

## गर्भकालीन मधुमेह को कंट्रोल न करना

कई महिलाओं को प्रेग्नेंसी के दौरान जेस्टेशनल डायबिटीज हो जाता है, जिसे हम गर्भकालीन मधुमेह भी कहते हैं। प्रेग्नेंसी में मधुमेह को कंट्रोल किया जाना बहुत जरूरी होता है। अगर गर्भवती महिला अपने ब्लड शुगर के स्तर को लेकर सावधानी नहीं बरतती है, तो इसका प्रभाव भी गर्भनाल पर पड़ सकता है। जेस्टेशनल डायबिटीज होने पर गर्भनाल में सूजन, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस यानी कोशिकाओं को नुकसान होता है और ब्लड वेसल्स में बदलाव आने लगते हैं। वहीं, अगर प्रेग्नेंसी में महिला का शुगर का स्तर बढ़ा रहता है, तो इसकी वजह से गर्भनाल के सेल्स हाइपर-एक्टिव हो जाते हैं।




## भारत ने पीसीबी चीफ से फिर ट्रॉफी नहीं ली:फैंस ने चोर कहकर चिढ़ाया

# विमेंस एशिया कप में स्मृति-शेफाली का पार्टनरशिप रिकॉर्ड

एजेंसी ▸▸ अबुदाबी

भारत ने विमेंस एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका को 72 रन से हराकर 8वीं बार खिताब जीता। हालांकि, प्रेजेंटेशन सेरेमनी में टीम इंडिया ने एशियन क्रिकेट काउंसिल के प्रेसिडेंट और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चेयरमैन मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। इस दौरान फैंस ने नकवी को 'चोर' कहकर भी चिढ़ाया।

मोहसिन नकवी पाकिस्तान सरकार में गृह मंत्री भी हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के समय भारत विरोधी बयान दिए थे। इस वजह से 2025 में भारतीय पुरुष टीम ने उनके हाथों एशिया कप की ट्रॉफी नहीं ली थी। अब भारतीय विमेंस टीम ने उसी स्टैंड पर कायम रहते हुए नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। मैच में स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे बड़ी साझेदारी की। टीम इंडिया ने पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 32 छक्के लगाए।

भारत ने मोहसिन नकवी से ट्रॉफी और मेडल लेने से इनकार कर दिया। नकवी प्रेजेंटेशन सेरेमनी में मंच पर पहुंच गए थे। उन्होंने श्रीलंकाई टीम को मेडल दिए और कप्तान चमारी अटापट्टू को रनर-अप चेक भी दिया। बाद में प्रेजेंटेशन खत्म कर दिया गया।



## ट्रॉफी नहीं लेने का फैसला बीसीसीआई का

भारतीय महिला टीम के हेड कोच अमोल मजूमदार ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'ट्रॉफी नहीं लेने का फैसला बीसीसीआई ने लिया है और हम फैसले के साथ हैं। हमारे लिए यह टूर्नामेंट खत्म हो चुका है। हम चैंपियन हैं। हमारे लिए इतना ही काफी है। अब हमारा ध्यान एशियन गेम्स पर है। मुझे टीम के हर खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ पर गर्व है।' बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि भारतीय टीम नकवी से ट्रॉफी लेने के पक्ष में नहीं थी। बोर्ड ने प्रेजेंटेशन सेरेमनी के लिए दो विकल्प सुझाए थे। पहले विकल्प में एसीसी के डिप्टी चेयरमैन खालिद अल जरूनी को ट्रॉफी देने का प्रस्ताव था। दूसरे विकल्प में हाल की परंपरा के अनुसार विजेता बोर्ड के प्रतिनिधि से ट्रॉफी दिलाने की बात कही गई थी। नकवी को दोनों विकल्प मंजूर नहीं थे।

## वंदे मातरम से शुरू हुआ भारत-अफगान टी-20

**नई दिल्ली।** भारत ने पहले टी-20 में अफगानिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। रविवार को क्रिकेट में पहली बार वंदे मातरम गाया गया। टॉस के दौरान श्रेयस अय्यर ने अफगान कप्तान इब्राहिम जादरान को टीम इंडिया की जर्सी दी। भारतीय पेसर जसप्रीत बुमराह ने टी-20 में 350 विकेट पूरे किए। अभिषेक शर्मा ने 22 बॉल पर फिफ्टी लगाई।

## नैनो न्यूज

- **रयबाकिना बनीं नई नंबर वन-** कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना ने सबालेंका को हराकर यूएस ओपन खिताब जीता और पहली बार विश्व नंबर-एक बनीं।
- **सबालेंका का खिताबी सपना टूटा-** एलेना रयबाकिना ने तीन सेट के मुकाबले में आर्यना सबालेंका को हराकर उनका लगातार तीसरा यूएस ओपन खिताब जीतने का सपना तोड़ा।
- **ज्वेरेव शेल्टन फाइनल में भिड़ेंगे-** यूएस ओपन पुरुष एकल फाइनल में शीर्ष वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव और आठवीं वरीय बेन शेल्टन आमने-सामने होंगे।
- **शेल्टन रचेंगे इतिहास आज-** बेन शेल्टन यूएस ओपन खिताब जीतकर 2003 के बाद ग्रैंड स्लैम पुरुष एकल जीतने वाले पहले अमेरिकी बनने की कोशिश करेंगे।
- **प्रज्वल देव ने खिताब जीता-** भारत के एसडी प्रज्वल देव ने वियतनाम में अपना दूसरा एटीपी चैलेंजर युगल खिताब जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की।
- **बुमराह पर अफगानिस्तान नजरें-** अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 मुकाबले में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर सभी की निगाहें रहेंगी, जिनसे टीम को बड़ी उम्मीदें हैं।
- **सूर्यवंशी चयन पर बढ़ा रोमांच-** अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले में युवा वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन में विकेटकीपर बल्लेबाज के चयन को लेकर चर्चा जारी है।

# पाकिस्तान के 11 डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स कटे:स्लो ओवर रेट के लिए लगा जुर्माना, 50 प्रतिशत मैच फीस भी कटी

एजेंसी ▸▸ इंग्लैंड

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में स्लो ओवर रेट के लिए पाकिस्तान पर कार्रवाई हुई है। एजबेस्टन में खेले गए आखिरी टेस्ट में टीम के 11 डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स काटे गए हैं, जबकि पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर मैच फीस का 50% जुर्माना लगाया गया है। पाकिस्तान यह टेस्ट 8 विकेट से हार गया था।

एजबेस्टन टेस्ट की पहली पारी में पाकिस्तान ने 89 ओवर गेंदबाजी की थी। समय की छूट को ध्यान में रखने के बाद टीम को 11 ओवर कम पाया गया, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई।



पाकिस्तान का डब्ल्यूटीसी की मौजूदा साइकल में हर कम ओवर के लिए एक डब्ल्यूटीसी पॉइंट काटा गया है। यह कार्रवाई डब्ल्यूटीसी की प्लेइंग कंडीशंस के आर्टिकल 16.11.2 के तहत की गई है। वहीं, खिलाड़ियों पर हर कम ओवर के लिए मैच फीस का 5% जुर्माना लगाया गया है। यह डब्ल्यूटीसी कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.22 के तहत हुआ है।

हालांकि, नियमों के मुताबिक किसी खिलाड़ी पर एक मैच के लिए अधिकतम 50% मैच फीस का ही जुर्माना लगाया जा सकता है। पाकिस्तान 11 ओवर कम रहा, इसलिए 5% प्रति ओवर के हिसाब से जुर्माना 55% बनता था। लेकिन अधिकतम सीमा 50% होने के कारण खिलाड़ियों पर 50% मैच फीस का ही जुर्माना लगाया गया।

पाकिस्तान पहले ही डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे था। अब 4 सीरीज में 9 टेस्ट के बाद उसका पॉइंट्स परसेंटेज 4.63 हो गया है।


**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**मकान बेचना है**
शहर की मध्यस्थली डाबरी पीठा अखाड़े वाली गली (उज्जैन) में 1000 स्क्वायर फीट का मकान जिस स्थिति में है यथा स्थिति में बेचना है। दलाल बंधु भी आमंत्रित है।
संपर्क सूत्र
भारतसिंह चौहान
9406880595, 8989541154

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### मोतीनगर में विवाद के बाद दो पक्ष भिड़े, पांच घायल

**धार।** धार जिले के सागौर थाना क्षेत्र के मोतीनगर में रविवार को मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चले, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। घायलों को धार जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों में आशिक पिता मुस्ताक शाह, अज्जू पिता मुस्ताक शाह, फिरोज पिता मुस्ताक शाह, मुस्ताक पिता कमली शाह और अमीर पिता आशिक शाह शामिल हैं। सभी मोतीनगर सागौर के रहने वाले हैं। आशिक पिता मुस्ताक शाह (42), निवासी गौशाला के पास मोतीनगर की शिकायत पर सागौर पुलिस ने राऊफ पिता शमशुद्दीन, हानिफ पिता शमशुद्दीन, तोशिर, इरशाद उर्फ जापान, ईरफान पिता राऊफ शाह और रेहान पिता राऊफ शाह के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### आरओबी के डायवर्टेड रास्ते पर गड्ढे, कीचड़ और फिसलन

**धार।** इंदौर-दाहोद रेल परियोजना के तहत धार के नागदा-गुजरी मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज बन रहा है। इसके निर्माण के कारण यातायात को सुनारखेड़ी रोड के अंडरपास से मोड़ा गया था। वाहनों के लगातार दबाव से यह रास्ता अब खराब हो गया है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। सड़क पर कई जगह गड्ढे हो गए हैं। इसकी सतह उखड़ गई है और कीचड़ भी रहता है। बारिश में हालात और खराब हो जाते हैं, जिससे सड़क पर फिसलन बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां कई बार वाहन फिसलने की घटनाएं हुई हैं, खासकर दोपहिया वाहन चालकों को दिक्कत आती है। सुनारखेड़ी अंडरपास का यह रास्ता सिर्फ स्थानीय लोगों के लिए नहीं है। आसपास के 20 से ज्यादा गांवों के लोग इसी रास्ते से धार और मुख्य सड़क से जुड़ते हैं।

### चेकिंग के दौरान 72 बसों में से 33 में नियमों का उल्लंघन पाया

**धार।** धार जिले में परिवहन विभाग ने यात्री बसों की चेकिंग का अभियान चलाया। जेतपुरा, दसई, राजगढ़ और सरदारपुर इलाके में 72 बसों की जांच की गई। इनमें 33 बसों में नियमों का उल्लंघन मिला। विभाग ने इन बसों पर कुल 2 लाख 68 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया। कार्रवाई के दौरान तीन यात्री बसें भी जब्त की गईं। चेकिंग के दौरान बसों के परमिट, फिटनेस, बीमा और यात्रियों की संख्या की जांच की गई। इसके अलावा बसों में आग बुझाने वाले यंत्र समेत यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े जरूरी इंतजाम भी देखे गए। नियमों का उल्लंघन मिलने पर परिवहन विभाग की टीम ने मौके पर ही चालान काटे और जुर्माना लगाया।

### रानापुर-बामनिया में तेज रफ्तार बाइकर्स पर कार्रवाई



**एक घंटे में 12 बाइकर्स के चालान, मॉडिफाइड बाइक और स्टंट पर पुलिस की सख्ती**

**झाबुआ।** झाबुआ के रानापुर और बामनिया में सोमवार को तेज रफ्तार और मॉडिफाइड बाइक चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की। रानापुर में एक घंटे के अभियान के दौरान 12 बाइकर्स को पकड़ा गया और चालान किए गए। बामनिया में भी मुख्य चौराहे पर तेज रफ्तार बाइकर्स के खिलाफ कार्रवाई की गई। रानापुर पुलिस ने नगर के दो व्यस्त चौराहों पर अभियान चलाया। थाना प्रभारी केसी सीरवी के मुताबिक यह कार्रवाई ऑपरेशन मर्यादा के तहत की गई है। पकड़ी गई बाइकों को थाने लाया गया। पुलिस के अनुसार हाल की शांति समिति की बैठकों में तेज रफ्तार बाइकर्स और स्टंटबाजी का मुद्दा सामने आया था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज की है। मॉडिफाइड बाइक और साइलेंसर इस्तेमाल करने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। कार्रवाई के दौरान कुछ बाइकर्स वाहन छुड़ाने के लिए पुलिस से मिन्नतें करते दिखे। पुलिस के मुताबिक कुछ लोगों ने परिचितों से फोन भी करवाए, लेकिन नियमों के तहत कार्रवाई की गई और किसी की सिफारिश नहीं मानी गई।

## नैनो न्यूज

- **त्योहार से बाजार में रौनक-** गणेश चतुर्थी को लेकर इंदौर के बाजारों में पूजन सामग्री, सजावटी सामान और मिठाइयों की खरीदारी बढ़ी, कारोबारियों को अच्छे कारोबार की उम्मीद।
- **सोना-चांदी में नरमी दिखी-** गणेश चतुर्थी के बीच इंदौर सराफा बाजार में सोने-चांदी के भाव में नरमी से ग्राहकों की खरीदारी बढ़ने की संभावना बनी।
- **मंडी में प्याज आवक जारी-** इंदौर मंडी में प्याज की आवक और कारोबार जारी रहा। व्यापारियों की नजर आवक, मांग और स्थानीय बाजार के भाव पर रही।
- **मिठाई कारोबार को मिला सहारा-** गणेश उत्सव के कारण मिठाई, ड्रायफ्रूट और नमकीन कारोबारियों को ग्राहकों से बेहतर मांग मिलने की उम्मीद बनी हुई है।
- **कपड़ा बाजार में बढ़ी हलचल-** त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ इंदौर के कपड़ा बाजार में ग्राहकी बढ़ी है। दुकानदारों ने नए स्टॉक की तैयारी तेज की।
- **पूजन सामग्री की बिक्री बढ़ी-** गणेश स्थापना को लेकर फूल, पूजा सामग्री, सजावट और प्रतिमाओं की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने से कारोबार सक्रिय हुआ।
- **खाद्य बाजार में मांग बढ़ी-** त्योहारों के चलते खाद्य सामग्री, मिठाई और नमकीन की मांग बढ़ी। थोक बाजारों में दुकानदारों ने अतिरिक्त माल मंगाना शुरू किया।
- **होटल कारोबार में बढ़ी ग्राहकी-** त्योहारी गतिविधियों और शहर में बढ़ी आवाजाही का असर होटल और रेस्टोरेंट कारोबार पर दिखाई दिया।

हर प्रतिमा की अलग कहानी, कोई यात्रा याद दिलाती है; तो कोई कलाकार की

# इंदौर में एक घर ऐसा, जहां पांच हजार से ज्यादा गणपति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में एक घर ऐसा है, जहां 5 हजार से ज्यादा गणेश प्रतिमाएं एक ही छत के नीचे मौजूद हैं। बंगाली चौराहे के पास रहने वाले सीए राजकुमार शाह ने करीब दो दशक में यह कलेक्शन तैयार किया है। दरवाजे से लेकर कमरों और हॉल तक गणेशजी के अलग-अलग रूप नजर आते हैं। किसी के हाथ में किताब है, कोई वकील की वेशभूषा में है, तो कहीं गणेशजी क्रिकेट खेलते और लैपटॉप चलाते दिखाई देते हैं। कोई नृत्य करता दिखता है तो कोई शतरंज खेलता है। कुछ प्रतिमाओं में गणेशजी के हाथ में वाद्य यंत्र हैं।

आकार, मुद्रा, भाव और बनाने के तरीके में इतनी विविधता है कि एक जैसी दो प्रतिमाएं तलाशना मुश्किल है। खास बात यह है कि हर प्रतिमा के पीछे कोई न कोई कहानी, यात्रा,



कलाकार की याद जुड़ी है। राजकुमार शाह ने बताया कि गणेश प्रतिमाओं का संग्रह अचानक शुरू नहीं हुआ। पहले वे गणेशजी वाले ग्रीटिंग कार्ड जमा करते थे। धीरे-धीरे रुचि प्रतिमाओं की ओर बढ़ी और वर्ष 2003 से अलग-अलग जगहों से गणेशजी के अनोखे रूप जुटाना शुरू किया। करीब दो दशकों में यह शौक 5 हजार से ज्यादा प्रतिमाओं के संग्रह में बदल गया। अब कहीं भी कोई अनोखी गणेश प्रतिमा दिखाई देती है तो उसे अपने कलेक्शन में शामिल करने की इच्छा होती है।

### सब्जी, नारियल से लेकर सोने तक के गणेश

संग्रह की खासियत सिर्फ प्रतिमाओं की संख्या नहीं है। इन्हें बनाने में भी अलग-अलग चीजों का इस्तेमाल किया गया है। यहां सब्जियों और नारियल से बनी प्रतिमाओं के साथ मिट्टी, लकड़ी, सिरेमिक, धातु और अष्टधातु की गणेश प्रतिमाएं भी हैं। पीपल के पत्ते पर बने सोने के गणेश और अमेरिकन डायमंड से सजी गणेश कलाकृतियां भी संग्रह का हिस्सा हैं। कुछ प्रतिमाएं पारंपरिक स्वरूप में हैं तो कुछ में गणेशजी को आधुनिक जीवन से जोड़ा गया है। कहीं गणेशजी वाद्य यंत्र बजाते हैं तो कहीं क्रिकेट खेलते नजर आते हैं। अलग-अलग प्रतिमाओं में कला, कल्पना और अलग-अलग संस्कृतियों की झलक भी दिखाई देती है।

### महाराष्ट्र से इंडोनेशिया-थाईलैंड तक का कलेक्शन

राजकुमार जहां भी जाते हैं, वहां गणेश प्रतिमा की तलाश करते हैं। उनके संग्रह में देश के अलग-अलग हिस्सों की प्रतिमाओं के साथ इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड से लाई गई गणेश प्रतिमाएं भी हैं। महाराष्ट्र की गणेश प्रतिमाओं का कलेक्शन खास तौर पर बड़ा है। इसके अलावा अलग-अलग कलाकारों की हाथ से बनाई गई प्रतिमाएं भी उन्होंने संभालकर रखी हैं। अलग-अलग जगहों पर गणेशजी को अलग तरीके से दिखाया गया है और राजकुमार ने इस विविधता को अपने संग्रह में जगह दी है।

बीजेपी अध्यक्ष के 3 कार्यक्रम : आरएसएस चीफ स्वयंसेवकों से करेंगे बात, छात्रों की गूंज प्रोग्राम में पेंच

# राहुल गांधी से पहले मप्र आएंगे नितिन नबीन-मोहन भागवत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन 17 सितंबर को मप्र आएंगे। नबीन के लिए मंदसौर, इंदौर और उज्जैन में तीन कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। इनमें स्वामित्व योजना की शुरूआत, गांधी सागर में चीतों को छोड़ना और उज्जैन में 25 लाख दीपों का दीपोत्सव शामिल है।

इसी दौरान आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत 17-18 सितंबर को उज्जैन में रहेंगे। वे स्वयंसेवकों को संबोधित करने के साथ 18 सितंबर को युवा धर्म संसद में युवाओं से संवाद करेंगे। नबीन और भागवत की मुलाकात की संभावना भी है। 19 सितंबर को इंदौर में राहुल गांधी का छात्रों की गूंज कार्यक्रम प्रस्तावित है। इससे पहले भाजपा भी युवाओं और कार्यकर्ताओं का बड़ा आयोजन करने की तैयारी में है। इसके लिए कई स्थानों पर मंथन चल रहा है। हालांकि, राहुल के कार्यक्रम के लिए



अभी तक मैदान नहीं मिला है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नबीन के पहले मध्य प्रदेश दौरे को लेकर केंद्रीय नेतृत्व को तीन प्रमुख कार्यक्रमों का प्रस्ताव भेजा गया है। इनमें इंदौर, मंदसौर और उज्जैन शामिल हैं। इंदौर में ग्रामीण क्षेत्रों की आवासीय भूमि की फ्री रजिस्ट्री से जुड़ी स्वामित्व योजना शुरू की जा सकती है। इसका उद्देश्य ग्रामीण आबादी को उनकी जमीन का मालिकाना हक देना है। प्रदेश में करीब 50 लाख लोगों को इस सुविधा का लाभ देने का लक्ष्य है। योजना की शुरूआत नितिन नबीन के हाथों कराने का प्रस्ताव केंद्रीय नेतृत्व को भेजा गया है।

### 17-18 सितंबर को उज्जैन में रहेंगे भागवत

आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत 17 और 18 सितंबर को उज्जैन में रहेंगे। 17 सितंबर को वे अरविंद नगर स्थित महाकाल परिसर में उज्जैन महानगर के स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों, कार्य विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की संभावना है। 18 सितंबर को सुबह 11 बजे वे देवास रोड स्थित गीता भवन में सेवाज्ञ संस्थानम् की युवा धर्म संसद में युवाओं को संबोधित करेंगे। राष्ट्र, समाज, संस्कृति और युवाओं की भूमिका पर संवाद की संभावना है। उनके आराधना भवन जाने की भी चर्चा है। नितिन नबीन से मुलाकात की संभावना है, लेकिन अभी कोई आधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है।
राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर इंदौर में तैयारियां जारी हैं। कार्यक्रम पहले 12 सितंबर को होना था, लेकिन अनुमति नहीं मिलने से तारीख बढ़ाकर 19 सितंबर कर दी गई। कांग्रेस को नेहरू स्टेडियम की अनुमति नहीं मिली, जिसके बाद रीजनल पार्क के सामने आईडीए मैदान चुना गया है।

### अभयारण्य में चीतों को छोड़ने का कार्यक्रम

मंदसौर के गांधी सागर अभयारण्य में चीतों को छोड़ने का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू होने वाले भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के तहत होगा। इसमें नितिन नबीन के शामिल होने की संभावना है, लेकिन तारीख और समय पर अंतिम फैसला होना बाकी है। उज्जैन में 17 सितंबर से सेवा संकल्प अभियान के तहत बड़ा दीपोत्सव होगा। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन और सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे होने के अवसर पर क्षिप्रा नदी के घाटों और महाकाल लोक क्षेत्र में करीब 25 लाख दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। नितिन नबीन के इसमें शामिल होने की संभावना है।

# पालतू डॉग एनी को फ्लाइट से इंदौर लेकर पहुंची बेथनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अपनी 9 साल की पालतू डॉग एनी की आंखों की रोशनी बचाने के लिए अमेरिका की नागरिक बेथनी एन हॉपकिंस उसे लेकर श्रीलंका से इंदौर पहुंचीं।

एनी को दोनों आंखों में मोतियाबिंद था। आंखों के लेंस में सफेदी आने के कारण उसकी दिखाई देने की क्षमता लगातार कम हो रही थी। श्रीलंका में करीब 5-6 महीने इलाज कराने के बाद भी जब उसकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो बेथनी ने विशेषज्ञ की तलाश शुरू की। ऑनलाइन कंसल्टेशन के जरिए उन्हें इंदौर में पेट्स की आंखों की सर्जरी करने वाले विशेषज्ञ के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने एनी का इलाज भारत में कराने का फैसला किया। एनी की कैटरैक्ट सर्जरी हो चुकी है। सर्जरी के बाद उसकी आंखों की स्थिति पर निगरानी



रखी जा रही है। एनी को ऑपरेशन के बाद करीब 10-15 दिन इंदौर में रखा जाएगा, ताकि रिकवरी और विजन में सुधार की नियमित जांच की जा सके। वेटरनरी सर्जन एवं प्रैक्टिसिंग ऑप्थेल्मोलॉजिस्ट डॉ. नरेंद्र चौहान के मुताबिक, एनी का श्रीलंका में पिछले 5-6 महीनों से इलाज चल रहा था। इलाज के बावजूद जब उसकी आंखों की समस्या दूर नहीं हुई तो उसके मालिकों ने ऑनलाइन कंसल्टेशन लिया। जांच और परामर्श के बाद उन्हें बताया गया कि मोतियाबिंद का समाधान सर्जरी से ही संभव है।

## पेंटर को कार ने मारी टक्कर इलाज के दौरान मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

खजराना गणेश मंदिर परिसर में रविवार दोपहर एक हादसे में 46 वर्षीय पेंटर अरुण नागले की मौत हो गई। भोजनशाला के पास पैदल जा रहे अरुण को एक कार ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक वाहन लेकर मौके से चला गया। छोटी ग्वालटोली निवासी अरुण (पिता लक्ष्मीनारायण नागले) पेशे से पेंटर थे। वे खजराना क्षेत्र में काम करने गए थे और भोजन लेने के बाद पैदल परिसर से निकल रहे थे, तभी कार ने उन्हें टक्कर मार दी।

हादसे के बाद परिसर के सुरक्षा गार्ड ने अरुण को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल भेजा। घटना के करीब दो घंटे बाद उनके परिवार को हादसे की जानकारी मिली। इलाज के दौरान अरुण की मौत हो गई।

खजराना थाना पुलिस ने अरुण की मौत के मामले में मर्ग कायम किया है। पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है। अरुण के परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। इधर, सुपर कॉरिडोर पर ढाई महीने पहले हुए हादसे में घायल 25 वर्षीय अंकित की भी रविवार देर रात मौत हो गई। बाणगंगा पुलिस के अनुसार, कुशवाह नगर निवासी अंकित पिता रामलाल लोधी एक निजी कंपनी में काम करते थे।

## बिस्तर पर मिला 11वीं के छात्र का शव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एमआईजी थाना क्षेत्र स्थित नया बसेरा में रविवार देर शाम 11वीं कक्षा के छात्र उदय खोकरे (16) का शव घर में बिस्तर पर मिला। उसके गले में फंदा बंधा हुआ था। पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए उसके पिता विजय को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है।

रविवार शाम उदय की बड़ी बहन आयुषी काम से घर लौटीं तो दरवाजा अटका हुआ था। अंदर जाने पर उन्होंने देखा कि उदय कमरे में बिस्तर पर अचेत पड़ा था और उसके गले में फंदा बंधा था। आयुषी ने मां और बड़े भाई को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। एमआईजी पुलिस ने रविवार रात उदय की मौत के मामले में मर्ग कायम किया है। परिजनों के मुताबिक, उदय चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था। रविवार शाम उसकी बड़ी बहन ने उससे बाहर घूमने चलने के लिए कहा था, लेकिन उदय ने दो दिन बाद टेस्ट होने और पढ़ाई करने की बात कहकर जाने से इनकार कर दिया था। परिवार में मां, बड़ा भाई और सबसे बड़ी बहन आयुषी काम पर जाते हैं। रविवार को सभी घर से बाहर थे। उदय के दोस्तों ने पुलिस को बताया कि वह पिछले दो दिनों से इंस्टाग्राम स्टोरी पर सैड स्टोरी यानी उदास पोस्ट शेयर कर रहा था। पुलिस आत्महत्या के एंगल से भी मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल पर फंदा निकला हुआ मिलने और दरवाजा अटका होने से पुलिस ने मामले को संदिग्ध माना। इसके बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए गए। इसमें उदय के पिता विजय घर से बाहर निकलते दिखाई दिए। पुलिस ने विजय को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

# फ्लैट के नाम पर लोगों से रुपए ठगे

## महिला ने 3 लोगों से किया सौदा, बैंक का लोन भी बकाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया में एक महिला के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। महिला ने फ्लैट दिलाने के नाम पर लोगों से लाखों रुपए ठग लिए थे। पुलिस ने जांच के बाद सोमवार को मामले में एफआईआर दर्ज की।

लसूड़िया पुलिस ने रवि साहू, मनीषा मिश्रा और राजेंद्र की शिकायत पर साईं प्राइड होम कॉलोनी निवासी पूजा रामसिंह ठाकुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पूजा ने फ्लैट बेचने के नाम पर आवेदकों से अलग-अलग रुपए लेने के बाद उनके साथ अलग-अलग एग्रीमेंट कर दिए थे।

पुलिस की जांच में सामने आया कि पूजा ने रवि, मनीषा और राजेंद्र ठाकुर से रुपए लिए थे। इसमें मनीषा से 5 लाख रुपए, रवि से 2 लाख और राजेंद्र से भी 2 लाख रुपए लिए गए थे।

वहीं, पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि पूजा ने बैंक से 17 लाख रुपए का लोन लिया था। उसके 15 लाख रुपए बाकी रहते हुए भी उसने तीन अलग-अलग लोगों को उस फ्लैट का सौदा कर दिया था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने पूरे मामले की जांच की। इसके बाद पूजा सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में एफआईआर दर्ज की गई।

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

# होटल में ब्यूटीशियन ने पहले से फंदा तैयार रखा था

## कारोबारी बॉयफ्रेंड बोला- बीयर पीकर सामने बैठी थी मुझे पहले ऐसा लगा जैसे डरा रही है, लेकिन अचानक झूली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सोनिला ने पहले से फंदा तैयार कर रखा था और उसके सामने बैठी थी। वह मुझे पहले भी इस तरह डराती रही थी, इसलिए मुझे लगा कि इस बार भी वह ऐसा ही कर रही है।

कारोबारी दीपक खंडेलवाल ने पुलिस को बताया कि सोनिला पहले से होटल में थी। कमरा उसी ने बुक किया था और वह अपने साथ बीयर लेकर आई थी।

जब मैंने कमरे का दरवाजा खटखटाया तो सोनिला ने मुझे देखकर दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद मैं धक्का देकर कमरे में दाखिल हुआ। हम दोनों के बीच कुछ देर बहस हुई। वह अचानक फंदे पर लटक गई।

**दीपक भी कमरा नंबर 101 में रुका था-** सोनिला का शव बुधवार को तिलक नगर के एलेक्स होटल के कमरा नंबर 101 में मिला था। उसके साथ रुका दीपक खंडेलवाल सस्पेक्टेड था और घटना के बाद से गायब था।

पुलिस जब उसकी पत्नी और बच्चों को थाने ले आई तो दीपक ने शुक्रवार को सरेंडर किया। उसने पुलिस को फोन कर अपनी लोकेशन बताई थी। पुलिस ने उसे बायपास से हिरासत में लिया था। बाद में एफआईआर दर्ज की गई।



### बोला- मैं घबरा गया, उसे उतार नहीं पा रहा था

दीपक के मुताबिक वह नशे में था और घबरा गया। वह सोनिला को ठीक से नीचे नहीं उतार पाया। इसके बाद वह होटल से नीचे गया और कर्मचारियों को ऊपर लेकर आया। होटल स्टाफ की मदद से सोनिला को कार में अस्पताल ले जाया गया। दीपक ने पुलिस को बताया कि बातचीत के दौरान सोनिला अचानक फंदे पर लटक गई। उसका शरीर अचानक नीचे आ गया। दीपक के मुताबिक वह नशे में था और घबरा गया। वह उसे ठीक से नीचे नहीं उतार पाया। शुरूआती जांच में जहर खाने की आशंका भी सामने आई थी। पोस्टमॉर्टम के बाद फंदे से मौत का एंगल सामने आया। पुलिस ने विसरा भी जांच के लिए भेजा है।

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com